सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 19 अगस्त , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 223, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 676 अंकों की उछाल

कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली के चलते सेंसेक्स 676 .09 अंक बढ़कर 81,273 .75 अंक पर बंद हुआ। } 14

बदलाव के अगले 100-दिन के एजेंडा पर काम जारी : गोयल

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि उनका मंत्रालय देश की आर्थिक वृद्धि को और तेज करने के लिए बदलाव के अगले 100-दिवसीय एजेंडा पर काम कर रहा है। } 14

भारत-चीन संबंधों में जल्द आयेगा सुधार

एस. जयशंकर ने चीनी विदेशमंत्री वांग यी से कई अहम मुद्दों पर की चर्चा

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को अपने चीनी समकक्ष वांग यी को बताया कि भारत-चीन संबंधों को आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हित के सिद्धांत से निर्देशित होना चाहिए। चीनी विदेश मंत्री के दो दिवसीय दौरे पर दिल्ली पहुंचने के तुरंत बाद जयशंकर ने वांग के साथ बातचीत की। बैठक में अपनी शुरुआती टिप्पणी में विदेश मंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि दोनों देशों के बीच मतभेद विवाद नहीं बनने चाहिए।

जयशंकर ने कहा यह अवसर हमें मिलने और अपने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करने का मौका प्रदान करता है। यह वैश्विक स्थिति और आपसी हितों के कुछ मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का भी उपयुक्त समय है। उन्होंने कहा हमारे संबंधों में एक कठिन दौर देखने के बाद, अब दोनों देश आगे बढ़ना चाहते हैं। इसके लिए दोनों पक्षों की ओर से एक स्पष्ट और रचनात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। विदेश मंत्री ने कहा, इस कोशिश में इस प्रयास में, हमें तीन परस्पर सिद्धांतों ...शेष पृष्ठ 14 पर

प्रधानमंत्री मोदी से अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने की मुलाकात

शुक्ला ने प्रधानमंत्री को एक्सिओम-4 मिशन का मिशन पैच और अंतरिक्ष से ली गयीं तस्वीरें भेंट की

एजेंसी

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सोमवार को मुलाकात की। शुभांशु शुक्ला 25 जून 2025 को एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरिक्ष में गए थे। वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 18 दिन रहे और 15 जुलाई को वापस लौटे।

शुक्ला ने प्रधानमंत्री से लोक कल्याण मार्ग स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। मोदी ने इसरो अंतरिक्ष यात्री की जैकेट पहने शुक्ला का गर्मजोशी से गले लगाकर स्वागत किया और उनके कंधे पर हाथ रखकर उनके साथ चले। शुक्ला ने प्रधानमंत्री को एक्सिओम-4 मिशन का मिशन पैच भी भेंट किया। लखनऊ में जन्मे अंतरिक्ष यात्री ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से ली गई तस्वीरें भी मोदी के साथ साझा कीं। शुक्ला एक्सिओम-4 निजी अंतरिक्ष मिशन का हिस्सा थे जो 25 जून को फ्लोरिडा से रवाना हुआ था और 26 जून को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचा था। शुक्ला रविवार को भारत लौट आये। तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों-पैगी व्हिटसन (अमेरिका), स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीवस्की (पोलैंड) और टिबोर कापू (हंगरी) के साथ शुक्ला ने 18 दिवसीय मिशन के दौरान कई प्रयोग किए।

पुतिन ने मोदी से फोन पर की वार्ता

नयी दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन किया और यूक्रेन युद्ध समाप्त करने को लेकर अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी।

पुतिन ने अमेरिकी राज्य अलास्का में ट्रंप के साथ हुई बातचीत के तीन दिन बाद प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया। अलास्का शिखर सम्मेलन यूक्रेन युद्ध रोकने पर किसी सहमति के बिना समाप्त हुआ। फोन पर बातचीत के बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने लगातार यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया है और वह इस संबंध में सभी प्रयासों का समर्थन करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में कहा, मेरे मित्र, राष्ट्रपति पुतिन को धन्यवाद, फोन कॉल के लिए और अलास्का में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ अपनी हालिया बैठक की अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए। भारत ने यूक्रेन संघर्ष ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

बाढ़ राहत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को मथुरा में बाढ़ राहत को लेकर जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों में तेजी लाई जाए। साथ ही निर्देश दिए हैं कि राहत कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। मुख्यमंत्री सोमवार को अपने आवास पर उच्चाधिकारियों के साथ बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ के समय राहत और बचाव के लिए बेहतर कोऑर्डिनेशन और क्विक एक्शन जरूरी है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम को 24 घंटे सातों दिन काम करना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया की बाढ़ राहत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को संभव मदद मिले। उन्होंने कहा कि बाढ़ के बीच बीमारियां बढ़ती हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि राहत शिविरों के लिए स्वास्थ्य टीम गठित करें और पशुओं का भी ध्यान रखें।

सेना के जवान से मारपीट के मामले में छह गिरफ्तार

मेरठ। जिले में ड्यूटी पर जा रहे सेना के एक जवान से टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने मारपीट कर दी। इस घटना की सूचना मिलने पर सैकड़ों ग्रामीणों ने टोल प्लाजा घेर लिया और मारपीट के दोषी टोलकर्मियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा और विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने समझा-बुझाकर किसी तरह मामले को शांत कराने की कोशिश की लेकिन ग्रामीण सेना के जवान के साथ हुए इस अपमानजनक व्यवहार से खफा हैं और दोषियों पर कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं। पुलिस ने इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना रविवार को सरूरपुर इलाके के भूनी टोल प्लाजा पर उस वक्त हुई, जब गोटका गांव के निवासी कपिल छुट्टी के बाद ड्यूटी पर लौट रहे थे।

अब 24 से 48 घंटों में दबोचे जा रहे अपराधी

❍ 2017 से पहले अपराधियों को पकड़ने में लग जाते थे वर्षों : योगी ❍ जल्द होगी साइबर मुख्यालय की स्थापना

विशेष संवाददाता

लखनऊ। भारतीय परंपरा में जब भी मंथन हुआ है, उससे कोई ना कोई अमृत जरूर निकला है। यह वैदिक काल से चली आ रही परंपरा है और इन परंपराओं के परिणाम स्वरूप ही हम देश में चार प्रमुख कुंभ स्थानों पर आयोजन देखते हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज के तीसरे स्थापना दिवस पर साइबर युद्ध के आयाम, बहुपक्षीय कानूनी ढांचे, फॉरेंसिक और रणनीतिक प्रतिकार विषय पर आयोजित तीन दिवसीय इंटरनेशनल समिट के उद्घाटन में कही। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पद्मश्री डॉ. लालजी सिंह एडवांस्ड डीएनए डायग्नोस्टिक सेंटर, एआई, ड्रोन और रोबोटिक्स लैब, अटल पुस्तकालय का उद्घाटन किया। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को स्मार्ट टैबलेट वितरित किया। इसके अलावा 75 मोबाइल फॉरेंसिक वैन का फ्लैग ऑफ किया।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय संस्कृति ने हमेशा ज्ञान के लिए सभी रास्तों को खोलने का समर्थन किया है। भारतीय संस्कृति का मानना है कि समय के साथ अपने आप को विकसित और तैयार करना अनिवार्य है। वर्ष 2017 से पहले अपराधियों को पकड़ने में सालों लग जाते थे, लेकिन अब 24 से 48 घंटों के भीतर अपराधियों को पकड़ लिया जाता है। इस बदलाव की मुख्य वजह टेक्नोलॉजी और ...शेष पृष्ठ 14 पर

हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को मिलेंगी और बेहतर सुविधाएं : मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई), लखनऊ में एसबीआई फाउंडेशन आईसीयू प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। यह प्रोजेक्ट सलोनी हार्ट सेंटर में संचालित होगा, जो बच्चों की जन्मजात हृदय बीमारियों के उपचार के लिए समर्पित है। इस अवसर पर एसबीआई फाउंडेशन ने लगभग 10 करोड़ रुपये का सहयोग प्रदान किया। इस राशि से सेंटर को आधुनिक उपकरणों और आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बच्चों के हृदय रोगों के लिए उच्चस्तरीय उपचार सुविधा की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही ...शेष पृष्ठ 14 पर

एसआईआर के खिलाफ विपक्ष का प्रदर्शन

संसद ने भारतीय पत्तन विधेयक-2025 को दी मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ सोमवार को संसद भवन परिसर में विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) के घटक दलों के सदस्यों ने प्रदर्शन किया।

संसद ने सोमवार को बंदरगाह क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों वाले भारतीय पत्तन विधेयक, 2025 को मंजूरी दे दी तथा केंद्रीय पत्तन परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य को पाने में बंदरगाह क्षेत्र के योगदान को बढ़ाने में इस प्रस्तावित कानून की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। राज्यसभा में इस विधेयक पर चर्चा और मंत्री सोनोवाल के जवाब के बाद इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। चर्चा के दौरान कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों के सदस्य उच्च सदन में मौजूद नहीं थे। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है। विधेयक के पारित होने के बाद सदन की बैठक अपराह्न चार बजकर 15 मिनट पर दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी। राज्यसभा में विपक्ष के नेता ...शेष पृष्ठ 14 पर

यूपी : सड़क हादसों में तीन की मौत

लखनऊ। नोएडा और चंदौली जिले में हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में दो कंपनी प्रतिनिधियों (डिलीवरी बॉय) की मौत हो गई। घटना रविवार रात राष्ट्रीय राजमार्ग-91 पर नई बस्ती गांव के मोड़ पर उस वक्त हुई, जब मोटरसाइकिल पर सवार दो कंपनी प्रतिनिधियों को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर निवासी अंकित और बिहार के सीतामढ़ी निवासी राकेश के रूप में हुई है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं चंदौली में एक पिकअप ...शेष पृष्ठ 14 पर

उत्तराखंड विधानसभा का मानसून सत्र आज से

पक्ष-विपक्ष में घमासान के आसार, सरकार से पूछे जायेंगे 545 प्रश्न

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण (भराड़ीसैंण) 19 अगस्त से चार दिवसीय विधानसभा सत्र की मेजबानी करने जा रही है। 22 अगस्त तक चलने वाले इस सत्र की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भराड़ीसैंण पहुंचे, जहां जिलाधिकारी संदीप तिवारी और पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पुलिस ने मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया।

इस मानसून सत्र में कुल 545 प्रश्न सदन में रखे जाएंगे। विपक्ष ने संकेत दिया है कि वह आपदा राहत, पुनर्वास और जनहित के मुद्दों पर सरकार को कटघरे में खड़ा करेगा। उधर सरकार का दावा है कि सत्र सुचारु संचालन के लिए सभी इंतजाम मुकम्मल कर लिये गये हैं। प्रदेश इन दिनों लगातार बारिश और भूस्खलन की मार झेल रहा है। कई जिलों में भारी नुकसान हुआ है। उम्मीद है कि विधायक आपदा प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास व राहत कार्यों को लेकर सरकार से जवाब मांगें। गैरसैंण सत्र के दौरान मौसम सरकार और ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम : 34.06 डिसे.
न्यूनतम : 28.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- विकसित यूपी संकल्पना को व्यापकता : महाना (पृष्ठ-02)
- बहराइच के कारिकोट को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय सम्मान (पृष्ठ-02)
- रुपया 23 पैसे की बढ़त के साथ 87.36 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)
- बदलाव के बाद 18 प्रतिशत कर स्लैब का बना रहेगा (पृष्ठ-14)
- पीएम विकसित भारत रोजगार योजना पोर्टल जारी (पृष्ठ-14)

विशेष ख़बर तीन दिन से लगातार हो रही बारिश से कई इलाकों में सड़कों पर जलभराव, जनजीवन अस्त-व्यस्त

भारी बारिश से पानी-पानी हुई मुम्बई, रेड अलर्ट जारी, स्कूल-कॉलेज हुए बंद

एजेंसी

मुंबई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को मुंबई और आसपास के इलाकों में कुछ जगहों पर अत्यधिक भारी बारिश का पूर्वानुमान जताते हुए रेड अलर्ट जारी किया, जिसके बाद महानगर के सभी स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

बृहन्मुंबई महानगर पालिक (बीएमसी) ने भी लोगों से अपील की है कि वे केवल आवश्यक कार्य के लिए ही घरों से बाहर निकलें। सोमवार को लगातार तीसरे दिन हुई भारी बारिश के बाद कई इलाकों में सड़कों पर जलभराव हो गया। भारी बारिश के बाद विभिन्न इलाकों की सड़कों पर पानी भर गया। अंधेरी सबवे, लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स जैसे कुछ निचले इलाकों में कहीं-कहीं पानी जमा हो गया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। अधिकारियों और यात्रियों के अनुसार, महानगर की जीवन रेखा मानी जाने वाली उपनगरीय रेल सेवाएं आठ से 10 मिनट के विलंब से चल रही हैं और किसी भी सेवा को स्थगित नहीं किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, हार्बर लाइन के कुछ निचले इलाकों में पटरियों पर पानी भरने और कुर्ला तथा तिलक नगर स्टेशन के बीच पटरियां बदलने वाले पॉइंट के खराब होने के कारण मध्य रेलवे मार्ग पर उपनगरीय सेवाएं प्रभावित हुईं। वाहन चालकों के अनुसार शहर के कुछ हिस्सों में तेज ...शेष पृष्ठ 14 पर

कुपवाड़ा में बादल फटा, बचाव कार्य जारी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में बादल फटने का सिलसिला जारी है। अब कुपवाड़ा में बादल फटा है, जिससे पहाड़ से मलबा नीचे आ गया। अभी हताहतों की संख्या सामने नहीं आई है। घटना लोलाब के ऊंचे इलाकों में वारनो वन क्षेत्र में हुई है। यह किश्तवाड़ और कठुआ के बाद तीसरी घटना है। इससे पहले उत्तराखंड के उत्तरकाशी में भी बादल फटा था। कुपवाड़ा में ...शेष पृष्ठ 14 पर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संदेश

वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक विकास खण्ड क्षेत्र-गगहा तहसील बांसगाँव के समस्त सुधि पाठकों, ईष्टमित्रों एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सुनिल शाही

संवाददाता-मंझगांवा

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विनय शुक्ला

प्रबंधक-आर.पी.डी. एकेडमी
टिकरी-मझगावा, गोरखपुर
एवं-मण्डल महामंत्रीभारतीय जनता पाटी गगहा, गोरखपुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

न्यू अंशु मोबाइल शॉप

पता-के.डी.आर. शापिंग काम्पलेक्स (पुरानी पुलिस चौकी) कौड़ीराम, गोरखपुर।
मो. नं.-7755088808
नोट :- ब्रांडेड मोबाइल एसेसरीज के फुटकर व होलसेल विक्रेता
-मोबाइल तत्काल रिपेयरिंग की सुविधा उपलब्ध है

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मुकेश मेमोरियल हॉस्पिटल
गजपुर रोड, गगहा, गोरखपुर
संचालक
डॉ. प्रभुनाथ सोनकर
पूर्व चिकित्साधिकारी
व जिला पंचायत सदस्यगगहा, गोरखपुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रदीप शाही
उर्फ मुन्ना शाही
समाजसेवी एवं प्रोपराइटर
H.M.S. मार्का ईंट भट्ठा
रावतपार, गगहा (गोरखपुर)

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अजीत वर्मा
मण्डल अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी
गगहा, गोरखपुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दुर्गेश त्रिपाठी
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम-राजगढ़
ब्लाक-गगहा, गोरखपुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संजय सिंह उर्फ गुड्डू सिंह
प्रबन्धक- SCB ऐकेडमी
गगहा, गोरखपुर
एवं प्रधानाचार्य
जनता इंटर कॉलेज
मजूरी-गोरखपुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शम्मी सिंह

प्रो.-ओम पोल्ट्री फीड्स सेंटर (हमारे यहां उत्तम किस्म के चूजे व फीड्स उपलब्ध है) निकट पोस्ट ऑफिस, गगहा गोरखपुर एवं मण्डल मंत्री, भाजयुमो, गगहा, गोरखपुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संदीप मौर्य

ग्राम प्रधान-बेलादार एवं मण्डल
अध्यक्ष-पिछड़ा मोर्चा भाजपा
ब्लाक-गगहा, गोरखपुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अखिलेश चंद जब्बर

प्रधान प्रतिनिधि-नेवास
ब्लाक-गगहा, गोरखपुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अखिलेश सिंह

प्रधान प्रति निधि ग्राम सभा-रामपुर बघौरा ब्लाक-गगहा, गोरखपुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शत्रुंजीत सिंह

प्रो.-शक्ति ईंट भट्ठा-दुदापार व शक्ति ट्रेडर्स बिल्डिंग मेटेरियल्स करवल मंझगांवा, गगहा, गोरखपुर
संचालक-भोलू सिंह व कर्मवीर सिंह

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मुनेंद्र सिंह उर्फ बबलू सिंह

प्रबंधक
आर. पी. एस. पब्लिक स्कूल
गगहा (गजपुर मार्ग) गोरखपुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ रमेश चंद्र
डॉ अभिषेक चंद्र (MBBS)
जनसेवा हॉस्पिटल
बाईपास रोड बड़हलगंज, गोरखपुर
(जनसेवा मतलब, सचमुच सेवा)

सभी जनपद एवं क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

Advocate Dharmendar singh
M.com, LL.B.
GST & Income Tax
Near S.R. Degree College
Station Road j.B Ganj Kheri
Mo. -9005086936

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रविंद्र सिंह उज्जैन

प्रदेश उपाध्यक्ष-अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं अध्यक्ष-नेशनल स्पोटिंग क्लब ग्राम सभा-मजुरी, गगहा, गोरखपुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संजय शाही

प्रधान प्रतिनिधि व पूर्व ग्राम प्रधान ग्राम-सिहाईजपार, ब्लाक-गगहा, गोरखपुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दिनकर चंद

प्रो.- शिव शक्ति इंटरप्राइजेज इंटरलॉकिंग ईट के निमार्ता एवं विक्रेता एवं शिव शक्ति किसान सेवा केंद्र इंडियन आयल पंप
पता-नर्रे बुजुग, गोरखपुर मो. नंबर 9793829090



समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रमोद शाही

प्रबंधक
आर एल मेमोरियल पब्लिक स्कूल
करवल मझगांवा गोरखपुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राधामोहन सिंह

प्रबंधक
लीलावती सिंह स्मारक इंटर कॉलेज-भैसहां, गगहा, गोरखपुर
एवं-पूर्व जिला उपाध्यक्ष-हिंदू युवा वाहिनी, गोरखपुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रामभरोस यादव

प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम सभा-अतायर
ब्लाक-गगहा, गोरखपुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव

संचालक-श्री जानकी लाल मेमोरियल चिकित्सालय
हाटा बाजार, गोरखपुर

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुजीता कुमारी

महिला आयोग की सदस्य
दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संतोष चंद कौशिक

जिला कार्यसमिति सदस्य भारतीय जनता पार्टी. गोरखपुर

सबके जीवन में खुशहाली सरकार का संकल्प : योगी

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान कई जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मौके पर मौजूद अधिकारियों को इन समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सबके जीवन में

- जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं, निस्तारण के लिए अफसरों को दिये निर्देश
- कब्जामुक्त करायें गरीब की जमीन, दबंगों पर हो कानून सम्मत कड़ा एक्शन : योगी

खुशहाली लाने को संकल्पित है।

किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। जनता दर्शन में सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी गरीब की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कानून सम्मत कड़ा एक्शन लिया जाए।

सोमवार सुबह जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर किया गया था। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न जिलों से आए करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ सीएम योगी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन में एक महिला ने दबंग द्वारा जमीन कब्जा किए जाने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जा की शिकायत पर त्वरित एक्शन लिया जाए। गरीब की जमीन कब्जामुक्त होनी चाहिए।

यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में हर बार की तरह कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार करते हुए उसकी मदद की जाए।

यमुना एक्सप्रेस-वे पर एस्कॉर्ट्स कुबोटा का बड़ा निवेश

सेक्टर-10 में ट्रैक्टर निर्माण इकाई लगाने के लिए दी गई भूमि

विशेष संवाददाता (vol)

ग्रेटर नोएडा/लखनऊ। योगी आदित्यनाथ सरकार की उद्योग नीति और निवेशक-हितैषी कदमों का बड़ा नतीजा सामने आया है। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट

- यूपी में उद्योगों को गति दे रही योगी सरकार, यीडा ने एस्कॉर्ट्स कुबोटा लि. को 190 एकड़ भूमि का एलओआई जारी किया
- कंपनी परियोजना में 4500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी और चरणबद्ध तरीके से 4000 लोगों को रोजगार देगी
- पहले चरण में 2000 करोड़ रुपये का होगा निवेश, ट्रैक्टर प्लांट, कमर्शियल इक्विपमेंट प्लांट और अन्य सुविधाओं का किया जायेगा विकास

अथॉरिटी (यीडा) ने सोमवार को एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड को 190 एकड़ भूमि का एलओआई जारी किया है। यह जमीन सेक्टर-10, यमुना एक्सप्रेस-वे में ट्रैक्टर निर्माण इकाई

लगाने के लिए दी गई है।

उल्लेखनीय है कि एस्कॉर्ट्स (भारतीय कंपनी) और जापानी दिग्गज कंपनी कुबोटा ने वर्ष 2019 में साझेदारी की थी। दोनों मिलकर भारतीय और वैश्विक बाजार के लिए मूल्य-उन्मुख ट्रैक्टर विकसित कर रहे हैं। अब एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड भारत को रणनीतिक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। इस ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट के तहत ट्रैक्टर, इंजन, फार्म और कंस्ट्रक्शन उपकरण बनाए जाएंगे। एस्कॉर्ट्स कुबोटा ने 17 अगस्त 2024 को उत्तर प्रदेश सरकार के साथ 200 एकड़ जमीन पर ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए टङ्क्षव साइन किया था। कंपनी इस परियोजना में कुल 4500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी और चरणबद्ध तरीके से 4000 लोगों को रोजगार देगी। पहले चरण में कंपनी 2000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इस चरण में ट्रैक्टर प्लांट, कमर्शियल इक्विपमेंट प्लांट और अन्य सुविधाओं का विकास किया जाएगा।बाजार की मांग और पहले चरण की क्षमता के आधार पर दूसरे चरण का विस्तार किया जाएगा। इस प्लांट के जरिए एस्कॉर्ट्स कुबोटा भारत से न सिर्फ घरेलू बल्कि वैश्विक बाजार को भी आपूर्ति करेगी। साथ ही, कंपनी की योजना है कि भारत से कुबोटा के वैश्विक रिसर्च और डेवलपमेंट (फ&ऊ) के लिए साझा सेवाएं भी शुरू की जाएं।

विकसित भारत-विकसित यूपी संकल्पना को व्यापकता : महाना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अठारहवीं विधानसभा का वर्ष 2025 का द्वितीय सत्र अपने रचनात्मक विमर्श और अनुशासित कार्यवाही के लिए स्मरणीय बन गया। इस सत्र में विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश विषय

- उप्र अठारहवीं विधानसभा का वर्ष 2025 का द्वितीय सत्र को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने पत्रकारवार्ता कर दी जानकारी

पर लगातार दो दिनों तक सतत चर्चा हुई, जिसने लोकतांत्रिक परंपरा को और अधिक सुदृढ़ता प्रदान की।

इस अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि इस विमर्श ने विकसित भारत - विकसित उत्तर प्रदेश की संकल्पना को और अधिक गहराई व व्यापकता प्रदान की है तथा यह भविष्य के लिए सकारात्मक दिशा तय

करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण विषय पर सदन का प्रत्येक सदस्य अपने विचार प्रकट करना चाहता था। इसमें भाग लेने की होड़ दिखाई दी। जिन्हें बोलने का अवसर मिला वे संतुष्ट दिखे, वहीं समयाभाववश जिनको अवसर नहीं मिल पाया, उनमें हल्का असंतोष झलकता रहा।

उन्होंने बताया कि इस चर्चा में कुल 193 सदस्यों ने भाग लिया। इनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 105, अपना दल 7, राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) 2, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) 2, निर्बल इण्डियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) 4, असम्बद्ध 3, समाजवादी पार्टी 65, कांग्रेस 2, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) एक तथा जनसत्ता दल 2 सदस्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कुल 193 सदस्यों में सत्तापक्ष के 120, विपक्ष के 70 तथा 3 असम्बद्ध सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। मंत्रिपरिषद के कुल 31 सदस्य भी इस विमर्श में शामिल हुए। इसके अतिरिक्त 24 महिला सदस्य ने भी अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज करायी, जिनमें 18 सत्तापक्ष से और 6 विपक्ष से थीं।

उन्होंने बताया कि मानसून सत्र के दौरान सत्ता और विपक्ष दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी बात खुलकर रखी। यही लोकतंत्र की वास्तविक खूबसूरती है। चार दिन के संक्षिप्त सत्र में जितना विधायी कार्य हुआ, उतना प्रायः लंबे सत्रों में भी नहीं हो पाता। कुल 32 घंटे 28 मिनट तक विधानसभा की कार्यवाही चली, जिसमें केवल 43 मिनट सदन स्थगित रहा। इस प्रकार स्थगन रहित समयावधि 31 घंटे 45 मिनट रही, जो लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है। सतीश महाना ने बताया कि इस बार सदन में सदस्यों द्वारा प्रस्तुत सभी सूचनाओं को ग्रहण किया गया। यह पहली बार हुआ है। नई नियमावली के अंतर्गत प्रत्येक सूचना पर सम्बन्धित विभाग से उत्तर प्राप्त करना अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे अब विभाग अधिक उत्तरदायी एवं सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने कहा कि 29 मार्च 2022 को विधानसभा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ग्रहण करने के बाद से प्रत्येक सत्र में कुछ नया करने का प्रयास किया गया है। परम्पराओं, संचालन और प्रक्रिया, तीनों ही स्तरों पर निरंतर नवीनता लाने का कार्य हुआ है, ताकि विधानमंडल की गरिमा और लोकतंत्र की प्रतिष्ठा निरंतर समृद्ध होती रहे।

सरकार जनहित के लिए संकल्पित : केशव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय, 7-कालिदास मार्ग, लखनऊ पर ह्यजनता दर्शनह्ल के माध्यम से विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना तथा त्वरित, प्रभावी और न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा

- जनता दर्शन बना जन संवाद का सशक्त माध्यम, समस्याओं के निस्तारण के निर्देश जारी

निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कई सैकड़ा लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। अधिकतर प्रकरणों में भूमि

विवाद, राजस्व संबंधित मुद्दे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी की समस्याएं, पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामले रहे। श्री मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मामलों में आवश्यक हो, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए और पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान की जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरतमंदों व पात्र लोगों को हर सम्भव सरकारी सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलना ही चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार आम जनता की भलाई के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और जनहित सर्वोपरि है। श्री मौर्य ने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सरकार हर संभव कदम उठाएगी और कोई भी पीड़ित निराश न लौटे-यही प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। श्री मौर्य ने जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाये।

हर युवा को रोजगार उपलब्ध हो : अनिल राजभर

लखनऊ। श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने सोमवार को विधान सभा, लखनऊ से रोजगार महाकुंभ 2025 हेतु महाकुंभ अभियान का शुभारम्भ किया। इस कार्यक्रम में

- रोजगार महाकुम्भ-2025 का शुभारंभ
- मंत्री अनिल राजभर ने झण्डी दिखाकर प्रचार रथ को किया रवाना
- 26 से 28 अगस्त तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होगा रोजगार महाकुंभ
- एआई प्रशिक्षण मंडप और कौशल प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण होंगे : प्रमुख सचिव

मंत्री जी ने हरी झंडी दिखाकर रोजगार रथ को प्रदेश के जनपदों में प्रचार-प्रसार के लिए रवाना किया। इस

अवसर पर उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि हर युवा के हाथों रोजगार उपलब्ध हो। इसी के दृष्टिगत श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा बीसीएस कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ और द इकोनॉमिक टाइम्स ऑफ इंडिया के सहयोग से 26 से 28 अगस्त 2025 तक राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में रोजगार महाकुंभ 2025 का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रोजगार रथ का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को इस महाकुंभ में प्रतिभाग के लिए प्रेरित करना और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध अवसरों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि रोजगार महाकुंभ के अंतर्गत 50 हजार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।मंत्री ने अवगत कराया कि सेवायोजन विभाग द्वारा रोजगार संगम पोर्टल विकसित किया गया है, जिसमें भर्ती एजेंसियों, नियोजकों और नौकरी चाहने वालों के लिए पंजीकरण की सुव्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग ने हाल ही में प्रदेश के 5978 निर्माण श्रमिकों को इजराइल भेजा है, जिसकी सराहना न केवल देश में बल्कि अन्य देशों में भी की जा रही है। वर्तमान में जर्मनी, जापान और इजराइल से नर्स तथा केयरगिवर की रिक्तियां प्राप्त हुई हैं, जिनमें एक लाख पचास हजार रुपये तक का वेतन दिया जाएगा। इसके साथ ही खाड़ी देशों से भी विभिन्न क्षेत्रों की रिक्तियां प्राप्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन किया है।

पूर्वांचल विकास निधि के अंतर्गत गाजीपुर के लिए धनराशि मंजूर

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्वांचल विकास निधि (राज्यांश) के अंतर्गत जनपद गाजीपुर की 03 विकास परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 01 करोड़ 20 लाख 94 हजार रुपए मंजूर किए हैं। इस संबंध में नियोजन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए इसकी प्रति जिलाधिकारी, गाजीपुर को प्रेषित कर दी गई है। शासनादेश के अनुसार जनपद गाजीपुर के बसबारी (ब्लाक मरदह) हरिजन बस्ती चंवर घाटपुर तक संपर्क मार्ग हेतु 45.15 लाख रुपए, महुआरी पोखरा एवं प्राईमरी पाठशाला से हरिजन बस्ती संपर्क मार्ग हेतु 35.21 लाख रुपए तथा ग्राम इचौली रसूलपुर हाकिम प्रधानमंत्री मार्ग से केशवपुर साई बस्ती तक संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 40.58 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है।

बहराइच के कारिकोट गांव को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय सम्मान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले का कारिकोट गांव ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक पहचान बना चुका है। गांव का चयन इंडियन सबकांटिनेंटल रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म (आईसीआरटी) अवार्ड 2025 के

- कारिकोट गांव आईसीआरटी अवार्ड 2025 के लिए चयनित
- 13 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में होगा पुरस्कार वितरण
- ग्रामीण पर्यटन में कारिकोट ने पेश की मिसाल, अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से मिलेगी प्रेरणा : जयवीर सिंह

लिए किया गया है। कारिकोट गांव को यह सम्मान 13 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में दिया जाएगा। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि कारिकोट गांव का चयन आईसीआरटी अवार्ड 2025 के लिए होना पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। भारत-नेपाल सीमा से सटे कारिकोट ने ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में मिसाल पेश की है। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग की पहल पर ग्रामीणों ने होमस्टे की शुरूआत की। साथ ही सीमा पर्यटन जैसे अभिनव पहल भी

किए गए। इन प्रयासों से स्थानीय समुदायों, विशेषकर युवाओं और महिलाओं को रोजगार मिला है। गांव की संस्कृति, खान-पान, हस्तशिल्प और लोक कलाओं को भी नई पहचान मिली है।राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाले बीएलटीएम ट्रेड शो में भारत सहित उपमहाद्वीप की 17 संस्थाओं को रिस्पोंसिबल टूरिज्म सम्मान दिया जाएगा। इन संस्थाओं को वन टू वॉच, सिल्वर और गोल्ड श्रेणी में मान्यता दी जाएगी। मान्यता सूची में स्थान पाने वाली सभी संस्थाओं ने प्रमाणिकता, पुनरावृत्ति की क्षमता, नवाचार, प्रभाव, स्थिरता और जिम्मेदार पर्यटन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया है।भारतीय उपमहाद्वीप जिम्मेदार पर्यटन पुरस्कारों के निर्णायक मंडल में प्रो. हैरॉल्ड गुडविन शामिल हैं। गुडविन रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म पार्टनरशिप के प्रबंध निदेशक और आईसीआरटी ग्लोबल के संस्थापक हैं। साथ ही, मनीषा पांडे, प्रबंध निदेशक विलेज वेज और आईसीआरटी भारतीय उपमहाद्वीप की प्रतिनिधि तथा चामार्री मेल्ज, निदेशक आईसीआरटी श्रीलंका सहित अन्य निर्णायक मंडल का हिस्सा रहे।उल्लेखनीय है कि, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ग्रामीण पर्यटन को लगातार प्रोत्साहित कर रहा है। विभाग का लक्ष्य है कि राज्य को धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में भी नई पहचान दिलाई जाए।

20 और 21 जनवरी को लखनऊ में होगा अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का 86वां सम्मेलन

लखनऊ। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि आगामी वर्ष 20 और 21 जनवरी को अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का 86वां सम्मेलन लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में देश भर की विधानसभाओं के अध्यक्ष भाग लेंगे तथा राज्यसभा के उपसभापति भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करायेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से इस आयोजन के लिए सहमति प्राप्त हो चुकी है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से उत्तर प्रदेश की प्रगति और विकास की झलक पूरे देश के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। वर्तमान में उत्तर प्रदेश देश की विधानसभाओं का नेतृत्व कर रहा है, जो अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन की तैयारियां शीघ्र शुरू की जायेगी। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा आउट ऑफ टर्न उत्तर प्रदेश को यह अवसर प्रदान किया जाना प्रदेश के लिए विशेष सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि लोकसभा के संरक्षण में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन का विस्तृत कार्यक्रम, लोकसभा की टीम के आगमन के बाद तय किया जाएगा। सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले सभी प्रतिनिधियों को प्रदेश के धार्मिक और सांस्कृतिक वैभव से परिचित कराने के लिए अयोध्या, काशी, मथुरा और कुशीनगर आदि पावन स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने अवगत कराया कि इससे पूर्व यह सम्मेलन पटना और उससे पहले मुंबई में सम्पन्न हुआ था। सम्मेलन के लिए प्रत्येक बार एक थीम निर्धारित की जाती है, जिस पर देश की सभी विधानसभाएं अपने विचार प्रस्तुत करती हैं। इसके बाद एक महत्वपूर्ण संकल्प पारित होता है और उसके कार्यान्वयन की जिम्मेदारी इस बार उत्तर प्रदेश को दी गई है। उन्होंने गर्वपूर्वक कहा कि देश की विधानसभाओं के विधायकों को प्रशिक्षण देने का उत्तरदायित्व भी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें सौंपा है।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

एसटीएफ ने दो लाख के इनामी अपराधी को पकड़ा

12 वर्षों से फरार था अभियुक्त हरीश, यूपी के कई जिलों में आपराधिक मामले दर्ज है

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी के मुजफ्फरनगर में एक अपराधिक मामले में 12 वर्षो से फरार चल रहे एक कुख्यात अपराधी को एसटीएफ ने धर दबोचा है। जिस पर फरारी के बाद दो लाख का इनाम घोषित था। इस पर यूपी के मुजफ्फरनगर के अलावा बागपत समेत कई जिलों में अपराधिक मामले दर्ज है।

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि एसटीफ को यह कामयाबी मेरठ के भैसाली बस अड्डे के पास से मिली है। पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम मुजफ्फरनगर के भौराकला थाना भौराखुर्द गांव निवासी हरीश पुत्र ब्रहमपाल बताया। उन्होंने बताया कि अभियुक्त हरीश पश्चिमी उप्र में वर्ष 2004 से अपराध में संलिप्त रहा है। इसके पिता गांव में खेती करते थे तथा इसका बडा भाई सतीश भी अपराधी किस्म का व्यक्ति था। वर्ष 1992 में इसके गांव के इन्द्रपाल व रतन सिंह के परिवार से इसके परिवार का झगडा हुआ था तब इसकी उम्र 12 साल थी। इस झगडे में फैसला हो गया था। वर्ष 1994 में टयबवैल पर एक व्यक्ति की हत्या हई थी। जिसमे इन्द्रपाल ने इसके ताउ चरण सिंह व सरदार सिंह, परिवारिक भाई संजीव व अजय कुमार को नामजद करा दिया था और वह सभी जेल चले गये थे।

जमानत पर छूटने के बाद गेहूँ कटाई के समय खेतो मे इन्द्रपाल पक्ष के साथ इसके बडे भाई के साथ झगडा हो गया था, जिसमें इसके भाई सतीश ने इन्द्रपाल पक्ष के रतन के भाई की हत्या कर दी थी तथा इन्द्रपाल का चाचा घायल हो गया था। इसमें इसके भाई सतीश, अजय व संजीव, पिता ब्रहमपाल, चाचा विनोद व सतबीर जेल चले गये थे। पकड़ेगए अभियुक्त पर फरारी के बाद दो लाख का इनाम घोषित था।

सैन्यकर्मी का बेटा संदिग्ध परिस्थिति में लापता

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली इलाके में एक आर्मी हवलदार ने अपने 17 वर्षीय किशोर बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई है।

मूल रूप से ग्राम ढाकिया थाना जाटूसाना जिला रेवाडी हरियाणा निवासी जयवीर सिंह पुत्र ईश्वर सिंह के अनुसार वह वर्तमान में लखनऊ आर्मी में हवलदार के पद पर एएमसी सेंटर एवं कॉलेज में एमटी कंपनी में तैनात है और आवास संख्या 126 बी सूबेदार योगेन्द्र यादव बिहार कैण्ट में परिवार संग रहते है। पीड़ित पिता के अनुसार उनका 17 वर्षीय पुत्र समीर हजरतगंज मे आकाश कोचिंग सेंटर में नीट की तैयारी करता है। बीते 16 अगस्त की रात्रि लगभग 9.20 बजे घर से कालोनी में जन्माष्टमी मनाने मंदिर गया था और वहां से बिना बताये कही चला गया है। उसका मोबाइल फोन स्वीच ऑफ है। जिसकी खोजबीन करने के बाद उन्होंने स्थानीय आलमबाग कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि पीड़ित पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लापता किशोर की तलाश की जा रही है।

रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर के मकान में चोरी

- कीमती ज्वैलरी, डायमंड व अन्य सामान ले गये चोर
- शक के आधार पर नौकर दम्पति पर दर्ज करायी रिपोर्ट

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित गैरेज रोड चर्च रेलवे कालोनी में रहने वाले सीनियर सेक्शन इंजीनियर के बंद सरकारी क्वाटर में रखी अलमारी से कीमती जेवरात चोरी हो गया। जिसकी जानकारी होने पर पीड़ित रेलवे कर्मचारी ने घरेलू सहायक दम्पति पर चोरी का संदेह जताते हुए नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि मूलरूप से जनपद बलिया निवासी जयंत सिंह के अनुसार वह रेलवे में सीनियर सेक्शन इंजीनियर के पद पर कार्यरत है और रेलवे क्वार्टर डी-13 गैरेज रोड चर्च रेलवे कालोनी आलमबाग में रहते है। वहीं पीड़ित का कहना था कि वह बीते 29 जुलाई को ड्यूटी के काम से अपने रेलवे क्वार्टर को बंद कर अमेठी एएमई रेलवे स्टेशन गए था।

ड्यूटी से 16 अगस्त को वापस लौटने पर उसे अंदर से एक कमरा बंद मिला और खिड़की से देखने पर पता चला कि अंदर सामान बिखरा हुआ है और आलमारी खुली हुई थी। वहीं पीड़ित का कहना था कि चोरों ने उसकी अलमारी में रखी सोने की चेन सहित डायमंड व गोल्ड अंगूठी, मांग टिका व कान की डुमकी ,चांदी के पायल सहित अन्य ज्वैलरी चोरी की है। पीड़ित ने घरेलू सहायक नौकर दंपत्ति लल्लन कुमार और उनकी पत्नी नीतू कुमारी पर चोरी का संदेह जताते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित रेलवे कर्मचारी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

दबंगों ने युवक को बुरी तरह से पीटा, बेहोश

- दोस्त से मिलने के लिये गया था युवक
- तहरीर मिलने पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके में दर्जन भर दबंगों ने एक युवक को पीट-पीट कर अचेत कर दिया। अचेत अवस्था में घायल युवक को उपचार के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर देख ट्रामा के लिए रेफर कर दिया गया। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि तालकटोरा थाना क्षेत्र स्थित राजाजीपुरम निवासी शची दीक्षित पत्नी स्व रमेश दीक्षित के अनुसार बीते 16 अगस्त की रात्रि करीब 10 बजे उनका पुत्र अनुज अपने फ्रेंड से मिलने आशियाना स्थित अन्नपुर्णा कॉम्प्लेक्स गया था। आरोप है कि वहां पर रिषभ सिंह, राहुल नागवंशी व अभिषेक सिंह राठौर ने अपने 10-12 अन्य साथियों संग मिलकर उसके बेटे अनुज दीक्षित पर लाठी डंडे व धारदार हथियार से प्रहार कर दिया। जिससे उनका पुत्र को गंभीर चोटिल हो गया। वहीं पीड़ित युवक की मां का कहना था कि मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने पर उसके बेटे अनुज दीक्षित के मित्र अंकुर पांडेय को चोटे आई है। वह बेहोशी की हालत में उनके बेटे को आशियाना थाने ले गए। जहाँ से उनके बेटे को पुलिस ने इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहाँ डॉक्टरों ने उनके बेटे को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। जहाँ अभी भी उनके पुत्र का भर्ती कर इलाज चल रहा है और उनका पुत्र अनुज दीक्षित अभी भी बेहोशी की हालत में है। पुलिस के अनुसार पीड़ित मां की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपितों दबंगों की तलाश की जा रही है।

महिला कर्मचारी को फोन पर दी गाली, धमकाया

लखनऊ। आलमबाग परिवहन निगम में कार्यरत एक दलित महिला कर्मी ने कालर द्वारा परिवहन विभाग का अधिकारी बन फोन पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्र अश्लील बाते करने का आरोप लगाया। आरोपित कॉलर के फोन नंबर के आधार पर स्थानीय आशियाना थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि कानपुर रोड मानसरोवर योजना में रहने वाली रीमा गौतम पत्नी ब्रजेश कुमार भारती के अनुसार वह यूपीएसआरटीसी नादरगंज डिपो में फोरमैन पद पर कार्यरत है। आरोप है कि बीते 31 जुलाई की रात्रि उनके मोबाइल फोन पर एक नंबर से फोन आया। कॉलर ने अपने को एसएस त्रिपाठी बताया और कहा कि दूबे सर आप से बात करेंगे, जिसपर दूसरे ने अपने को राजेश दुबे बताया और आरोप लगाते हुए कहने लगा कि डियूटी से लापरवाही हो रहा है क्या टाईम से नहीं पहुंच रही हो और फोन पर अभद्र अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हुए जातिसूचक गालियां दी और धमकाने लगा। इस काल से दहशत में आई पीड़िता ने महिला हेल्पलाइन पर घटना की जानकारी दी। उसके बाद स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मोबाइल नंबर आधार पर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान सोमवार को दम तोड़ दिया।

पुलिस के मुताबिक मूल रूप से सीतापुर स्थित रामपुर के रहने वाले राम लखन (33) पारा थाने के पास किराए के मकान में रहकर अनाज बेचने का काम करते थे। पिता लालू ने बताया कि उनका बेटा कुछ दिन पहले सीतापुर गया था। जहां से 14 अगस्त को बाइक से लखनऊ लौटते समय सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में अपने किसी निजी काम से गया था। वहां से रात 9:00 बजे पारा जाते समय फिनिक्स प्लासियो मॉल के पास एक तेज रफ्तार कार चालक ने टक्कर मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। कार चालक द्वारा इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान सोमवार तड़के उसकी मौत हो गई। राम लखन के परिवार में पत्नी रेखा दो बेटे एक बेटी है।

ओला कार चालक ने फांसी लगाकर दी जान

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में एक ओला कार चालक ने कमरे के अंदर अपने भाई की टाई से पंखे के सहारे लटक कर जान दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस के मुताबिक सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में प्रधानमंत्री आवास योजना में रहने वाले नदीम (28) ने ओला कंपनी से जुड़कर कार चलाता था। भाई मोहसिन ने बताया कि वह पिछले तीन दिनों से टेंशन में होने के कारण कार भी नही चला रहा था। कुछ पूछने पर बताता भी नही था। सोमवार की सुबह कमरे में भाई की टाई के सहारे पंखे से लटककर जान दे दी। मृतक के परिवार में पिता सलीम, मां सकीना, दो अन्य भाई है। पुलिस के मुताबिक आत्महत्या के कारण का कुछ पता नहीं चल सका।

चार एसीपी के तबादले

लखनऊ। पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर ने तीन एसीपी के तबादले किये है। जिसमें ऋषभ यादव को सहायक पुलिस आयुक्त अपराध से सहायक पुलिस आयुक्त अलीगंज, अंकित कुमार को सहायक पुलिस आयुक्त ट्रैफिक से सहायक पुलिस आयुक्त महानगर और अभिनव को सहायक पुलिस आयुक्त ट्रैफिक के साथ-साथ साइबर अपराध का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। वहीं प्रदीप कुमार यादव को एसीपी ट्रैफिक बनाया गया है।

दस हरे पेड़ काटे जाने को लेकर एफआईआर: थाना बंथरा इलाके में दस हरे भरे पेंडो पर आरा चला कर धाराशयी कर दिया गया। जिसकी शिकायत पुलिस से की गयी है। पुलिस ने मौके पर पहुँच कर लकड़ी काटने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गोमती में मिला महिला का शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मड़ियांव इलाके में घैला पुल के नीचे गोमती नदी में एक महिला का शव उतरा रहा था। शव मिलने की सूचना होते ही वहां लोगों का हुजूम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। छानबीन के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि महिला की उम्र करीब 43 वर्ष है। शरीर पर किसी प्रकार का चोट नहीं प्रतीत हो रहा है। महिला की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है लेकिन अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। फिलहाल पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही जानकारी हो सकेगी।

जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत: माल इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गयी। परिजनों का कहना है कि जहरीला पदार्थ खाने से मौत हुई है। घरवालों ने पुलिस को न बताकर मृतक का अंतिम संस्कार भी कर दिया।

क्षेत्र के थावर गाँव निवासी 25 वर्षीय रिंकू गौतम ने रविवार सुबह घर में किसी बात को लेकर नाराज हो गया। जिसके बाद उसने सल्फास खा लिया। जब घरवालों ने कुछ देर बाद देखा तो रिंकू को लेकर एक निजी अस्पताल गये। जहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह मौत हो गयी। घरवालों ने आनन-फानन में सारी तैयारी कर मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद ने बताया कि पुलिस को कोई सूचना नही दी गयी है। मृतक को बिना बताये जलाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

हादसे में घायल महिला की भी मौत

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र में सालेहनगर गांव के निकट हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला मीरा देवी (42) ने इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार नबीपनाह गांव निवासी मैकू रावत गत शुक्रवार की सुबह लगभग दस बजे पत्नी मीरा देवी के साथ बाइक से अतरौली के निकुरी नेवादा रिश्तेदारी में दाह संस्कार में जा रहे थे। माल-अतरौली मार्ग पर सालेहनगर गांव के निकट पहुंचते ही एक तेज रफ्तार डीसीएम ने उन्हें टक्कर मार दी। कुछ दूरी पर चालक डीसीएम छोड़कर भाग निकला था। हादसे में पति मैकू रावत की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि पत्नी मीरा गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। जिसे स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था।। जहां मीरा की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान सोमवार को लगभग तीन बजे मौत हो गई। मृतक के परिवार में दो बेटे जितेंद्र (विवाहित) सिकन्दर सहित तीन बेटी पप्पी (विवाहित), सच्ची (विवाहित), सहित शशि है।

अधिवक्ता को बस मालिक ने साथियों के साथ बुरी तरह से पीटा

लखनऊ। मानकनगर थाना क्षेत्र के अवध चौराहा हरदोई मार्ग पर बीती रविवार रात्रि बस मालिक ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक अधिवक्ता की जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि उस दौरान बस मालिक और उसके साथियों ने उनकी जेब में रखे रुपये व गले में पहने हुए सोने की रुद्राक्ष माला से सोना भी छीन लिया। हंगामे की सूचना पर पहुंची मानक नगर पुलिस ने अधिवक्ता की शिकायत पर मौके से कुछ लोगों को पकड़ा भी और कुछ भागने में सफल रहे। आलमबाग मिल रोड मवैया निवासी पेशे से अधिवक्ता शुभम शुक्ला पुत्र मणिकान्त शुक्ला की माने तो रविवार रात्रि करीब 10:30 बजे वह अपने परिवार के कुछ सदस्यों को गुड़गांव के लिए जा रहे थे। वह अवध चौराहा बस एनएल07बी 0585 पर बैठाने के लिए आए थे। उनके घर की महिलाए पर्स व हैंड बैग बस में रखकर नीचे आ गई थी। बस चलने का समय हुआ तो उसी दौरान एक व्यक्ति जो अपने को बस मालिक विकास बता रहा था, पांच मिनट बस रोकने के लिए कहा जिसपर कहासुनी हुआ। इस पर आरोपित विकास ने मानकनगर नहर से पहले बस रोक दिया और अपने 5-6 साथियों के साथ उनके साथ मारपीट करने लगे और उनके कपड़े भी फाड़ दिए। इस मारपीट के दौरान उनके गले में पडी सोने की रुद्राक्ष से सोना, जेब साढ़े छह हजार रुपए और जरूरी दस्तावेज गायब हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने कुछ लोगों को पकड़ कर मानकनगर थाने में ले गई और बस वहां से रवाना हो गई। जिसमें उनके घर की महिलाओं का पर्स व हैंड बैग छूट गया। जिसकी जानकारी होने पर पीड़ित अधिवक्ता ने मानक नगर थाने में पुलिस से लिखित नामजद शिकायत की है। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि अधिवक्ता की शिकायत पर मारपीट में शामिल दो आरोपित विशेष और प्रतीक को कस्टडी में लिया गया है अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।

दोस्त के घर गये युवक की बुलेट चोरी

लखनऊ। मानक नगर थाना क्षेत्र में बीते डेढ़ सप्ताह पूर्व अपने दोस्त के घर रात्रि भोज पर आए युवक की बुलेट बाइक चोरों ने पार कर दिया। पुलिस ने तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

मानकनगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि इंदिरानगर निवासी अब्दुल खालिद पुत्र अब्दुल साजिद के अनुसार वह गत तीन अगस्त की रात्रि करीब 8.30 बजे अपने मित्र माहिप शुक्ला पुत्र प्रभात शुक्ला के घर श्यामनगर आलमबाग गया था। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह रात्रि भोज के लिए अपनी बुलेट बाइक यूपी32क्यूएफ-7867 से आया था। वह रात्रि भोज के बाद कुछ देर आराम करने लगा, उस दौरान चोरों ने दोस्त के घर के बाहर खड़ी उसकी बुलेट बाइक पार कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर उसने खोजबीन करने के बाद स्थानीय मानक नगर थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर रविवार को केस दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

पत्नी की युवक ने नाक काटी

लखनऊ। मड़ियांव इलाके में एक युवक ने पत्नी की जमकर पिटाई की और उसकी नाक काट दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। युवक पर माता-पिता के साथ भी मारपीट का आरोप है। युवक के पिता ने ही मुकदमा दर्ज कराया है। गायत्रीनगर निवासी राघवेंद्र मिश्र के मुताबिक बेटा अरविंद आए दिन पत्नी, मां और उसके साथ मारपीट करता है। शनिवार को अरविंद अपनी पत्नी बबिता को लाठी-डंडों से पीटने लगा। यह देखकर उसकी मां रामकुमारी बचाने पहुंची तो आरोपी ने उनकी भी डंडों से पिटाई कर दी। कुछ देर बाद वह चाकू लेकर पत्नी को मारने दौड़ा तो मां ने चाकू छीन लिया। अरविंद ने पत्नी की नाक अपने मुंह से काट कर अलग कर दी। जिससे वह खून से लथपथ हो गई। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। आरोपी के छोटे भाई गोविंद ने पुलिस को सूचना दी। घटना को लेकर राघवेंद्र ने बेटे अरविंद के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र जय कुमार चावला को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **दयाल कुमार चावला पुत्र स्व. करोरी मल नि.-556/36, सुजानपुरा, आलमबाग, लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र शिवम यादव एवं पुत्रवधु शालिनी यादव को उनका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **सोनी देवी पत्नी स्व. किशन यादव नि.-512/108ए, गली नं.-06, निशातगंज, न्यू हैदराबाद एस.ओ., लखनऊ।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम वेद प्रकाश सिंह पुत्र श्री बाबू सिंह था। अब मैने अपना नाम बदलकर वेद प्रकाश पुत्र श्री बाबू सिंह रख लिया है। अतः अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है। **वेद प्रकाश पुत्र श्री बाबू सिंह वर्तमान पता डी 6-1, डालमिया चीनी मिल कॉलोनी ग्राम जवाहरपुर, पोस्ट रामकोट, जिला सीतापुर।**

चोरी के सामान के साथ पकड़े गये तीन शातिर चोर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। विभूतिखंड में बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को धर दबोचा है। जिनके कब्जे से भारी मात्रा में ज्वैलरी, नगदी और अन्य सामान बरामद किया है।

पुलिसने बताया कि गत 12 अगस्त को विभूतिखण्ड की रहने वाली शिवानी वर्मा पुत्र स्व. अनूप सिंह के मकान में चोरी की घटना हुई थी। जिसको लेकर स्थानीय थाना पर एफआईआर दर्ज हुई थी। जिसके बाद पूर्वी क्राइम टीम व स्थानीय पुलिस लगी हुई थी। इसी दौरान पुलिस ने तीन संदिग्धों को धर दबोचा। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपने नाम इंदिरानगर दीनदयाल कॉलोनी निवासी सतीश कश्यप, यूसुफ अंसारी और नदीम पुत्र सफी अहमद बताया। जिनके पास से सोने-चांदी की ज्वैलरी, नगदी, सामान और चोरी करने में प्रयुक्त सामान बरामद किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों ने बताया कि कुछ दिन पहले हम लोगों ने मिलकर विकासनगर थाना क्षेत्र में एक बंद मकान में ताला तोड़कर चोरी की थी, जिसमें से 01 कटोरी, 01 ग्लास व 01 चम्मच सफेद धातु का इसी बरामद माल में से है। उक्त घटना के संबंध में जानकारी करने पर पाया गया कि थाना विकासनगर पर अभिषेक चौरसिया पुत्र शैलेन्द्र चौरसिया ने 15 अगस्त को मकान में हुई चोरी को लेकर एफआईआर दर्ज करायी थी।

नशे का शौक पूरा करने के लिए करते थे चोरी: प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त बंद मकानों व दुकानों पर नजर रखी जाती है। मौका देखकर ताला तोड़कर मकान से नगदी, जेवरात व कीमती वस्तुओं की चोरी कर लेते हैं चोरी की वस्तुओं को राहगीरों को बेच देते हैं, जिससे मिले पैसों का आपस में बांट कर अपना शौक व नशा पूरा करते हैं।

कोचिंग जा रही छात्रा से शोहदों ने की छेड़छाड़, हाथ पकड़कर घसीटा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गौतमपल्ली के मार्टिनपुरवा में कोचिंग जा रही छात्रा के साथ मोहल्ले के ही दो युवकों ने छेड़छाड़ की। विरोध पर छात्रा का हाथ पकड़कर घसीटने लगे। छात्रा ने पापा को फोन मिलाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। मार्टिनपुरवा निवासी छात्रा के पिता के मुताबिक उनकी 19 वर्षीय बेटी एक कॉलेज से बीए कर रही है। साथ में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। शनिवार शाम को बेटी कोचिंग जाने के लिए घर से निकली थी। वह घर से कुछ दूर आगे बढ़ी ही थी तभी मोहल्ले के ही शिवम और विकास रावत सरेराह छात्रा को रोककर छेड़छाड़ करने लगे। छात्रा ने विरोध जताया तो आरोपी हाथ पकड़कर घसीटने लगे। चीख पुकार मचाते हुए छात्रा ने फोन मिलाकर अपने पिता को फोन कर आरोपियों की हरकत के बारे में बताया तो दोनों अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए भाग निकले। छात्रा का आरोप है कि दोनों आरोपी काफी समय से उसे परेशान कर रहे थे। पर उनकी हरकतों को नजरअंदाज कर रही थी। इंस्पेक्टर गौतमपल्ली रत्नेश सिंह के मुताबिक तहरीर पर रविवार को मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। पत्नी से छेड़छाड़ की शिकायत पर पति का पैर तोड़ा काकोरी। काकोरी में पत्नी के साथ छेड़छाड़ कर गाली गलौज की शिकायत करने पहुंचे पति की पिटाई कर आरोपी ने पैर तोड़ दिया। यह आरोप लगा पीड़ित ने काकोरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मौंदा निवासी पीड़ित के मुताबिक रविवार को उनकी पत्नी घर के पास खड़ी थी इस बीच गांव के रिंकू यादव ने छेड़छाड़ कर गाली गलौज करने लगा। पत्नी के चीख पुकार मचाने पर आसपास के लोगों को जुटता देख वह भाग निकला। शाम को वह घर पहुंचे तो पत्नी ने रिंकू यादव की करतूत के बारे में बताया। वह शिकायत करने आरोपी रिंकू के घर पहुंचे तो उसने रॉड से पिटाई कर उनका पैर तोड़ दिया। किसी तरह वह अपनी जान बचाकर घर आया। इंस्पेक्टर काकोरी के मुताबिक रिंकू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

किराएदार ने गर्भवती महिला से की अश्लील हरकत

लखनऊ। रहीमनगर मोहल्ले में किराएदार शिवम सिंह गर्गवंशी ने गर्भवती महिला के साथ अश्लील हरकत की। विरोध पर आरोपी ने गाली गलौज कर घर में मौजूद अन्य लोगों के साथ मारपीट की। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

अदाकार नहीं, मैं पूरी तरह से कलाकार हूं : आशुतोष राणा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। इंडस्ट्री के बेहतरीन कलाकारों में शुमार आशुतोष राणा लंबे समय तक स्क्रीन से दूर थे, लेकिन अब वह बैक टू बैक फिल्में कर रहे हैं। आलम यह है कि इस साल वह 'छावा', 'लवयापा' और 'कौशल जी वर्सेस कौशल' के साथ फिल्मों की हैट्रिक लगा चुके हैं। वहीं, जल्द ही फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' और 'वॉर 2' में नजर आने वाले हैं। पिछले दिनों आशुतोष राणा मेरे राम का मंचन करने राजधानी लखनऊ आये, इस दौरान आशुतोष ने वॉयस ऑफ लखनऊ से खास बातचीत की।

जब हमने आशुतोष राणा से ब्रेक के बाद बढ़ी इस सक्रियता की वजह जाननी चाही तो उन्होंने बताया, 'हमने पहले एक बहुत लंबा विराम लिया था। फिर 2020 में जब मेरे स्प्रिचुअल गुरु पंडित देव प्रभाकर शास्त्री (दद्दा जी) जी का देहावसान हुआ तो मेरे पास कोई काम ही नहीं बचा, क्योंकि मेरा पूरा जीवन उनके इर्द गिर्द ही घूमता था।'उन्होंने कहा, ' तब मेरे मन में यह विचार आया कि उनकी कृपा से मुझे जिस काम के लिए भेजा गया है, मैं उस काम को पूरे मनोयोग से, इसलिए मैं फिर ऐक्टिंग में सक्रिय हो गया और इसलिए आपने मुझे छावा में ऐतिहासिक जॉनर में देखा, फिर लवयापा में रॉमकॉम, कौशल जी वर्सेज कौशल जैसा सोशल ड्रामा भी आया, अब हीर एक्सप्रेस जैसी फैमिली ड्रामा आ रही है। इसके अलावा, थिएटर में माइथोलॉजिकल नाटक कर रहा हूं, तो जितने भी विभाग हो सकते हैं, उसमें अपने को अभिव्यक्त करने का प्रयास कर रहा हूं।

मेरी भूमिकाओं में दोहराव नहीं: अपनी फिल्मों में आशुतोष राणा हीरो-हीरोइन के पिता या सेना के अधिकारी की भूमिकाओं में ज्यादा नजर आ रहे हैं। वह इससे कितने संतुष्ट हैं? इस सवाल पर वह कहते हैं, 'इन भूमिकाओं में दोहराव नहीं है। आप मेरा पूरा करियर उठाकर देखिए, जैसे जब मैंने नेगेटिव रोल भी किया है तो 'दुश्मन' का रोल 'संघर्ष' में रिपीट नहीं हुआ है। हमने फिर कभी रेपिस्ट का रोल नहीं किया। फिर 'संघर्ष' के कुबार्नी में यकीन करने वाले शख्स का रोल दोबारा नहीं किया। फिर 'शबनम मौसी' में हम वैसे नहीं थे। ऐसे ही, 'सोनचिड़िया' का विरेंद्र सिंह गुज्जर, मुल्क का संतोष आनंद, 'सिंबा' का नित्यानंद मोहिले सब एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं।

आप मेरी मिमिक्री नहीं कर पाएंगे: आशुतोष राणा ने कहा- आप मेरी मिमिक्री नहीं कर पाएंगे, क्योंकि मेरा पूरा प्रयास ही यह रहा है कि खुद को रिपीट ना करूं। एक होता है कलाकार, एक होता है अदाकार। चुनाव आपको करना होता है कि आप कलाकार बनना चाहते हैं या अदाकार। अदाकार को अपनी स्टाइल रिपीट करनी होती है, उसमें स्टार होने के चांसेस ज्यादा हैं। आप सुपरस्टार बन सकते हैं, क्योंकि गली-मोहल्लों में लोग आपकी स्टाइल की नकल करके, आपकी मिमिक्री करके आपको बरकरार रखते हैं। कलाकार के लिए वो गुंजाइश नहीं होती है। उसमें आपको स्टारडम मिले, यह जरूरी नहीं है। आशुतोष राणा ने रामायण के लेकर कहा कि युगों में परिवर्तन हुए हैं, शासकों और उनके द्वारा शासित सभ्यताओं में कई परिवर्तन हुए। साथ ही विभिन्न राजनीतिक व्यवस्थाएं भी बदल गईं, लेकिन आज भी जब आदर्श समाज, संस्कृति या जीवन के सिद्धांतों को देखने की बात आती है, तो हम अभी भी संदर्भ के तौर पर रामराज्य शब्द का उपयोग करते हैं, न कि कृष्णराज्य, शिवराज या बुद्धराज्य का।

राम के आचरण को भी मानें: इस बातचीत में अभिनेता ने राम को लेकर कहा, उनके नैतिक नियम बेहद खास रहे। इसलिये हमें प्रभु राम जी के सिर्फ चरण ही नहीं पकड़ने चाहिए, बल्कि उनके आचरण को भी हमें पकड़ना चाहिए।

रावण को लेकर रखते हैं ऐसी सोच: आशुतोष राणा ने रावण और उनकी बुद्धिमत्ता के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि रावण एक बुद्धिमान, भक्त और ज्ञानी चरित्र वाला व्यक्ति है। उन्होंने कहा, 'मैंने रावण का किरदार निभाया है, उसकी खूबसूरती और खासियत इस विचार पर आधारित है कि अगर राम परम ब्रह्म, भगवान और सत्य हैं तो जब कोई व्यक्ति उनकी ऊर्जा क्षेत्र में आएगा वह भी राममय हो जाएगा। तो रावण होते हुए भी, रावण दिखायी न दे, यह खासियत है। क्योंकि शत्रु के साथ रहते रहते, आप शत्रु जैसे बन जायेंगे।

गणेश उत्सव : झूलेलाल वाटिका में तैयार हो रहा है सबसे बड़ा पंडाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी का सबसे बड़ा गणेश उत्सव मनाया जाने वाला झूलेलाल घाट पर इस वर्ष 27 अगस्त से 6 सितंबर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। गणेश उत्सव को लेकर तैयारी जोरो पर चल रही है। कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि गणेश उत्सव का पंडाल बनाने के लिए कोलकाता से करीब 21 कारीगर पिछले एक माह से पंडाल को तैयार कर रहे हैं। अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि इस बार पंडाल अक्षरधाम मन्दिर की थीम पर तैयार हो रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं व पुरुषों की बैठने के लिए अलग-अलग व्यवस्था रहेगी पूरा पंडाल वाटरप्रूफ और वातानुकूलित रहेगा। पंडाल 100 फुट चौड़ा और 150 फीट लंबा रहेगा और ऊंचाई करीब 75 से 80 फिट रहेगी। उन्होंने बताया कि इस बार बच्चों के नए-नए झूले आ रहे हैं फास्ट फूड, आइसक्रीम, चाट व महिलाओं के श्रृंगार संबंधी सारी सामग्री के स्टॉल रहेंगे। महामंत्री सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि पूरा परिसर मैले जैसा रहेगा जिसमें सभी प्रकार के समान लोग खरीद सकेंगे। आज कमेटी के लोग पंडाल की तैयारी के लिए पहुंचे जिसमे शरद अग्रवाल, संजय सिंह गांधी, योगेश अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, पार्षद रंजीत सिंह, गोपाल अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

दहेज की सच्चाई पर तंज है भोजपुरी फिल्म 'शादी एक सौदा'



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भोजपुरी सिनेमा की आने वाली फिल्म 'शादी एक सौदा' का ट्रेलर हाल ही में यू ट्यूब पर रिलीज हुआ। ये लोगों को सोचने पर मजबूर कर देता है।

ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे एक पिता अपनी बेटी की शादी के लिए दहेज जुटाने की कोशिश करता है। शादी जैसे पवित्र रिश्ते को जब पैसों और लेन-देन का सौदा बना दिया जाता है, तब कई जिंदगियों की खुशियां बर्बाद हो जाती हैं। इस ट्रेलर में साफ देखा जा सकता है कि समाज में आज भी दहेज एक बड़ी समस्या है। फिल्म की कहानी एक आम परिवार पर आधारित है जो अपनी बेटी की शादी अच्छे घर में करना चाहता है, लेकिन दहेज की मांगें उन्हें तोड़ देती हैं। ट्रेलर में कई ऐसे डायलॉग्स हैं जो सीधे दिल को छूते हैं। फिल्म में रिचा दीक्षित, अनारा गुप्ता और मनु कृष्णा जैसे कलाकार हैं, जिनका अभिनय ट्रेलर में काफी दमदार नजर आता है। कहानी, बैकग्राउंड म्यूजिक और लोकेशन सब मिलकर इसे एक इमोशनल और सोचने लायक फिल्म बनाते हैं। कुल मिलाकर, शादी का सौदा एक गंभीर सामाजिक मुद्दे को उठाती है। ट्रेलर देखकर लग रहा है कि यह फिल्म लोगों को दहेज के खिलाफ सोचने पर मजबूर करेगी और समाज को एक जरूरी संदेश देगी। ट्रेलर आते ही इसे लोगों का जबरदस्त रिस्पॉन्स भी मिल रहा है। अब तो बस फिल्म की रिलीज का इंतजार है।

अजा एकादशी आज, बन रहे कई शुभ योग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हिंदू पंचांग के अनुसार भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को अजा एकादशी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि यह व्रत व्यक्ति के जीवन से दुख, दोष और संकटों को दूर करके सुख-शांति और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है।

शास्त्रों के अनुसार अजा एकादशी का पालन करने से व्यक्ति को पूर्व जन्मों के पापों से भी मुक्ति मिलती है। इस व्रत को करने से जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं और अनेक कठिनाइयों पर विजय प्राप्त होती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, भाद्रप कृष्ण एकादशी तिथि 18 अगस्त को शुरू होगी और 19 अगस्त को दोपहर 03:32 मिनट पर तिथि का समापन होगा. उदया तिथि में 19 अगस्त को अजा एकादशी व्रत रखा जाएगा। पूजा मुहूर्त सुबह 9:08 बसे लेकर दोपहर 2:02 बजे तक होगा।

अजा एकादशी पर शुभ योग : भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी पर सिद्धि योग बन रह है, इसके अलावा इस एकादशी तिथि पर शिववास योग समेत कई और शुभ और मंगलकारी योग बन रहे हैं। इन योग में अगर विष्णुजी और मां लक्ष्मी की पूजा आराधना करें तो जीवन के सभी दुखों का नाश हो सकता है और भौतिक सुखों की प्राप्ति हो सकती है।

अजा एकादशी व्रत का महत्व: मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु भगवान विष्णु के ऋषिकेश स्वरूप की उपासना करता है और व्रत कथा का श्रवण करता है, उसे मृत्यु के बाद विष्णु लोक की प्राप्ति होती है। इस व्रत की कथा सुनने मात्र से ही अश्वमेध यज्ञ के बराबर पुण्य फल मिलता है।

अजा एकादशी पारण समय: अजा एकादशी का पारण द्वादशी तिथि पर अगले दिन 20 अगस्त को है. 20 अगस्त को सुबह 05:53 बजे से लेकर सुबह 08:29 बजे के बीच पारण किया जाएगा। पारण से पहले पूजा करें और प्रसाद ग्रहण कर व्रत खोलें इसके बाद दान दक्षिणा दें।

अजा एकादशी की पूजन विधि: अजा एकादशी के दिन सुबह जल्द उठे और स्नान कर श्रीहरि का ध्यान करें। भगवान विष्णु की मूर्ति या चित्र स्थापित करें और उनके सामने बैठकर व्रत का संकल्प करें। भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा अर्चना शुरू करें। पूजा के समय भगवान कृष्ण के भजन आदि करें। विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करने से भगवान की विशेष कृपा प्राप्त हो सकती है। भगवान को भोग अर्पित करें और अंत में आरती कर पूजा समाप्त करें। रात्रि जागरण कर अगले दिन द्वादशी तिथि पर पारण करें।

प्रदोष व्रत कल, शुभ योग में होगी शिवजी की पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदोष व्रत हर महीने की कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। अब अगस्त माह का दूसरा प्रदोष व्रत कृष्ण पक्ष में रखा जाएगा। ऐसी मान्यता है कि प्रदोष व्रत करने से व्यक्ति की सारी इच्छाएं पूरी होती है। साथ ही भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष कृपा हमेशा व्यक्ति पर बनी रहती है। शिवपुराण में भी प्रदोष व्रत की महिला कही गई है। 20 तारीख को दोपहर में 1 बजकर 59 मिनट पर त्रयोदशी तिथि का आरंभ होगा और अगले दिन 21 तारीख को दोपहर में 12 बजकर 45 मिनट तक रहेगी। भाद्रपद महीने का पहला प्रदोष व्रत 20 अगस्त को मनाया जाएगा। इस दिन त्रयोदशी तिथि दोपहर 01 बजकर 58 मिनट पर शुरू होगी और 21 अगस्त को दोपहर 12 बजकर 44 मिनट पर समाप्त होगी। इस प्रकार 20 अगस्त के दिन बुध प्रदोष व्रत मनाया जाएगा।

शास्त्रों के अनुसार, प्रदोष व्रत उस दिन किया जाता है जब त्रयोदशी तिथि शाम के समय लग रही हो। इस बार प्रदोष व्रत के दिन सिद्धि योग, पुनर्वसु नक्षत्र और गौरी योग का बेहद ही शुभ संयोग बन रहा है। इस बार प्रदोष व्रत करने वालों को वत्स द्वादशी व्रत का लाभ भी मिलेगा।

प्रदोष व्रत का महत्व: शिव पुराण में बताया गया है कि प्रदोष व्रत करने से व्यक्ति को शिवलोक की प्राप्ति होती है। साथ ही वर्तमान में चल रही परेशानियों से छुटकारा भी मिलता है। प्रदोष व्रत का प्रभाव इतना है कि इस व्रत को करने से व्यक्ति की सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही घर परिवार में सुख शांति भी बनी रहती है। जिन लोगों को गुप्त शत्रुओं का भय है उन्हें प्रदोष व्रत जरूर करना चाहिए।

प्रदोष व्रत पूजा विधि: सुबह के समय ब्रह्म मुहूर्त में उठे और उठकर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। इसके बाद व्रत का संकल्प लें और घर के मंदिर की अच्छे से साफ सफाई करें। भगवान शिव और माता पार्वती की मूर्ति की स्थापना करें और शिवलिंग का अभिषेक करें। भगवान शिव और माता पार्वती को वस्त्र अर्पित करें। भगवान शिव को जनेऊ, बेलपत्र, भांग, धतूरा, शमी पत्र आदि अर्पित करें। इसके बाद प्रदोष व्रत कथा का पाठ करें और भगवान शिव की आरती उतारे और फल मिठाई आदि का भोग उनको लगाएं। बाद में सभी लोगों को प्रसाद वितरित करें।

कृष्ण ने बृजवासियों को बताया गो पूजन का महत्व

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मित्तल परिवार की ओर से अमीनाबाद रोड स्थित न्यू गणेशगंज में छह दिन चलने वाले श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं डिजिटल मूविंग झांकियों में भगवान कृष्ण की लीलाओं के अलग-अलग रूप प्रदर्शित किया जा रहे हैं। झांकी संयोजक अनुपम मित्तल ने बताया कि डिजिटल मूविंग झांकियों के तीसरे दिन श्रीकृष्ण की गौ चारण लीला दिखाई गई। कान्हा की गोचारण लीला को गोपाष्टमी भी कहा जाता है। कृष्ण अपने ग्वाल बाल सखाओं के साथ गायों को चराने के लिए कन में गए। वहां उन्होंने गौ पूजन महत्व के बारे बताया। गाय समस्त प्राणियों की माता अर्थात साक्षात देवी के समान है।

गाय में तैंतीस करोड़ देवी-देवताओं का वास है। इनकी पूजा, अर्चना एवं परिक्रमा करने से समस्त पापों का नाश होता है। गाय का दूध अमृत तुल्य है। विश्व में गाय ही ऐसा पशु है जिनके मल की पूजा होती है। गाय के गोबर में माता लक्ष्मी का वास होता है। गाय को दिव्य गुणों की स्वामिनी माना गया है, गाय के दूध, दही, घी, गोबर व मूत्र अर्थात पंचगव्य से रोग दूर हो जाते हैं, बुद्धि निर्मल होती है।

अन्य झांकियों में परंपरागत झूले पर विराजमान राधा कृष्ण, कालिया मर्दन के अलावा पूतना वध की स्थायी झांकी सजाई गई है। 20 फीट ऊंचे शिवलिंग के अलावा सीना चीरते हनुमान जी की स्वचालित झांकी भी आकर्षण का केंद्र बनी है। भालू-बंदर नचाते और सांप का खेल दिखाते मदारी की झांकी के साथ राम नाम जपते तुलसीदास, माखन चोरी करने पर कन्हैया को छड़ी लेकर दौड़ाती यशोदा माता की चलती-फिरती झांकी सबको लुभाने को रही है। न्यू गणेशगंज झांकी स्थल को कोलकाता की एलईडी लाइट पैनलों एवं विशालकाय तोरण द्वारों पर माता दुर्गा व कृष्ण लीलाओं को उकेरा गया। ऑपरेशन सिंदूर का सेल्फी कार्नर भक्तों में देशभक्ति का जज्बा पैदा कर रहा है।

रंग-ए-आजादी प्रदर्शनी में दिखी स्वतंत्रता दिवस की झलक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनी नगर वृंदावन योजना में स्थित श्री कृष्णा दत्त एकेडमी में रंग-ए-आजादी आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, मुख्य अतिथि के तौर पर सर्वजन हिताय संरक्षण समिति महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रीना त्रिपाठी, एसकेडी अकादमी की डायरेक्टर निशा सिंह, सह डायरेक्टर कुसुम बत्रा, प्रशासनिक अधिकारी सुभाष तिवारी और फाइन आर्ट विभाग से लोकेश वर्मा ने फीता काटकर तथा दीप प्रज्वल कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। काकोरी क्रांति के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में, स्वतंत्रता दिवस तथा जन्माष्टमी के विभिन्न रंगों को प्रदर्शनी के माध्यम से देश के विविधता ,प्रकृति के विभिन्न आयामो को रंगों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। स्केचिंग, ऑयल पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग ,फोटोग्राफी तथा कला की अन्य विधाओं के माध्यम से बच्चों ने प्रदर्शनी को प्रकृति से जोड़ा। प्रदर्शनी में सुसज्जित की गई सभी कलाकृतियां बच्चों के द्वारा बनाई गई थी जिसमें फाइन आर्ट की बारीकियो का बखूबी प्रयोग किया गया। समाजसेविका व संस्था की अध्यक्ष रीना त्रिपाठी ने कहा कि श्री कृष्ण दत्त अकादमी का फाइन आर्ट विभाग वाकई काबिले तारीफ है यहां के प्रशिक्षक व बच्चे बहुत ही बारीकियां से जीवन की विविध विधाओं को प्रदर्शित करते हैं जो शिक्षा और प्रशिक्षण की उत्कृष्टता को दिखाता है। अन्य संस्थाओं को इस प्रकार की प्रदर्शनी से सीख लेते हुए अपने यहां भी ऐसी प्रदर्शनियां आयोजित करनी चाहिए।

संस्था की डायरेक्टर निशा सिंह ने कहा कि इस तरह की आयोजित प्रदर्शनियों के माध्यम से बच्चे एक तरफ जहां प्रकृति से जुड़ते हैं वहीं दूसरी तरफ उनके अंदर आत्मविश्वास उत्पन्न होता है वह अपनी बातों को कलाकृतियों में रंगों के इन विभिन्न माध्यमों से आसानी से कह सकते हैं।

सह डायरेक्टर कुसुम बत्रा ने प्रत्येक कलाकृति को देखा और बच्चों से उसकी खूबियों के बारे में पूछा बच्चों ने बनाने की विधि तथा कलाकृतियों की बारीकियां के बारे में समझाया। बत्रा मैडम ने बताया कि इस प्रकार की प्रदर्शनी जहां एक ओर कृष्ण दत्त अकादमी को अन्य कॉलेजों से अलग करती है वहीं फाइन आर्ट विभाग के माध्यम से संस्थान बच्चों को आत्मनिर्भर और स्वरोजगार से जोड़ने की शिक्षा देता है ताकि भविष्य में यह बच्चे स्वाबलंबी बन सके।

हरे रामा अवध धाम अति प्यारा...गीत की प्रस्तुति ने समां बांधा

- दो दिवसीय पंचरंगी सावन का हुआ शुभारम्भ
- अवध, ब्रज, पूर्वांचल बुंदेलखंड, पश्चिमांचल के सावन गीतों का उत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नव अंशिका फाउंडेशन के द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के सहयोग से दो दिवसीय अवध, ब्रज, पूर्वांचल बुंदेलखंड, पश्चिमांचल के सावन गीतों का उत्सव के उद्घाटन दिवस सोमवार को गोमती नगर स्थित अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान परिसर के ऑडिटोरियम में उत्तर प्रदेश के सावन के लोक गायन और नृत्य प्रस्तुत किया गया।

फाउण्डेशन की अध्यक्षा और उत्सव की संयोजक एवं आयोजक नीशू त्यागी के मार्गदर्शन में लोक गायिका दीपिका मिश्रा ने परंपरा का वहन करते हुए सबसे पहले देवी सुमिरनी कजरी, वीना वाली मैया सुनायी। अवधी कजरी, हरे रामा अवध धाम अति प्यारा... सुनाकर लक्ष्मणपुरी नगरी में अयोध्या को जीवंत कर दिया। इस क्रम में बनारसी कजरी, सखियाँ झूलन चली रे फूल बगियाह्व के बाद उन्होंने ब्रज की कजरी, राधे संग झूले नन्द लाल हो, मिजार्पुर की कजरी, मत जाना हई अबला हमें नार पिया और बुंदेली कजरी अरे रामा सैंया गये परदेश सुनाकर तालियां बटोंरी। इन सबसे इतर निगुर्नी कजरी, तोर देहिया इ माटी के मकान बाह्व सुनते ही बनी।

उत्तर प्रदेश के सावन गीतों की पंचरंगी सरिता को आगे बढ़ाते हुए अरुण कुमार के दल ने जन्मे अवध में राम मंगल गाओ री, अरे रामा रिम झिम बरसे पनिया और अरी बहना उठी है घटा घन घोर जैसे लोकप्रिय सावन गीतों को सुनाकर प्रशंसा हासिल की। विभिन्न सुरीले गीतों पर विशाल गुप्ता के दल ने सुंदर नृत्य पेश कर आयोजन को परवान चढ़ाया। आगंतुकों ने कौशल्या के जन्मे ललनवा अवध में बाजे बजनवा हो, सासु पनिया कैसे जाऊँ रसीले दोउ नैना, राधा गोरी गोरी और निमिया के डार मैया का भी भरपूर आनंद लिया। संतोष के दल ने भी विभिन्न लोक गीत प्रस्तुत किये। इस दो दिवसीय उत्सव के प्रबंधन का दायित्व दबीर सिद्दीकी ने संभाला। उन्होंने बताया कि इस उत्सव का समापन समारोह 19 अगस्त को गोमती नगर स्थित अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान परिसर के ऑडिटोरियम में ही शाम छह बजे होगा। उत्सवह्व की दूसरी संध्या में नूतन पाण्डेय और संत कबीर नगर से स्वीटी सिंह का दल सतरंगी प्रस्तुतियां देगा।

महाकुम्भ के साधु-संतों व पशु पक्षियों की तस्वीरों ने जीता दिल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। कल यानी 19 अगस्त को वर्ल्ड फोटोग्राफी डे है और इस खास मौके को देखते हुए आज से ही देश-दुनिया के फोटोग्राफर अपनी-अपनी हजार शब्दों से बंधी एक-एक तस्वीर को सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों के जरिए लोगों तक पहुंचाकर सभी छायाकारों को बधाई दे रहे हैं। इसी बीच राजधानी लखनऊ में भी 'द यूथ फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन' यानी 'ळ ढअ' की ओर से तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन हुआ।

इस प्रदर्शनी में लखनऊ समेत देशभर के फोटोग्राफर्स की ओर से चुनिंदा तस्वीरों को लगाया गया है। सोमवार को उत्तर प्रदेश के डिप्टी उट केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ के अलीगंज स्थित कला स्रोत आर्ट गैलरी पहुंचकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने तस्वीरों को देखकर छायाकारों के संघर्ष और उनके काम की जमकर सराहना की। फोटो प्रदर्शनी में छायाकारों की ओर से महाकुंभ के दौरान कैमरे में कैद की गई रोमांचक तस्वीरों को लगाया गया। इन तस्वीरों में साधु संतों के अलावा अन्य आकर्षित करने वाले दृश्य भी दिखाए गए। इसके साथ ही खेल व पशु पक्षियों से जुड़ी तस्वीरों ने भी प्रदर्शनी में पहुंचने वाले लोगों का मन मोह लिया। दी यूथ फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाहिर सिद्दीकी ने कहा कि फोटोग्राफी का शौक अब लोगों में बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। छोटे-छोटे बच्चों में भी फोटोग्राफी को लेकर अच्छा खासा जुड़ाव देखने को मिलता है। ऐसे में बच्चों के माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों को मोबाइल फोन के गेम से दूर रखकर मोबाइल फोन का उपयोग फोटोग्राफी जैसी चीजों के लिए करने को प्रेरित करना चाहिए, जिससे उनके हुनर निकलकर बाहर आए।

जीएम एनईआर ने किया गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

● डीआरएम कार्यालय के सभागार में की कामकाजों की समीक्षा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने और सुरक्षित रेल परिवहन सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मण्डल के स्टेशनों पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों को त्वरित गति से पूरा करने और यात्रियों की सुरक्षा व संरक्षा के लिए समुचित प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबन्धक सौम्या माथुर ने आज मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इंफ्रा) भुवनेश सिंह, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (परिचालन) रजनीश गुप्ता सहित मण्डल के सभी शाखाधिकारियों की उपस्थिति में मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय सभागार में समीक्षा बैठक की तथा गोमतीनगर टर्मिनल स्टेशन का रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।

समीक्षा बैठक के आरम्भ अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इंफ्रा.) भुवनेश सिंह ने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से मण्डल में आधारभूत संरचना के विकास, परिचालनिक क्षमता में सुधार, यात्री सुविधाओं के उन्नयन, यात्री व माल यातायात, संरक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, सुरक्षा और कर्मचारी कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रगति तथा मण्डल के अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत विभिन्न स्टेशनों पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों तथा विशेष रूप से गोमतीनगर स्टेशन पर हो रहे पुनर्विकास कार्यों की प्रगति से महाप्रबन्धक को अवगत कराया। अपने सम्बोधन में महाप्रबन्धक सौम्या माथुर ने कहा, रेलवे का प्राथमिक दायित्व यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और सुखद यात्रा अनुभव प्रदान करना है। पूर्वोत्तर रेलवे का आधारभूत ढांचा तेजी से विकसित हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप माल यातायात में भी वृद्धि हो रही है। सभी स्टेशनों पर मूलभूत यात्री सुविधाओं और परिचालनिक संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने मण्डल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य योजना बनाकर परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और कार्य के दौरान आने वाली कमियों को तत्काल दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि मण्डल को यात्रियों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए गुणवत्ता और समयबद्धता के उच्च मानकों को बनाए रखना होगा। मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि लखनऊ मण्डल आपके मार्गदर्शन में निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। आपने हमेशा मण्डल के अधिकारियों और कर्मचारियों में नई ऊर्जा का संचार किया है। मण्डल के सभी रेलकर्मी आपसी समन्वय के साथ परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और गुणवत्ता के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए पूर्ण रूप से कटिबद्ध हैं। उन्होंने महाप्रबन्धक को आश्वस्त किया कि लखनऊ मण्डल यात्री सुविधा, सुरक्षा एवं संरक्षा के प्रति हर संभव प्रयास कर रहा है। इसके पश्चात महाप्रबन्धक सौम्या माथुर ने गोमतीनगर रेलवे स्टेशन के द्वितीय इंट्री प्रवेश द्वार पहुँचने पर स्टेशन के ले-आउट प्लान का अवलोकन किया तथा द्वितीय इंट्री पर चल रहे आधारभूत संरचना विकास कार्यों को देखा। इसके उपरांत प्रथम इंट्री प्रवेश द्वार की तरफ नॉर्थ एवं साउथ टर्मिनल भवनों, वाणिज्यिक ब्लॉक, फ्लाईओवर, और एयर कॉनकोर्स के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) के मुख्य परियोजना प्रबन्धक पावस यादव ने गोमतीनगर स्टेशन पर हो रहे विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। महाप्रबन्धक सौम्या माथुर ने परियोजना से जुड़े अधिकारियों को भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यात्री सुविधाओं में विस्तार और ट्रेन परिचालन की क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर दिया कि स्टेशन पर यात्रियों को आधुनिक और सुविधाजनक सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर लखनऊ मण्डल के समस्त शाखाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वच्छता अभियान के तहत रेलकर्मियों को दिलायी गयी शपथ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा देश की आजादी का जश्न स्वच्छता के संकल्प के साथ मनाया जा रहा है। भारतीय रेल पर 16 अगस्त से 31 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता अभियान के द्वितीय चरण के तीसरे दिन पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों पर स्टेशनों, ट्रेनों, आवासीय कॉलोनियों, डिपो एवं कारखानों में स्वच्छता सम्बन्धी अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में, लखनऊ मंडल पर सोमवार को गोरखपुर, बस्ती, खलीलाबाद, गोंडा, बादशाहनगर, ऐशबाग, लखनऊ जं. स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर रेलकर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। प्रभात फेरी निकाली गई, स्टेशनों एवं रेल परिसरों में साफ-सफाई की गई तथा टेन्जों में सफाई के साथ स्वच्छता हेतु रेलयात्रियों को जागरूक किया गया। वाराणसी मंडल के देवरिया सदर, भटनी, सीवान, छपरा, मऊ, बलिया, आजमगढ़, बनारस, गाजीपुर सिटी तथा प्रयागराज रामबाग स्टेशनों पर स्वच्छता सम्बन्धित नारों एवं पोस्टरों के माध्यम से जन-जागरूकता रैली निकाली गई, साथ ही यात्रियों एवं रेलकर्मियों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान विभिन्न स्टेशनों पर गीले एवं सूखे कचरों के लिये अलग-अलग डस्टबिन स्थापित किये गये, यात्रियों को जागरूक करने के लिये डस्टबिन के पास एवं अन्य स्थानों पर साइन बोर्ड लगाये गये, रेलवे ट्रैक की सफाई की गई, स्टेशनों से सटे रेल लाइनों के किनारों पर गहन सफाई सुनिश्चित की गई, रेल कालोनियों में स्वच्छता अभियान चलाया गया, स्वच्छता रैली निकाली गई तथा स्टेशनों एवं ट्रेनों में स्वच्छता के साथ प्लास्टिक का उपयोग कम करने के लिये रेलकर्मियों एवं यात्रियों को जागरूक किया गया।

इज्जतनगर मंडल के सभी महत्वपूर्ण स्टेशनों पर कचरे का अलगाव और डस्टबिन का प्रावधान किया गया, डस्टबिन के पास जागरूकता साइन बोर्ड रखे गये, गाड़ियों एवं कोचों की गहन सफाई की गई, गाड़ियों में उपलब्ध लिनेन की स्वच्छता का निरीक्षण किया गया। रेलवे ट्रैक एवं ट्रैक के किनारे की सफाई की गई, रेलवे कालोनी में स्वच्छता कार्य किया गया, रेल प्रतिष्ठानों में आवश्यकतानुसार डस्टबिन का प्रावधान किया गया, यात्री उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से स्टेशनों पर और ट्रेनों में यात्रियों को कोच साफ रखने और प्लास्टिक का उपयोग कम करने के लिये आग्रह किया गया।

मेडिकल कैंप में 55 मरीजों की हुई स्वास्थ्य जांच

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के गोंडा स्थित उप मंडलीय रेलवे चिकित्सालय में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर बत्रा हास्पीटल, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया गया। इस शिविर में डॉ. संजीव शर्मा (हृदय रोग विशेषज्ञ) ने 55 मरीजों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की। स्वास्थ्य जॉच के दौरान पाये गये 05 हृदय रोग से ग्रसित मरीजों को नियमित रूप से चेकअप व उपचार कराने की सलाह दी गई।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, गोंडा अमर मण्डल ने इस अवसर पर बताया कि इस तरह के स्वास्थ्य जॉच शिविर का आयोजन रेलवे कर्मी एवं उनके परिवारीजनों के कल्याण के लिए नियमित रूप से किया जाता है। इन शिविरों के माध्यम से न केवल बीमारियों का समय पर पता चलता है, बल्कि मरीजों को उचित इलाज की दिशा में कदम उठाने में भी मदद मिलती है। इस स्वास्थ्य जॉच शिविर में स्थानीय रेलवे कर्मियों तथा उनके परिजनों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

विभिन्न स्टेशनों पर दिया गया ट्रेनों का ठहराव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा के लिए गाड़ियों का तत्काल प्रभाव से पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया गया है।

ठहराव के तहत गाड़ी संख्या 15073 सिंगरौली-टनकपुर एक्सप्रेस करैला रोड स्टेशन 16.32 बजे पहुंकर 16.34 बजे छूटती है। गाड़ी संख्या 15074 टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस करैला रोड स्टेशन 06.56 बजे पहुंकर 06.58 बजे छूटती है। गाड़ी संख्या 15075 शक्तिनगर-टनकपुर एक्सप्रेस करैला रोड स्टेशन 16.32 बजे पहुंकर 16.34 बजे छूटती है। गाड़ी संख्या 15076 टनकपुर-शक्तिनगर एक्सप्रेस करैला रोड स्टेशन 06.56 बजे पहुंकर 06.58 बजे छूटती है। गाड़ी संख्या 15075 शक्तिनगर-टनकपुर एक्सप्रेस कृष्ण शिला स्टेशन 15.54 बजे पहुंकर 15.56 बजे छूटती है। गाड़ी संख्या 15076 टनकपुर-शक्तिनगर एक्सप्रेस कृष्ण शिला स्टेशन 07.14 बजे पहुंकर 07.16 बजे छूटती है। गाड़ी संख्या 15075 शक्तिनगर-टनकपुर एक्सप्रेस मिचार्धूरी स्टेशन 16.41 बजे पहुंकर 16.43 बजे छूटती है। गाड़ी संख्या 15076 टनकपुर-शक्तिनगर एक्सप्रेस मिचार्धूरी स्टेशन 06.44 बजे पहुंकर 06.46 बजे छूटती है। गाड़ी संख्या 15075 शक्तिनगर-टनकपुर एक्सप्रेस ओबरा डैम स्टेशन 17.30 बजे पहुंकर 17.32 बजे छूटती है। गाड़ी संख्या 15076 टनकपुर-शक्तिनगर एक्सप्रेस ओबरा डैम स्टेशन 06.14 बजे पहुंकर 06.16 बजे छूटती है। गाड़ी संख्या 18523 सम्बलपुर/विशाखपट्टणम-बनारस एक्सप्रेस पतरातू स्टेशन 23.16 बजे पहुंकर 23.18 बजे छूटती है। गाड़ी संख्या 18524 बनारस-सम्बलपुर/विशाखपट्टणम एक्सप्रेस पतरातू स्टेशन 00.33 बजे पहुंकर 00.35 बजे छूटती है।

कई विशेष ट्रेनों के फेरों में वृद्धिः रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व से चल रही निम्नलिखित विशेष गाड़ियों के संचलन अवधि में निम्नवत विस्तार किया गया है। ये गाड़िया अपने पूर्ववत ठहराव एवं समयानुसार विस्तारित अवधि तक चलाई जायेगी। इन गाड़ियों का ठहराव दरभंगा के स्थान पर शिशो हाल्ट स्टेशन पर दिया जायेगा।

अवधि विस्तार के तहत 05575 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 20 अगस्त से 10 सितम्बर तक 04 फेरों के लिए किया गया है। यह गाड़ी शिशो हाल्ट स्टेशन पर 23.35 बजे पहुंचकर 23.40 बजे छूटेगी। 05576 आनन्द विहार टर्मिनस-सहरसा साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 19 अगस्त से 16 सितम्बर तक 05 फेरों के लिए किया गया है। यह गाड़ी शिशो हाल्ट स्टेशन पर 04.00 बजे पहुंचकर 04.05 बजे छूटेगी। 05579 पूर्णिया कोर्ट-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 17 अगस्त से 15 सितम्बर तक 18 फेरों के लिए किया गया है। यह गाड़ी शिशो हाल्ट स्टेशन पर 23.35 बजे पहुंचकर 23.40 बजे छूटेगी। 05580 आनन्द विहार टर्मिनस-पूर्णिया कोट विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 20 अगस्त से 17 सितम्बर तक 17 फेरों के लिए किया गया है। यह गाड़ी शिशो हाल्ट स्टेशन पर 04.00 बजे पहुंचकर 04.05 बजे छूटेगी। इन गाड़ियों में जनरेटर सह लगेज यान के 02 तथा वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 18 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

अंकुर सक्सेना रालोद के प्रदेश महासचिव मनोनीत

लखनऊ। राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता अंकुर सक्सेना को रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के निर्देशानुसार तथा राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी के अनुमोदन से प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनीत किया। अंकुर सक्सेना के मनोनयन पर पार्टी पदाधिकारी ने हर्ष व्यक्त किया। इसकी जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने दी।

एंटी रैगिंग के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया

लखनऊ। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की ओर से एंटी रैगिंग सप्ताह का समापन सोमवार को हुआ। विश्वविद्यालय के सुजान सभागार में एंटी रैगिंग से सम्बंधित पोस्टर प्रतियोगिता, लोगो प्रतियोगिता , स्लोगन प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो मांडवी सिंह नें बताया की विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वार्षिक कैलेण्डर में इस वर्ष से एंटी रैगिंग सप्ताह के कार्यक्रमों को सम्मिलित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस सप्ताह में विश्वविद्यालय द्वारा एंटी रैगिंग से सम्बंधित अनेक कार्यक्रमों को आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में एंटी रैगिंग के प्रति जागरूक किया जाना है। जिससे विश्वविद्यालय परिसर में समस्त छात्र छात्राओं के लिए एक सुरक्षित व सम्मानजनक वातावरण का निर्माण हो। इस मौके पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डा. सृष्टि धवन, कार्यक्रम संयोजिका डॉ रूचि खरे समेत अन्य शामिल रहे।

कौशल-आधारित बनाना अति आवश्यक : प्रो. मनुका खन्ना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नेशनल पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर देवेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक सप्ताह की एफडीपी आईक्यूएसी, एनपीजीसी/डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन, एनपीजीसी के संयुक्त तत्वावधान में प्रारंभ हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंजीकरण एवं किट् डिस्ट्रीब्यूशन तथा दीप प्रज्वलंन कर मां सरस्वती वंदना के बाद हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. अमिता बाजपेई एवं प्रो. अर्पणा गोडबोले तथा मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. अमिता पांडे भारद्वाज ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी। समस्त अतिथियों को अंगवस्त्र प्रतीक चिन्ह तथा पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।

स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए एफडीपी के उद्देश्य, गतिविधियों और पाठ्यक्रम को कौशल-आधारित शिक्षा से किस तरह जोड़ा जा सकता है पर चर्चा की। उपनिदेशक डॉ. दीक्षा शर्मा ने एफडीपी के 6 दिन के कार्यक्रमों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि मनुका खन्ना ने एफडीपी की बधाई देते महाविद्यालय में नैक की अग्रिम तैयारियों की प्रशंसा की। ज्ञान को हासिल करना, व्यवहार में लाना और उसको कौशल-आधारित बनाना अति आवश्यक है क्योंकि यह शिक्षा छात्रों को व्यावहारिक कौशल प्रदान करती है जो सीधे शिक्षार्थियों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करती है। आये अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन आईक्यूएसी निर्देशक प्रो. ज्योति भार्गव के द्वारा किया गया। द्वितीय सत्र में प्रो. अमिता पांडे भारद्वाज ने ब्लूम टैक्सनॉमी के संप्रत्यय को स्पष्ट किया। साथ ही उन्होंने बताया कि किस प्रकार से आउटकम बेस्ड एजुकेशन न केवल हमारी शिक्षण वरन हमारी मूल्यांकन को भी कहीं ना कहीं एक गुणवत्ता प्रदान करेगी। अपने वक्तव्य में उन्होंने ब्लूम टैक्सनॉमी के अंतर्गत लर्निंग और टीचिंग के तीन डोमैंस कॉग्निटिव, इफेक्टिव और साइको मोटर को स्पष्ट किया और विभिन्न डोमेन के मैट्रिक को बताया जिसका संचालन गूगल मीट के माध्यम से शिक्षा शास्त्र विभाग की डॉ. रीना श्रीवास्तव ने किया।

आईईटी के लिए 54 करोड़ का बजट पास

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में सोमवार को कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में वित्त समिति की बैठक हुई। बैठक में करीब 142 करोड़ रुपये के बजट पर चर्चा की गयी। साथ ही विभिन्न प्रस्तावों के लिए बजट तय किया गया। इसमें सबसे महत्वपूर्ण रहा विश्वविद्यालय के घटक संस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) लखनऊ के लिए 54 करोड़ के बजट का प्रस्ताव पास हुआ। इस बजट के जरिये संस्थान को आधुनिक तकनीकी से युक्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके तहत अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, हाइटेक क्लासरूम, सेंटर ऑफ एक्सिलेंस बनाया जाएगा ताकि छात्रों को अच्छी से अच्छी तकनीकी और शिक्षा मुहैया करायी जा सके। नैक समिति के निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाये जाने का सुझाव दिया गया था। इस क्रम में फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग में धरोहर (ए रिपोसिटरी फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम आइकेएस सेंटर) बनाये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इसके लिए 50 लाख रुपए का बजट तय किया गया है। साथ ही आईकेएस में माइनर कोर्स चलाने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगी। वहीं एफओएपी के सभी कर्मियों को आधुनिक तकनीकी में सबल बनाने के लिए 50 लैपटॉप देने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। वहीं संस्थान के महिला छात्रावास के उच्चीकरण के लिए 13 लाख रुपए का बजट स्वीकृत किया गया। बैठक में विश्वविद्यालय एवं घटक संस्थानों के कर्मियों के कल्याण के लिए भी कई प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसमें कर्मचारी कल्याण कोष के तहत किसी भी कर्मचारी के मृत्यु पर 15 लाख रुपए, एनपीएस कर्मियों को राज्य सरकार के शासनादेश को अंगीकृत करते हुए मृत्यु पर पुरानी सुविधाओं का लाभ, महिला कर्मियों को शिशु देखभाल अवकाश, प्रसूति अवकाश, विभिन्न बीमा कंपनियों के जरिये कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के लिए 10 लाख रुपए का निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सकीय सुविधा, ब्याज रहित अग्रिम भुगतान सात लाख एवं दस लाख रुपए करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी गयी। इसके अलावा विश्वविद्यालय में विजिटिंग, डिजिनिस्टिगुइस एवं एमिरिट्स प्रोफेसर रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में पहली बार शुरू किये गये बीटेक पाठ्यक्रम के लिए भी बजट तय किया।

मेडिकल संस्थानों व अस्पतालों के वेंटिलेटर्स का ब्यौरा मांगा

लखनऊ। हाईकोट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए, राजधानी के तमाम सरकारी मेडिकल संस्थानों व अस्पतालों में उपलब्ध वेंटिलेटर्स का ब्यौरा मांगा है। न्यायालय ने कहा है कि किस संस्थान या अस्पताल में कितने वेंटिलेटर उपलब्ध हैं और कितने की आवश्यकता है, इसकी पूरा आंकड़ा दिया जाय ताकि हम यह सुनिश्चित कर सकें कि जो भी वेंटिलेटर्स उपलब्ध हैं वे पर्याप्त हैं अथवा नहीं। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 7 अक्टूबर की तिथि नियत की है। साथ ही कुलपति केजीएमयू, निदेशक एसजीपीजीआई, निदेशक आरएमएल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्सेज को स्वयं अथवा नामित अधिकारी के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवायी के दौरान उपस्थित होने को कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने वी द पीपल संस्था की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया है।

लखनऊ पूर्वी विधानसभा में विकास कार्यों की नयी सौगातें

लखनऊ। लखनऊ पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में सतत विकास के क्रम को आगे बढ़ाते हुए विधायक ओपी श्रीवास्तव ने रविवार को तीन महत्वपूर्ण विकास कार्यों का लोकार्पण किया और क्षेत्रवासियों को विकास कार्यों की नई खेप समर्पित कीं। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार का संकल्प है कि हर मोहल्ला स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो। पार्क सिर्फ हरियाली का प्रतीक नहीं, बल्कि परिवारों की खुशियों और समाज की सेहत का केंद्र होते हैं। इन्हीं भावनाओं के साथ ये विकास कार्य कराए गए हैं, ताकि हमारे बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण पा सकें।

उन्होंने कहा कि मैं आश्वस्त करता हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, लखनऊ के लोकप्रिय सांसद राजनाथ सिंह के नेतृत्व में लखनऊ पूर्वी विधानसभा का सर्वांगीण विकास निरंतर जारी रहेगा। विधायक ओपी श्रीवास्तव ने अलीगंज महावीर जी ट्रस्ट हनुमान मंदिर पार्किंग में प्रकाश व्यवस्था एवं ओपन जिम की स्थापना का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इसके बाद उन्होंने डी- ब्लॉक भरत पार्क, इंदिरा नगर में बाउंड्री वॉल निर्माण, रंगाई-पुताई एवं वॉकिंग ट्रैक, ओपन जिम के नवनिर्माण कार्य का शुभारंभ किया। फिर वे सेक्टर-9 वैशाली एंक्लेव पार्क-1, इस्माइलगंज प्रथम वार्ड में पहुंचे जहां पार्क में डेकोरेटिव लाइट्स, ओपन जिम एवं फ्लोरिंग कार्य का लोकार्पण किया। इस मौके पर मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष के के सिंह, राकेश दीक्षित, भाजपा के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष मणिकांत शुक्ला, सेक्टर संयोजक शेखर श्रीवास्तव, डॉ. अर्चना सक्सेना, सुमन लता कुरील, वार्ड अध्यक्ष विश्वनाथ शुक्ला, संजीव पांडे, रवि काचरू, महेश नारायण तिवारी, मंडल महामंत्री संदीप पाठक, बृजमोहन अवस्थी, शशांक शेखर गोल्डी, भरत पार्क में अगम शरण जोशी, हिमांशु भट्ट, वैशाली एंक्लेव आवासीय समिति के निवासी एसपी सिंह, आवासीय समिति के पदाधिकारीगण, पार्षद प्रत्याशी कृष्णवीर सिंह बंटू, पारुल सिंह, पुष्पेंद्र वर्मा, लव पाठक, रमेश यादव समेत पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं को रोचक तरीके से समझाया

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय (एफओईटी), जैव प्रौद्योगिकी अभियांत्रिकी विभाग के तत्वावधान में सोमवार को इंडक्शन प्रोग्राम 2025 का आयोजन किया। इस अवसर पर बायोइंस्पायर्ड इंजीनियरिंगः प्रकृति से विज्ञान की शिक्षा विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य नवागंतुक छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था।

इस कार्यक्रम में प्रो. प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया, जिन्हें 'सायंटून' व 'सायंटूनिक्स' के जनक तथा सीडीआरआई के पूर्व प्राचार्य वैज्ञानिक के रूप में जाना जाता है। उन्होंने विज्ञान और कार्टून का रचनात्मक समन्वय प्रस्तुत करते हुए 'सायंटून' के माध्यम से जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं को रोचक एवं सरल तरीके से समझाया। प्रो. श्रीवास्तव ने अपने व्याख्यान में बताया कि किस प्रकार प्रकृति सदैव सर्वोत्तम अभियंता रही है और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवाचार की प्रेरणा देती है। उन्होंने पक्षियों के पंखों से लेकर कमल के पत्तों तक, विभिन्न प्राकृतिक संरचनाओं से प्रेरित इंजीनियरिंग समाधानों के उदाहरण प्रस्तुत किए, जो आज के युग में टिकाऊ और अभिनव तकनीकों का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'सायंटून्स' की प्रस्तुति रही, जिसमें हास्य के साथ-साथ जानकारीपूर्ण कार्टूनों के माध्यम से वैज्ञानिक विषयों को मनोरंजक और शिक्षाप्रद रूप में प्रस्तुत किया गया। छात्रों को इस माध्यम को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया ताकि वे अपनी वैज्ञानिक समझ और अभिव्यक्ति को और बेहतर बना सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने की, जिन्होंने इस आयोजन के संरक्षक के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम का संयोजन डॉ. राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया तथा डॉ. ममता शुक्ला, डॉ. शान-ए-फातिमा, डॉ. सुमन कुमार मिश्रा, इं. कौशलेश शाह, इं. विवेक बाजपेई, इं. धीरेंद्र सिंह, इं. शिवांशी त्रिपाठी, इं. राशी श्रीवास्तव एवं डॉ. इफ्त अजीम द्वारा समन्वयन किया गया। सत्र का समापन एक संवादात्मक प्रश्नोत्तर के साथ हुआ, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो इस बात का प्रमाण था कि यह कार्यक्रम छात्रों की वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा को प्रोत्साहित करने में पूर्णतः सफल रहा।

एकेटीयू कैंपस में पहली बार बीटेक में प्रवेश के लिए छात्रों ने करायी फिजिकल रिपोर्टिंग

लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में पहली बार शुरू हो रहे बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सोमवार से छात्रों की फिजिकल रिपोर्टिंग शुरू हो गयी। फिजिकल रिपोर्टिंग 21 तक चलेगी। फिजिकल रिपोर्टिंग के लिए अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देशीय सभागार में 10 डेस्क लगाये गये थे। छह डेस्कों पर छात्रों के प्रमाणपत्रों की जांच की गयी। जबकि हेल्प डेस्क, फीस काउंटर, एवं फिजिकल रिपोर्टिंग का डेस्क लगाया गया। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन एवं कैश के निदेशक प्रो. वीरेंद्र पाठक के नेतृत्व में फिजिकल रिपोर्टिंग हुई। समन्वय डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने किया। इस दौरान संस्थान के शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी सहयोग प्रदान किया।

अवध रेसिडेंसी को गिराने पहुंची एलडीए टीम का विरोध

विशेष संवाददाता (vol)

- भवन खरीदारों ने प्राधिकरण पर लगाया गलत कार्रवाई का आरोप

लखनऊ। बिजनौर रोड पर बिना लेआउट पास कराए अवध रेसिडेंसी कॉलोनी को विकसित कर दिया गया। लगातार नोटिसों के बाद भी अवैध निर्माण न रोके जाने पर सोमवार को कार्रवाई करने पहुंची एलडीए की टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। मकान के खरीदारों ने प्राधिकरण पर गलत कार्रवाई का आरोप लगाया। कहा कि बिल्डर राधेश्याम ओझा और जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी के बीच विवाद के कारण उन्हें टारगेट किया जा रहा है। गाढ़ी कमाई से खरीदे गए घर को गिराने की कोशिश की जा रही है। मुख्य रास्तों को प्राधिकरण के बुलडोजर से खोद दिया गया है। इससे आने-जाने में दिक्कत होती है। एम्बुलेंस घर तक नहीं पहुंच पाती है।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि इस मामले की शुरूआत अगस्त 2024 में प्राधिकरण के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी की तैनाती के समय हुई। 2024 में कॉलोनी को अवैध बता कर सील किया गया। कहा गया की एयरपोर्ट ने कॉलोनी पर आपत्ति जताई है। इस पर स्थानीय लोगों ने एयरपोर्ट से एनओसी हासिल कर ली। मामला कोर्ट तक गया। कॉलोनी में लगभग 40 घर बने हुए हैं, जिसमें 30 परिवार रह रहे हैं और अन्य घरों में भी शिफ्टिंग की तैयारी है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि विगत वर्ष हम लोगों ने मंडलायुक्त से इस मामले में शिकायत की थी। इसके बाद मामला ठंडा हो गया, मगर देवांश त्रिवेदी के दोबारा जोनल अधिकारी के रूप में तैनात होने पर फिर से परेशान किया जा रहा है। कागजी कार्रवाई पूरी करके एयरपोर्ट से एनओसी लेने के बाद भी हम लोगों को अवैध कहा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि इसके पीछे बिल्डर और जोनल अधिकारी का निजी मामला शामिल है। उन्होंने कहा कि कॉलोनी का बिल्डर राधेश्याम ओझा और देवांश त्रिवेदी के बीच कुछ सालों पहले आपसी विवाद हो गया था। इसके बाद से देवांश त्रिवेदी ने कॉलोनी को टारगेट कर लिया है, जबकि आसपास कई ऊंचे घर और बड़ी कालोनियां विकसित हैं, जहां पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। स्थानीय महिलाओं ने बताया कि एलडीए के अधिकारी महिलाओं से भी अभद्रता करते हैं। अधिकारियों ने उनके हाथ में पत्थर दिया और अपने कर्मचारियों से वीडियो बनवा लिया। फर्जी मुकदमा करवा कर जेल भेजवाने की धमकी दी। रोड पर गड्ढा कर देने के कारण उनका आने-जाने में दिक्कत हो ही रही है। स्कूल वैन और एम्बुलेंस जैसे वाहनों को आने जाने में समस्या हो रही है।

ध्वस्तीकरण नहीं हुआ, सील था फिर भी बन गया शॉपिंग कॉम्प्लेक्स

विधि संवाददाता

लखनऊ। राजधानी के खुर्रम नगर इलाके में एक अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण के आठ साल से भी पुराने आदेश के बावजूद ध्वस्तीकरणन होने बल्कि एलडीए के सील को हटाकर उक्त अवैध निर्माण को और विस्तार देते हुए, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बना लेने के एक मामले पर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय ने एलडीए उपाध्यक्ष को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अगली सुनवायी पर उपस्थित होकर, उन अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई का ब्यौरा मांगा है। न्यायालय ने कहा है कि यदि जिम्मेदारों की विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई है तो उनका विवरण हमें उपलब्ध कराएं। मामले की अगली सुनवायी 15 सितम्बर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने हेमंत कुमार मिश्रा की ओर से वर्ष 2016 में दाखिल जनहित याचिका पर सुनवायी करते हुए पारित किया। सुनवायी के दौरान एलडीए के अधिवक्ता ने स्वीकार किया कि शॉपिंग कॉम्प्लेक्स अवैध है लिहाजा एलडीए की ओर से उसे सील कर दिया गया था लेकिन अवैध कब्जेदारों ने सील तोड़कर वहां निर्माण पूर्ण कर लिया, इस सम्बंध में गुडम्बा थाने में एक एफआईआर भी दर्ज कराई गयी है। इस पर न्यायालय ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि ध्वस्तीकरण का आदेश 10 मई 2016 को सक्षम अधिकारी की ओर से पारित किया गया था लेकिन अब तक उक्त आदेश पर अमल नहीं किया गया, उल्टा सील तोड़ के निर्माण हो गया। न्यायालय ने पूछा कि जिन अधिकारियों-कर्मचारियों पर इसे रोकने की जिम्मेदारी थी, वे आखिर क्या कर रहे थे। न्यायालय ने प्रतिवादी बनाए गए मो. अनवर सिद्दीकी और फारुक सिद्दीकी को नोटिस देने का आदेश सम्बंधित डीसीपी को दिया है।

लखनऊ में दर्जन भर से ज्यादा बनेंगे बिजली घर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बिजली की मांग दिन पर दिन बढ़ रही है। मांग बढ़ने से लोगों को बिजली आपूर्ति सही से नही मिल पा रही है। जिसको लेकर राजधानी में लगभग 12 से अधिक बिजली घर बनाने के लिए लेसा ने डीएम कार्यालय को पत्र भेजा है। डीएम ने लेखपाल और अन्य अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सप्ताह भर के अन्दर जमीन चिन्हित कर बिजली अधिकारियों को सूचना दिया जाय। लेसा सिस गोमती के मुख्य अभियंता रजत जुनेजा ने बताया कि जमीन मिलते ही बिजली घर बनाने की प्रक्रिया शुरु हो जायेगी।

लेसा अब चार जोन मे बट चुका है। जिसमें अलग-अलग मुख्य अभियंता बैठने लगे है। लेसा ट्रांस गोमती में दो जोन बनाये गये है। वही लेसा सिस गोमती में सिस प्रथम के चीफ रजत जुनेजा और दूसरे के रवि अग्रवाल है। अब उपभोक्ता की बात करे तो हर चौथा ट्रांसफार्मर क्षमता से अधिक चल रहा है। ऐसे में क्षमता से अधिक बिजली की मांग बढ़ने पर विभिन्न क्षेत्रों कि बिजली कटौती करना पड़ता है।

जिसको लेकर यूपीपीसीएल ने राजधानी की बिजली आपूर्ति और बढ़ाने के लिए 12 और बिजली घर बनाने के लिए मध्यांचल एमडी को निर्देश दिया था। लखनऊ की कुल 41 लाख के करीब है। वर्तमान में 124 बिजली घर बना हुआ है। जिससे सभी को आपूर्ति दिया जाता है। वर्तमान में लेसा के चार जोन में 840 मेगावाट बिजली आपूर्ति हो रही है। यह आपूर्ति गर्मी के दिनो मे बढ़कर 1400 मेगावाट के करीब पहुंच जाती है। बीते दिनो उतरठिया में बिजली सप्लाई कम होने पर लोगों के घर बिजली कटौती करनी पड़ी थी जिसको देखते हुए शारदानगर में 10 केवीए का नया बिजली घर बनाया गया था।

यहा बनेगा बिजली घर : नादरगंज, सरोजनीनगर, उतरठिया, चिनहट, लौलाई, आलमबाग, गोमतीनगर, बंथरा, दुबग्गा, गोसाईगंज, मोहनलालगंज, मलिहाबाद, काकोरी।

अनंत नगर योजना में 332 भूखण्डों के लिए 8568 लोगों ने कराया पंजीकरण

एलडीए की अनंत नगर आवासीय योजना को लेकर लोगों ने दिखाया जबर्दस्त उत्साह

विशेष संवाददाता (vol)

- 785 एकड़ की इस आवासीय योजना में लगभग डेढ़ लाख लोगों को मिलेगा आशियाना

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण की अनंत नगर (मोहन रोड) आवासीय योजना को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। योजना में द्वितीय चरण में 332 भूखण्डों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण खोला गया था। रविवार रात 12:00 बजे पंजीकरण अवधि समाप्त होने तक 8,568 लोगों ने सफलतापूर्वक आवेदन करते हुए पंजीकरण कराया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि लॉटरी के माध्यम से भूखण्डों का आवंटन किया जाएगा। पंजीकृत आवेदकों का परीक्षण कराने के बाद लॉटरी की तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी।

एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि अनंत नगर आवासीय योजना में भूखंडों के लिए 11, जुलाई 2025 से 10 अगस्त, 2025 के मध्य ऑनलाइन पंजीकरण खोला गया था। जिसे लोगों की मांग पर उपाध्यक्ष ने 7 दिन के लिए बढ़ाते हुए 17 अगस्त, 2025 तक कर दिया था। रविवार को पोर्टल बंद होने तक 8,568 लोगों ने पंजीकरण धनराशि जमा कराकर सफलतापूर्वक रजिस्ट्रेशन करा लिया। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि अनंत नगर योजना में 785 एकड़ के विशाल क्षेत्रफल में टाउनशिप विकसित की जा रही है। जिसमें लगभग डेढ़ लाख लोगों के आशियाने का सपना साकार होगा। इसमें लगभग 2100 आवासीय भूखण्ड व 120 व्यावसायिक भूखण्ड सृजित किये जाएंगे। जिससे लोगों को बेहतर आवासीय सुविधा के साथ व्यावसायिक सेवाओं का लाभ योजना में ही मिलेगा। इसके अलावा ग्रुप हाउसिंग के 60 भूखण्डों में 10,000 से अधिक फ्लैट्स निर्मित किये जाएंगे। ईडब्ल्यूएस व एलआईजी श्रेणी के 5 हजार भवनों में 25 हजार से अधिक लोगों को आवासीय सुविधा प्राप्त हो सकेगी। योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत भी भवनों का निर्माण किया जाएगा। योजना का विकास अंतरराष्ट्रीय मानकों के अंतर्गत ग्रिड पैटर्न पर किया जा रहा है। जिसमें चौड़ी सड़कों के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए भूमिगत केबल बिछायी जाएंगी। योजना में एडुटेक सिटी विकसित की जाएगी, जहां लगभग 10,000 छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं फैकल्टी के सदस्यों के लिए हॉस्टल व आवासीय भवन बनाए जाएंगे। साथ ही लगभग 130 एकड़ भूमि में पार्कों व ग्रीन स्पेस का विकास किया जाएगा, जोकि योजना को पर्यावरण के अनुकूल एक हरा-भरा क्षेत्र बनाएगा।

नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक 22 को, उपाध्यक्ष का होगा चुनाव

- भाजपा सदस्य का उपाध्यक्ष बनना तय, बैठक में पास होंगे नीतिगत प्रस्ताव

लखनऊ। नगर निगम कार्यकारिणी के रिक्त छह पदों पर रविवार को नए सदस्यों का चुनाव हो चुका है। अब नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर 22 अगस्त को कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई है। संख्या बल के चलते इस बार भी भाजपा का ही उपाध्यक्ष चुना जाना तय है। उपाध्यक्ष के चुनाव के अलावा बैठक में विकास कार्यों, मार्ग प्रकाश, सफाई और सीवर समस्या को लेकर भी चर्चा होगी। साथ ही नामांतरण, होर्डिंग की नई नियमावली समेत करीब आधा दर्जन मामलों में नीतिगत प्रस्तावों पर फैसला लिया जायेगा।

कार्यकारिणी के कुल 12 सदस्यों में भाजपा के 10 और सपा के दो सदस्य हैं। ऐसे में भाजपा पार्षद का उपाध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। पिछली बार भी उपाध्यक्ष का पद भाजपा के ही पास था। ऐसे में बैठक में आने वाले प्रस्तावों को पास या निरस्त करने में भाजपा की ही चलेगी। सपा विरोध करने के बाद भी कुछ नहीं कर सकेगी। कार्यकारिणी में कांग्रेस का कोई सदस्य नहीं है। महापौर सुषमा खर्कवाल की ओर से कार्यकारिणी बैठक बुलाने को लेकर आदेश जारी कर दिया गया है। कार्यकारिणी का चुनाव कार्यकारिणी के सदस्य करते हैं। यदि किसी स्थिति में उम्मीदवारों के वोट बराबर आते हैं तो महापौर निर्णायक के तौर पर अपना वोट दे सकती हैं। महापौर कार्यकारिणी की पदेन अध्यक्ष होती हैं। भाजपा पार्षदों से ही उपाध्यक्ष चुने जाने को लेकर संगठन में उथल-पुथल मची है। एक पद के लिए भाजपा के चार कार्यकारिणी सदस्य जोर लगा रहे हैं। इनमें अनुराग मिश्रा अन्नू, राजेश सिंह गब्बर, अरुण राय और भृगुनाथ शुक्ला का नाम चर्चा में है। सूत्रों का कहना है कि उपाध्यक्ष वही बनेगा जो महापौर का सबसे खास होगा। इस हिसाब से अरुण राय का नाम सबसे ऊपर चल रहा है। हालांकि राजेश सिंह गब्बर भी पूरी मशक्कत कर रहे हैं।

अब सोशल मीडिया से मिलेगी बिजली कटौती की जानकारी



लखनऊ। बिजली कटौती कब होगी और कब बिजली आयेगी इसकी जानकारी अब सोशल मीडिया से मिलेगी। इसके लिए पावर कार्पोरेशन फेसबुक और वाटसअप के से बिजली उपभोक्ताओं को जोड़ेगा। पावर कार्पोरेशन के अध्यक्ष आषीश गोयल ने इसके लिए सभी डिस्काम को निर्देशत किया है। फिलहाल अभी चीफ स्तर पर ग्रुप बनाकर उपभोक्ताओ की समस्या का समाधान कर रहा है। इसी ग्रुप में बिजली कटौती की सूचना भी दे रहा है। मध्यांचल, कैस्को, पश्चिमांचल सहित अन्य डिस्काम के बिजली उपभोक्ता सोशल मीडिया पर बिजली कटौती की जानकारी दे सकते है। जानकारी देते ही तत्काल उन्हे बिजली कब कटेगी और कब आयेगी इसकी जानकारी मिल सकेगी। लेकिन इसके लिए उपभोक्ता को उपकेन्द्र का नाम और शिकायतकर्ता का नाम और फोन नम्बर लिखना होगा। सोशल मीडिया लिखे गये उपभोक्ता कि शिकायत 1912 पर भी दर्ज हो सकेगी।

ऑनलाइन लगायेगा परिवहन निगम चालक-परिचालक की ड्यूटी

लखनऊ। परिवहन निगम में पैसा लेकर कोई चालक आराम दायक तो किसी को रात दिन कार्य करना पड़ता था लेकिन अब ऐसा नही होगा। इसके लिए परिवहन निगम आनलाईन ड्यूटी लगाने की योजना तैयार कर चुका है। आनलाईन में रुट और चालक-परिचालक का नाम फीड करते ही बस नम्बर मिल जायेगा। इसी आधार पर महिने पर ड्यूटी चालक-परिचालक करेगें। बस ड्यूटी के फेर में लेट होने वाली बसें अब तय समय सारणी से चलेंगी। वजह ये है कि रोडवेज बस ड्राइवर-कंडक्टरों की ड्यूटी अब सॉफ्टवेयर के जरिए लगनी शुरू हो गई है। एक माह तक चले प्रयोग में 45 फीसदी सॉफ्टवेयर के ड्यूटी लगाने में सफलता मिली है। 35 फीसदी डिपो स्तर से बरती गई लापरवाही पर एमडी ने चिंता जताते हुए सॉफ्टवेयर के जरिए 100 फीसदी ड्यूटी लगाने के सख्त आदेश दिए हैं। इस संबंध में एमआईएस प्रबंधक ने सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को चिट्ठी भेजकर शत प्रतिशत ड्यूटी सॉफ्टवेयर से लगाने के निर्देश दिए हैं।

आईटीआई के छात्र देखेंगे बिजली मीटर की रीडिंग

लखनऊ। बिजली चोरी रोकने के लिए पावर कार्पोरेशन अलग-अलग उपाय कर रहा है। ऐसे में बिजली मीटर से रिडिंग सही करने के लिए आई आईटी के छात्रो से सर्वे कराने के लिए पावर कार्पोरेशन ने सभी डिस्काम को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा गया है कि इसके लिए चार गांवो का चयन किया गया है पहले चार गांव का सर्वे कराकर फिर अन्य गांवों का भी सर्वे कराया जायेगा। पावर कार्पोरेशन के निदेशक वाणिज्य ने पत्र मे लिखा है कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं के माध्यम से यह कार्य कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि आईटीआई के ट्रेनिंग आयेगें तो उन्हें मीटर से जुड़े कार्य बिलिंग से जुड़े कार्य और विभाग से जुड़ा कार्य आसानी से सीख सकेगें। शहर से नजदीक और गांव से जुड़े गांव की रिडिंग सही समय पर नही हो पा रही है जिस मीटर की रिडिंग हो रही है वह सही हो रहा है या नही हो रहा है इसका भी सत्यापन हो जायेगा। कुछ गांव ऐसे भी है जहां पर मीटर नही लगा है और बिजली का बिल आ रहा है। ऐसे गांव को पहले चिन्हित किया जा रहा है। वर्तमान में मीटर रिडिंग का कार्य प्राईवेट संस्था से कराया जा रहा है। प्राइवेट संस्था के कर्मचारी किसी मीटर का कम तो किसी मीटर का ज्यादा रिडिंग का बिल बना दे रहे है। सर्वे में आईटीआई के छात्रो का कार्य अच्छा रहा तो आगे मीटर से जुड़े कार्य को पूर्ण रुप से दिया जायेगा।

स्वच्छ पानी न प्रदान करना अधिकार का उल्लंघन

विधि संवाददाता

- वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए जमीन के सम्बंध में निर्णय न हो पाने पर हाईकोर्ट की टिप्पणी

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राजधानी में एक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए जमीन के सम्बंध में अब तक निर्णय न हो पाने पर टिप्पणी की है कि स्वच्छ पेय जल प्रदान करना जीवन के लिए आवश्यक है और इसकी व्यवस्था न होना संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है जो जीवन के मौलिक अधिकार का प्रावधान करता है। न्यायालय ने मामले में अगली सुनवायी पर जिलाधिकारी, लखनऊ, नगर आयुक्त, नगर निगम व प्रबंध निदेशक, जल निगम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उपस्थित रहने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवायी 25 अगस्त को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने उत्कर्ष सेवा संस्थान की ओर से दाखिल वर्ष 2016 की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। याची के अधिवक्ता मोतीलाल यादव ने बताया कि शहर के कई इलाकों में पीने के पानी की समस्या पर वर्तमान याचिका दाखिल की गई है। सुनवाई के दौरान न्यायालय के संज्ञान में लाया गया था कि शहर के सराय हसनगंज, बरौरी, बरौलिया, अकबर नगर, हरदासी खेड़ा, डूडा कॉलोनी, दमदन का पुरवा, चिनहट व मटियारी इलाकों में पीने का पानी नहीं उपलब्ध कराया जा रहा है। मामले में यूपी जल निगम ने हलफनामा देते हुए बताया है कि 23 जुलाई 2019 को ही प्रोजेक्ट मैनेजर, पेय जल- 2 ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए पांच हेक्टेयर जमीन की मांग की थी। वहीं राज्य सरकार के अधिवक्ता ने बताया कि जमीन को चिन्हित कर लिया गया है लेकिन अभी नगर निगम से एनओसी नहीं प्राप्त हो सके है। हालांकि न्यायालय के पूछने पर सरकारी वकील जिलाधिकारी की ओर से नगर आयुक्त को एनओसी के सम्बंध में भेजे गए पत्र की तिथि नहीं बता सके। इस पर न्यायालय ने उपरोक्त आदेश पारित किया।

सड़क पर जलभराव, पार्षद ने धान रोपाई कर जताया विरोध

लखनऊ। नगर निगम के कन्हैया माधोपुर वार्ड के फरीदीपुर मुख्य सड़क इन दिनों अत्यंत दयनीय हो चुकी है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भरा हुआ है, जिसके कारण सड़क पूरी तरह से तालाब का रूप धारण कर चुकी है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह सड़क ढाई से तीन करोड़ रुपये की लागत से बनाई जानी थी, लेकिन लंबे समय से मरम्मत और रखरखाव न होने के कारण जर्जर हालत में पहुंच गई है। पार्षद ने धान रोपाई कर खराब सड़क का विरोध जताया।

सड़क की इस दुर्दशा और शासन-प्रशासन की उदासीनता के विरोध में रविवार को पार्षद बादशाह गाजी ने अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने सड़क पर बने गड्ढों में भरे पानी में प्रतीकात्मक रूप से धान की रोपाई कर दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब सरकार और नगर निगम सड़क को ठीक कराने में असमर्थ हैं, तो क्यों न जनता इसके उपयोग को बदलकर इसे खेत ही बना ले। कम से कम जनता को थोड़ा लाभ तो मिलेगा। पार्षद गाजी ने जनता से आह्वान किया कि वे इस आंदोलन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि सरकार और जिम्मेदार अधिकारियों को सड़क की वास्तविक स्थिति का एहसास कराया जा सके। स्थानीय नागरिकों ने भी सड़क की मरम्मत न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार और नगर निगम की विफलता के कारण आमजन को भारी असुविधा उठानी पड़ रही है।

सफाई के मामले में आदर्श जोन के रूप में विकसित हो जोन एक

टैक्स जमा करने में लापरवाही बरतने वाले संपत्ति स्वामियों के खिलाफ करें कार्रवाई, जोन-1 की समीक्षा बैठक में महापौर ने अधिकारियों को दिये निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने जोन-1 के पार्षदों एवं अधिकारियों के साथ क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और नगर निगम की योजनाओं की समीक्षा की। महापौर ने विशेष रूप से सफाई व्यवस्था पर जोर दिया और कहा कि जोन-1 को आदर्श जोन के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि वार्ड स्तर पर नियमित रूप से सफाई हो और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए।

बैठक में नगर निगम जोन-1 के पार्षद एवं भाजपा पार्षद दल उपनेता सुशील तिवारी 'पम्मी', नेता सपा पार्षद दल कामरान बेग, नागेंद्र सिंह चौहान, शफीकुर्रहमान 'चचा', सैयद यावर हुसैन रेशु, आशीष कुमार हितेषी एवं अमित चौधरी, नगर आयुक्त गौरव कुमार समेत अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

महापौर ने बैठक के दौरान कर वसूली की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व वृद्धि पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टैक्स वसूली नगर निगम की रीढ़ है, और इसके माध्यम से ही शहर के विकास कार्य सुचारू रूप से संचालित किए जा सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि टैक्स जमा करने में लापरवाही बरतने वाले संपत्ति स्वामियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। अभियंत्रण विभाग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए महापौर ने कहा कि सड़क निर्माण, मरम्मत और मार्ग प्रकाश व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खराब स्ट्रीट लाइट्स को तत्काल बदला जाए, ताकि नागरिकों को रात्रिकालीन असुविधा न हो।

वेंडिंग जोन को सुव्यवस्थित कर उपलब्ध कराएं सुविधाएं : बैठक में वेंडिंग जोन की समस्या पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। महापौर ने कहा कि वेंडिंग जोन को सुव्यवस्थित कर छोटे व्यापारियों और आमजन दोनों को सुविधा प्रदान की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अवैध अतिक्रमण और अव्यवस्थित दुकानों के कारण यातायात बाधित होता है, इसलिए इस दिशा में ठोस कार्यवाही की जाए। जलकल और सीवर व्यवस्था की समीक्षा करते हुए महापौर ने कहा कि नालियों की समय-समय पर सफाई सुनिश्चित हो और जलभराव की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण किया जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को बरसात के मौसम में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाये : बैठक में यह भी तय किया गया कि पार्षदों की ओर से नगर निगम को भेजे गए पत्रों और शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि पार्षद जनता की आवाज हैं और उनके उठाए गए मुद्दों का समाधान करना नगर निगम की जिम्मेदारी है। बैठक के अंत में महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि नगर निगम प्रशासन और पार्षद मिलकर ही शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बना सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से और पारदर्शिता के साथ संपन्न हों।

महिलाओं को सशक्त बनायेगी शुभ शक्ति

लखनऊ। टाटा एआईए के एक सर्वेक्षण के मुताबिक 89% विवाहित महिलाएं अभी भी वित्तीय नियोजन के लिए अपने पतियों पर निर्भर हैं, और केवल 44% महिलाएं ही विकल्प मिलने पर स्वतंत्र रूप से वित्तीय फैसले लेती हैं। इसे देखते हुए टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने विशेष रूप से महिलाओं के लिए एक टर्म इंश्योरेंस योजना शुभ शक्ति लॉंच की है। टाटा एआईए की मुख्य अनुपालन अधिकारी गायत्री नाथन ने कहा, भारतीय महिलाएं अपने वित्त और निवेश की जिम्मेदारी अपने हाथों में ले रही हैं, फिर भी उनके पास बीमा काफी कम है। अब महिलाएं वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

कूड़े के ढेर पर चारपाई लगाकर जताया विरोध

लखनऊ। मड़ियांव थाने के पास फ्लाईओवर के नीचे कूड़ा डंप करने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसे लेकर सोमवार को क्षेत्रीय लोगों ने प्रदर्शन किया। लोगों ने कूड़े के ढेर पर चारपाई डालकर इसमें बैठकर विरोध जताया। लोगों ने कहा विधायक 500 मीटर दूर हैं लेकिन सुनते हैं। आवाज उठाओ तो पुलिस आ जाती है। सोमवार को कचरे और उसकी दुर्गंध के बीच बैठे लोगों ने नगर निगम मुदार्बाद के नारे लगाए। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा पास में ही विधायक नीरज बोरा का ऑफिस है।

संक्षेप

फांसी लगाकर जान दी

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव तालिब पुर रहली में एक व्यक्ति ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव निवासी लगभग चालीस वर्षीय गिरीश ने रविवार देर रात घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। घरवालों ने रात में जैसे ही गिरीश को लटका देखा तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने सूचना पाकर विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के तीन बच्चे हैं जिनका और पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है।

जलविहार महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक

सीतापुर। हरगांव कस्बे के मोहल्ला जोशी टोला स्थित शिव मंदिर पर जलविहार महोत्सव हरगांव को लेकर शनिवार को बैठक का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कमेटी के संयोजक चंद्रशेखर मिश्र ने बताया जलविहार महोत्सव की शुरूआत सन 1932 में हमारे बाबा स्वर्गीय संकटा प्रसाद मिश्र ने की थी। इस वर्ष भी जलविहार महोत्सव की शोभायात्रा 4 सितंबर 2025 को नगर भ्रमण के लिए निकलेगी साथ ही 5 सितंबर से तीन दिवसीय कृष्ण लीला का मंचन मथुरा वृंदावन के कलाकारों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रेम सुंदर अवस्थी, चन्द्र शेखर मिश्र, देव दत्त मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी ,शान्तनु मिश्र, सुनील मिश्र, अशोक रस्तोगी,संजय मिश्रा,कन्हैया जोशी ,योगेंद्र , प्रशुभ मिश्रा ,राजेश जयसवाल, रामू अवस्थी, संजेश सिंह, धीरेंद्र पांडेय सहित नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व

सीतापुर। हरगाँव नगर व ग्रामीण क्षेत्रो मे शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। मन्दिरों में रात्रि बारह बजते ही घन्टा घड़ियाल शंख बजने लगे।प्रसिद्ध बिड़ला मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया,बिड़ला मंदिर को झालरों एवं फूलों से खूबसूरती से सजाया गया तथा आरकेस्ट्रा के साथ मिल के अधिशासी अध्यक्ष अरविंद दीक्षित,रंजना दीक्षित सहित मिल कालोनी की महिलाओं ने शानदार कृष्ण जन्म के भजन गाए तथा भावविभोर होकर नृत्य किया। 12 बजते ही भारी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं के बीच कृष्ण जन्म होते ही बधाइयाँ गाई जाने लगीं। थाने में स्थिति शिवमंदिर को भी खूबसूरती से सजाया गया तथा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। नगर के पौराणिक सूर्यकुण्ड तीर्थ पर स्थित भगवान गौरीशंकर मन्दिर में आर्केस्ट्रा के साथ मनमोहक झाँकी प्रस्तुत की गयी,तथा राधाकृष्ण, सीताराम, हनुमान मन्दिर, सरांय पित्थू शिव मन्दिर, गंज स्थिति हठीले हनुमान मन्दिर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मन्दिरों मे भी जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने घरों मे सजावट कर कृष्ण जन्माष्टमी पर प्रसाद वितरण किया वही छोटे छोटे बच्चों को भगवान-कृष्ण बनाकर जीवंत झाँकियां मन्दिरों में भी प्रस्तुत की गयी।

सुनी फरियाद, अधिकारी शिकायतकर्ता से फीडबैक लें

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतें सुनीं

पाटन, उन्नाव। डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में जनपद की तहसील बीघापुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में आने वाली फरियादियों की शिकायतों को एक-एक करके गंभीरता से सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आईजीआरएस सरकार की प्राथमिकताओं में है इसकी गंभीरता को समझते हुए रुचि लेकर लंबित संदर्भों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण करें। कहा की डिफाल्टर होने से पहले ही संदर्भों का निस्तारण हो जाए यह सुनिश्चित हो। कहा की जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से फीडबैक ले आख्या गुणवत्ता अपलोड की जाए। शिकायत निस्तारण से शिकायत कर्ता संतुष्ट होना चाहिए। जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायत सुनकर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व विजली विकास पुलिस व शिक्षा समाज कल्याण स्वास्थ्य व अन्य विभागों की जो भी शिकायतें आज प्राप्त हुई हैं उनका सम्बन्धित अधिकारी प्राथमिकता के साथ गुणवत्ता पूर्ण समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत के निस्तारण में गुणवत्ता की कमी पाई जाती है तो सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। कहा शिकायत की पुनराबृत्ति न हो, फरियादी को अधिकारी एक ही शिकायत पर बार बार न दौड़ाएं और समय पर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराएं। बोला अधिकारी फरियादियों से फीडबैक लें यदि शिकायत कर्ता निस्तारण से असंतुष्ट है तो निस्तारण नहीं माना जाएगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व पुलिस विकास विद्युत समाज कल्याण शिक्षा स्वास्थ्य व अन्य विभिन्न विभागों सहित कुल 117 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमे से 06 शिकायत का निस्तारण मौके पर हुआ है शेष शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारित कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को दिये। तहसील दिवस में पहुंचने पर जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम सरकार की कल्याण कारी योजनाओं से सम्बंधित लगाएं गए स्टालों का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर उपजिलाधिकारी बीघापुर क्षेत्राधिकारी बीघापुर जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र, तहसीलदार बीघापुर सहित अन्य सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सफीपुर, उन्नाव। तहसील में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में विधायक बम्बालाल दिवाकर ने अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक एवं उप जिलाधिकारी शिवेंद्र वर्मा की मौजूदगी में जन समस्याएं सुनी। मुख्य अतिथि विधायक बंबालाल दिवाकर की मौजूदगी में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे अपर जिलाधिकारी सुनील कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचंद्र एवं उपजिलाधिकारी शिवेंद्र वर्मा की मौजूदगी में जन शिकायतें सुनी। इस दौरान कुल अट्ठावन लोगों ने शिकायत दर्ज कराई। जिसमें राजस्व उन्नीस, पुलिस चैदह, समाज कल्याण एक, विकास विभाग दो, विद्युत एक, पूर्ति विभाग नौ एवं अन्य बारह शिकायतों में राजस्व की दो का मौके पर निस्तारण किया गया। विधायक दिवाकर ने सभी शिकायतों का शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर लाले गौड़, नेहरू गौड़, राजू चैहान, रामसजीवन विमल, लल्ला तिवारी, पुष्पेंद्र कुमार, आशीष कन्नौजिया आदि समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। तत्पश्चात अपर जिलाधिकारी/उप जिलाधिकारी/तहसीलदार टीम के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश का विरोध पशुप्रेमियों ने किया शांतिपूर्ण मार्च

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। सामुदायिक कुत्तों को दिल्ली से हटाने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देश के खिलाफ सीतापुर में पशुप्रेमियों ने विरोध जताया। 17 अगस्त को लालबाग मार्ग स्थित आंख अस्पताल से शांतिपूर्ण मार्च निकाला गया, जिसमें दर्जनों युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों में परस्पर विरोधाभास है। पहले कुत्तों को संवैधानिक अधिकारों का संरक्षण दिया गया था, लेकिन 11 अगस्त को दूसरी पीठ ने दिल्ली नगर निगम को लगभग पांच हजार कुत्तों को शेल्टर में भेजने का निर्देश दे दिया। पशुप्रेमियों का कहना है कि कुत्तों को शेल्टरों में ठूंसना अमानवीय होने के साथ-साथ स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए भी खतरनाक है। उन्होंने विकल्प के रूप में नसबंदी, सामूहिक टीकाकरण, विदेशी नस्लों की ब्रीडिंग पर रोक, कुत्तों को अपनाने की संस्कृति और व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर जोर दिया।

विरोध करने वालों ने आशंका जताई कि कुत्तों को हटाने से वैक्यूम इफेक्ट से काटने के मामलों में वृद्धि, बुबोनिक प्लेग जैसी बीमारियों का खतरा, चूहों-बंदरों-सियारों की संख्या में असंतुलन, शेल्टर में कुत्तों की आक्रामकता जैसी समस्याएं बढ़ेंगी। साथ ही, सरकार पर करीब 15 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ेगा।

मार्च में वक्ताओं ने कहा कि इतिहास गवाह है कि सामुदायिक कुत्ते कई बार इंसानों की जान बचा चुके हैं।

हिमाचल में एक पिल्ले ने 67 लोगों को बचाया, लखनऊ के इंदिरा नगर में कुत्तों ने डकैती रोकी, वसई में महिला को बलात्कार प्रयास से बचाया, 1996 में कोलकाता में तीन कुत्तों ने दो दिन तक नवजातों की रक्षा की, हरियाणा में भी कुत्तों ने नाली में फेंके गए शिशु की जान बचाई।

फेथ फाउंडेशन के संस्थापक ऋषभ ने कहा, ह्लयह आदेश देश में पशु क्रूरता को बढ़ावा देगा। कुत्ते समाज के रक्षक हैं, उन्हें शेल्टर में भेजना क्रूर और अवैज्ञानिक है। ।ठब नियम 2023 को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। गौ सेवा ट्रस्ट के अमित गौर ने कहा, ह्लरेबीज का इलाज नहीं है, लेकिन जागरूकता और टीकाकरण से इसे पूरी तरह रोका जा सकता है। सरकार को हर अस्पताल में वैक्सीन और कोल्ड चैन की व्यवस्था करनी होगी। प्रदर्शन में भावना सक्सेना, आकाश मिश्रा, कोविद, अभाव्या, रत्निका मिश्रा, आस्था, गौरव, अभिनव तिवारी, उत्सव मिश्रा, मनोज गौ सेवक, यश बाजपेई, गौरव बाजपेई सहित बड़ी संख्या में पशुप्रेमी मौजूद रहे।

गमगीन माहौल में हुआ तीनों का अंतिम संस्कार

सीतापुर। सकरन थाना क्षेत्र के सुकेठा गांव में रविवार को हुए दर्दनाक हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। रविवार देर शाम गमगीन माहौल में पुलिस की मौजूदगी में मृतक अनिल (35), रंगीलाल (50) और सकटू उर्फ राजकुमार (45) का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और हर किसी की आंखें नम थीं। घटना रविवार सुबह लगभग 10 बजे की है। जानकारी के मुताबिक, पूरन गुप्ता के घर के बाहर करीब एक वर्ष पूर्व बने सोकपिट पानी के टैंक की सफाई के दौरान विवेक नाम का युवक बेहोश हो गया। उसे बचाने के लिए टैंक में उतरे अनिल, रंगीलाल, सकटू उर्फ राजकुमार और दीपू भी एक-एक कर बेहोश हो गए। ग्रामीणों ने किसी तरह सभी को बाहर निकालकर सीएचसी सांडा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने अनिल, रंगीलाल और सकटू को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तीनों शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचे, जहां रात करीब 9 बजे पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया।

दम घुटने से मौत की पुष्टि

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तीनों की मौत दम घुटने के कारण होने की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, करीब एक वर्ष पूर्व बने टैंक को पहली बार खोला गया था, जिसमें जहरीली गैस भर गई थी। यही गैस मौत की वजह बनी। विशेषज्ञों का कहना है कि सेप्टिक टैंक या सोकपिट की सफाई मैन्युअल तरीके से नहीं की जानी चाहिए। इसे मशीन की मदद से खाली कराया जाना चाहिए। सफाई के दौरान पीपीई किट पहनना अनिवार्य है और सेप्टिक टैंक को तीन चैम्बर के मानक अनुसार बनवाकर हर साल उसकी सफाई कराना जरूरी होता है। थानाध्यक्ष नवनीत मिश्र ने बताया कि तीनों शवों का अंतिम संस्कार रविवार देर शाम पुलिस की मौजूदगी में करवा दिया गया है। इस घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है और हर कोई गमगीन है।

मौत का मंजर देख कांप उठी रूह

सकरन। पानी के टैंक से जिंदा लौटे दीपू उर्फ दिनेश आज भी उस खौफनाक मंजर को याद करके कांप उठते हैं। रविवार को घटी इस दर्दनाक घटना ने न सिर्फ तीन जिंदगियां छीन लीं, बल्कि दीपू के दिल-दिमाग पर भी गहरा असर छोड़ दिया है। दीपू ने बताया कि पूरन गुप्ता के घर बने पानी के टैंक की सफाई के दौरान जब सबसे पहले किशोर बेहोश हुआ तो अनिल उसे बचाने के लिए टैंक में उतरे। कुछ ही देर बाद रंगीलाल और सकटू भी अंदर गए, लेकिन सभी एक-एक कर बेहोश हो गए। इसी बीच साहस जुटाकर वह भी टैंक में उतरे। टैंक में घुसते ही तेज दुर्गंध ने सांस लेना मुश्किल कर दिया, दम घुटने लगा। मैंने तुरंत बाहर खींचने का इशारा किया। ग्रामीणों ने मेरी कमर में बंधी रस्सी पकड़कर खींचा और बाहर निकाला, तब तक मैं भी बेहोश हो चुका था-दीपू ने नम आंखों से कहा। सीएचसी सांडा ले जाने पर डॉक्टरों ने अनिल, रंगीलाल और सकटू को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दीपू और अतुल का इलाज शुरू हुआ। कुछ देर बाद होश आने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दीपू को घर भेज दिया। घर पहुंचकर दीपू ने अपने परिवार और ग्रामीणों को बताया कि जब वह टैंक में उतरे थे, उस वक्त चारों लोग पहले से ही बेहोश पड़े थे। टैंक में लगभग एक फुट गहरा पानी भरा था और पाइप सैम्पू व साबुन के खाली रैपरों से जाम था। इन्हें साफ करने के लिए ही टैंक खोला गया था। अस्पताल में होश में आने के बाद जब उस मंजर को याद किया तो मेरी रूह कांप गई। आज भी चक्कर आते हैं, डॉक्टरों ने आराम करने की सलाह दी है। दीपू ने बताया घटना के बाद से दीपू गहरे सदमे में है। गांव के लोग कहते हैं कि मौत से जूझकर लौटे दीपू की आंखों में अब भी डर और हैरानी साफ झलकती है।

विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने रखे विचार

उन्नाव। प्रधान डाकघर में देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य स्वरूप ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधीक्षक डाकघर कानपुर (मु०) मंडल सर्वेश कुमार का आगमन प्रधान डाकघर में हुआ। मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण करने के पश्चात समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साथ स्वतंत्रता दिवस के विचारों के आदानप्रदान हेतु आयोजित गोष्ठी में सम्मिलित हुए। गोष्ठी के पाश्चात कर्मचारियों के बीच गायन, खेलकूद आदि कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधीक्षक द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वेश कुमार ने बताया कि डाक विभाग देश का सबसे पुराना विभाग है विभाग के रूप में डाक विभाग का स्वयं 171 वर्ष का इतिहास है। डाक विभाग सदैव देश सेवा में तत्पर रहा है। कार्यक्रम में पोस्टमास्टर ज्ञान बहादुर सिंह, सहायक पोस्टमास्टर प्रेम कुमार एवं कर्मचारीगण सुशील कुमार, सतीश कुमार, अवधेश शुक्ला, ओपी गुप्ता, अमोल मिश्रा, अंजली पटेल, आकांक्षा चतुर्वेदी, आद्या दीक्षित, सृष्टी गौर, इन्द्रसेन श्रीवास्तव, अभिलाष, रामरूप, रामकिशोर, जे०पी०, प्रदीप कुमार शुक्ला आदि कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेलेः हरीश बाजपेयी

सीतापुर। स्वतंत्रता संग्राम स्मृति संस्थान के तत्वावधान में सोमवार को लालबाग स्थित शहीद पार्क में 18 अगस्त शहीद दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक हरीश बाजपेयी ने ध्वजारोहण कर की। इसके बाद स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीत, भाषण और कविताओं की प्रस्तुतियां दीं। सभा को संबोधित करते हुए श्री बाजपेयी ने कहा कि हमारी संस्था 1974 से लगातार शहीदों की याद में यह आयोजन कर रही है। उन्होंने बताया कि 18 अगस्त 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान अंग्रेजों ने सीतापुर के लालबाग मैदान में सभा कर रहे आजादी के मतवालों पर गोलियां चलाई थीं। इस घटना में 6 स्वतंत्रता सेनानी शहीद हो गए थे और सैकड़ों घायल हुए थे। उन्हीं की याद में हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन की शुरूआत 1857 में हुई थी और उसका शंखनाद सीतापुर से हुआ था। मौलाना फजल हक खैराबादी, इंदु शेखर सिंह, कन्हैया लाल, महेंद्र जगन बाबू, राजा हरिप्रसाद, शंभूनाथ आदि सेनानियों के नेतृत्व में सीतापुर ने आजादी के आंदोलन में अहम भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों के आश्रितों को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंच से यह संदेश दिया गया कि नई पीढ़ी को शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा में आगे आना चाहिए। इस मौके पर श्याम सुंदर शुक्ला, शिशिर बाजपेयी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख देवीशंकर बाजपेयी, गिरीश चंद्र दीक्षित, रमेश निषाद, विनीत दीक्षित, आमोद मिश्रा, संतोष भार्गव, विजय नाथ अवस्थी, श्रेष्ठ तिवारी, इकबाल अहमद अंसारी, गुफरान खान, सतीश अग्निहोत्री, विश्वरूप सिंह, वीरेंद्र शुक्ला, शैलेंद्र सिंह, किरण शुक्ला, त्रिभुवन सिंह यादव, प्रेमलता शुक्ल, डॉ. ऋचा मिश्रा, मीना मिश्रा, नीता श्रीवास्तव, दीपा वैश्य, अमरकांत, एम.पी. रिजवी, अरुण तिवारी, तुफैल अहमद अंसारी, अरविंद पांडे, संजय सिंह, जेपी शुक्ला, अनिल शुक्ला, सुरेश तिवारी, अभय मिश्रा, धीरेश कश्यप, पुनीत शुक्ला, गंगासागर मिश्रा समेत बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी के आश्रित सुधीर कुमार पांडे ,मनोज चैधरी , आनंद प्रकाश , मनु श्री सिंह ,पवन शुक्ला ,सुशील कुमार मिश्रा , अफजल हुसैन चोक्ष विभु ,संतोष बाजपेयी ,प्रदीप कुमार मिश्रा , वेद प्रकाश सहित 40 सेनानी परिवारों के आश्रितों को सम्मानित किया गया।

भूमि विवाद से परेशान युवक पानी की टंकी पर चढ़ा

गोंडा। गोंडा में सोमवार को जमीन के विवाद से परेशान एक युवक मण्डलायुक्त कार्यालय के पास स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गया। अचानक हुई इस घटना से प्रशासन में हड़कंप मच गया तथा मौके पर अधिकारियों और कर्मचारियों की भीड़ लग गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि युवक करीब सवा घंटे तक टंकी पर बैठा रहा और बार-बार नीचे खड़े अधिकारियों से हाथ जोड़कर कहता रहा कि वे उसे न्याय दिलाएं, नहीं तो वह टंकी से कूद जाएगा। काफी समझाने-बुझाने और कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया। सूत्रों ने बताया कि कोतवाली देहात क्षेत्र के खरगूपुर चांद गांव निवासी राम किशुन (35) का आरोप है कि उसके पड़ोसी रिश्तेदारों ने जमीन पर कब्जा कर लिया है। घर के सामने स्थित जमीन पर खंभा गाड़कर आने-जाने का रास्ता भी बंद कर दिया गया है। उसने बताया कि वह पिछले एक महीने के दौरान करीब चार से पांच बार उपजिलाधिकारी कर्नलगंज को लिखित शिकायत कर चुका है, लेकिन अब तक कोई कार्वाई नहीं हुई।

सोमवार को अधिकारियों से मुलाकात न हो पाने पर राम किशुन अपराह्न करीब साढ़े 12 बजे अचानक कलेक्ट्रेट परिसर के पास स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गया। देखते ही देखते आसपास भीड़ जुट गई और सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट तथा अन्य अफसर मौके पर पहुंचे। टंकी पर चढ़ा युवक अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाता रहा और कूदने की धमकी देता रहा। करीब एक घंटे की मशक्कत और अधिकारियों के आश्वासन के बाद दोपहर बाद उसे नीचे उतारा गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि युवक से लिखित शिकायत ली जा रही है और मामले की जांच कराई जाएगी। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सीडीओ ने ग्राम पंचायत बर्मी का किया निरीक्षण

सीतापुर। मुख्य विकास अधिकारीध्प्रभारी जिलाधिकारी प्रणता ऐश्वर्या की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील मिश्रिख में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

समाधान दिवस में आए शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना गया और संबंधित अधिकारियों को उनके प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के उपरांत सीडीओ ने ग्राम पंचायत बर्मी का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने अस्थायी गौशाला, अमृत सरोवर, अमृत वाटिका एवं प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने गौशाला में सभी पशुओं की 100 प्रतिशत टैगिंग कराने और सफाई व्यवस्था और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। अमृत सरोवर की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि सरोवर परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए डस्टबिन की व्यवस्था, स्वच्छता संबंधी वॉल राइटिंग और जरूरत पड़ने पर जुमार्ना लगाकर लोगों को जागरूक करने की कार्यवाही की जाए। साथ ही अमृत सरोवर परिसर में ओपन जिम की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने न केवल अवसंरचनात्मक सुविधाओं की जांच की बल्कि बच्चों से पठन-पाठन व्यवस्था का अनुश्रवण भी किया। उन्होंने ब्लैकबोर्ड पर गणित, हिंदी और अंग्रेजी के सवाल पूछे और सही जवाब देने वाले बच्चों को फल देकर प्रोत्साहित किया। सीडीओ ने स्पष्ट कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक अपने ज्ञान को साझा किया और सीडीओ को अपने बीच पाकर प्रसन्न नजर आए।

चार शातिर अंतर्जनपदीय अपराधी गिरफ्तार

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर चलाए गए अभियान में सीतापुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना सकरन व लहरपुर पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए लूट व चोरी की कई घटनाओं में शामिल चार शातिर अंतर्जनपदीय अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से लगभग पूरा माल, नगदी, आभूषण, अवैध असलहा व घटनाओं में प्रयुक्त मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपियों में अमीश कुमार पासी, शिवम जायसवाल, बड़ा प्रांशू उर्फ प्रियांशू वर्मा और संदीप वर्मा उर्फ सचिन शामिल हैं। इन चारों को थाना सकरन क्षेत्र के अचाकापुरवा मोड़, मतुआ के पास से दबोचा गया। पुलिस जांच में सामने आया कि यह गैंग अपनी गतिविधियों

- लूट,चोरी की वारदातों में प्रयुक्त असलहा, बाइकें व जेवरात बरामद

को ह्लमिशन कोहिनूरह्व नाम देता था। आरोपी सुनारों की रैकी करते थे और मौके पर तीन बाइकों से पहुंचकर हथियार के बल पर वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर सोने-चांदी के दर्जनों जेवर (अंगूठियां, झुमकी, झाल, पायल, बिछुए, लाकेट आदि) सहित दस हजार की नगदी ,एक अवैध तमंचा 315 बोर व जिंदा कारतूस,मोटरसाइकिलें: स्प्लेंडर, एचएफ डीलक्स, पल्सर, टीवीएस राइडर आदि बरामद किया है ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम थाना सकरन टीम थानाध्यक्ष नवनीत मिश्रा, वरि0उनि.रामनारायण द्विवेदी, हरमोहन सिंह, देवेन्द्र सिंह, हे.का.घनश्याम यादव, का. नरेन्द्र सिंह, चालक शिवम कुमार, अमित यादव, रवि, मनोज, विशाल, कपिल थाना लहरपुर टीम प्रभारी निरीक्षक विजयेंद्र सिंह,उ.नि. लालबहादुर मिश्रा, मनोज कुमार गुप्ता, ऋषभ यादव ,हे.का. अविनाश सिंह, सुभाष मौर्या ,का. अजीत प्रताप सिंह,निखिल कुमार,जितेन्द्र तेवतिया एसओजी टीम उ.नि. अतुल वर्मा,मु.आ. अनुज, बृजनाथ द्विवेदी, शीतांशु गंगवार शमिल रहे।

अदिति ने राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

सीतापुर। सहगल सिटी मॉन्टेसरी जूनियर हाई स्कूल, सीतापुर की कक्षा 8वीं की छात्रा अदिति गडकोटी ने राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (प्रथम पुरस्कार) अपने नाम किया। अदिति की यह उपलब्धि उनके समर्पण, अनुशासन और खेल के प्रति जुनून को दशार्ती है। उन्होंने कोच मुकेश पाल के कुशल मार्गदर्शन में कठिन परिश्रम कर यह मुकाम हासिल किया। इस जीत पर विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई।

विद्यालय के प्रबंधक कुश नारायण सहगल, निदेशक कुशाग्र नारायण सहगल, प्रधानाचार्या श्वेता शर्मा और प्रधानाचार्या कहकशां काजमी ने अदिति को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अदिति की सफलता से सभी विद्यार्थियों को प्रेरणा लेनी चाहिए और शिक्षा के साथ-साथ खेल व अन्य गतिविधियों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करनी चाहिए। विद्यालय के लिए यह और भी गौरव की बात है कि अदिति अब राष्ट्रीय स्तर की खेलो इंडिया किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्कूल का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित हुई हैं। यहाँ वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन बड़े मंच पर करेंगी। पूरे सहगल समूह ने अदिति को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और और भी बड़ी सफलताओं की कामना की है।

जेल आजम खान से मिलने पहुंचीं पत्नी तंजीम फातिमा, दवाइयां दीं

सीतापुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद आजम खान से सोमवार को उनकी पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अदीब आजम ने सीतापुर जिला कारागार में मुलाकात की। इस दौरान सपा महिला नेत्री फातिमा जबीं भी उनके साथ मौजूद रहीं। दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुई यह मुलाकात लगभग दो घंटे तक चली। मुलाकात के दौरान तंजीम फातिमा अपने पति के लिए बीपी और शुगर की दवाइयां लेकर पहुंचीं। हालांकि इस बार वह कोई खाने-पीने का सामान लेकर नहीं गईं। मीडिया से बातचीत से बचते हुए उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि आजम जी की सेहत पहले जैसी ही है। जमानत पर अभी कुछ तय नहीं हुआ है, सब कुछ प्रक्रिया में है।मुलाकात के बाद आजम खान के बेटे अदीब ने कहा जेल तो जेल ही रहेगी। चाहे वह सोने की हो या हीरे की, इंसान जेल में परेशान ही रहता है। अगर मुझे भी बंद कर दिया जाए तो मैं भी परेशान हो जाऊंगा। हमें कोर्ट पर भरोसा है। हमें फैसला नहीं, न्याय चाहिए। हम अल्लाह से दुआ करते हैं कि अब्बा जल्द बाहर आएं। जब अदीब से पूजा पाल पर सवाल किया गया तो उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि ह्लबड़े लोगों पर मैं कुछ नहीं बोलूंगा।इससे पहले 26 जून को भी तंजीम फातिमा और अदीब ने सीतापुर जेल में आजम खान से मुलाकात की थी। तब वे लोग अपने साथ दशहरी आम और दवाइयां लेकर गए थे, जिन्हें जेल प्रशासन की अनुमति के बाद आजम खान तक पहुंचाया गया था।

आजम सीतापुर जेल में अक्टूबर 2023 से हैं बंद

गौरतलब है कि आजम खान अक्टूबर 2023 से सीतापुर जेल में बंद हैं। उन पर जमीन कब्जाने से लेकर बकरी और किताब चोरी तक के 100 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। इनमें से 9 मामलों में फैसला आ चुका है, जिसमें 6 मामलों में सजा और 3 में बरी हो चुके हैं। साल 2019 में ही उनके खिलाफ एक साथ 84 मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें से अधिकतर मामले अब भी न्यायालय में विचाराधीन हैं। जेल प्रशासन ने बताया कि मुलाकात नियमित प्रक्रिया के तहत कराई गई। परिजनों को नियत समय पर ही अंदर जाने दिया गया। सुरक्षा कारणों से खाने-पीने का सामान इस बार अंदर ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। सिर्फ जरूरी दवाइयां जांच के बाद आजम खान तक पहुंचाई गईं।

संक्षेप

आईटीआई परिसर में रोजगार मेला 21 को

बांदा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में यश ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड प्रतिष्ठित कंपनियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट, अप्रेंटिस का आयोजन 21 अगस्त को करेगी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि प्लेसमेंट, अप्रेंटिस मेले में भाग लेने के लिए प्रतिष्ठित कंपनी प्रातः 11 बजे आकर लगभग 100 प्रशिक्षार्थियों का चयन करेगी।

इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी पुरूष जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष हो प्लेसमेंट में भाग ले सकेंगे। आने वाली कंपनी में अथर्व फाउण्ड्रीज प्राइवेट लिमिटेड महाराष्ट्र दसवीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई, सभी मैकेनिकल व्यवसाय एवं डिप्लोमा मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल के अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। प्रधानाचार्य ने बताया कि साक्षात्कार के लिए बायोडाटा, पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, आधार कार्ड, शैक्षणिक, तकनीकी अभिलेख एवं दस्तावेजों की छायाप्रति लेकर आना अनिवार्य है।

नहर में कूदे अधेड़ का शव बरामद

शिकोहाबाद। शनिवार की रात नहर में कूदे अधेड़ का शव पीएसी के गोताखोरों ने छैकुर के पास नहर से बरामद कर लिया। पुलिस ने अधेड़ के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। बताते चलें कि विजय (55) पुत्र वेदराम उद्देष्यपुरा मैनपुरी 4 दिन पहले अपने भाई के गांव नगला प्रभु में आया था।

शनिवार की रात में खाना खाने के बाद अधेड़ करीब 8 बजे अपने घर लौटने के लिए चला गया। जब रविवार की सुबह ग्रामीणों ने अधेड़ के कपड़े नहर किनारे पड़े देखे तो अधेड़ के नहर में कूदने की आशंका के चलते भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ के शव को खोजने के लिए अभियान शुरू किया लेकिन जब सफलता नही मिली तो आगरा से पीएसी के गोताखोरों को मौके पर बुला लिया गया। पीएसी के गोताखोरों ने अधेड़ के शव को खोजने का अभियान शुरू किया। सोमवार को अधेड़ का शव छैकुर के पास नहर से बरामद हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि अधेड़ का शव छैकुर के पास नहर से बरामद हो गया है। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौप दिया है।

शिकायतकर्ता की समस्या का करायें निस्तारणः जिलाधिकारी

जिला संवाददाता

ललितपुर। सोमवार को सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने तहसील में आये फरियादियों की शिकायतें सुनी और उनका निस्तारण भी कराया। उन्होंने प्रत्येक शिकायतकर्ता को अपने समक्ष बुलाकर पूरी गंभीरता से उनकी समस्या सुनी और उन्हें भरोसा दिलाया कि जल्द ही उनकी समस्या का निस्तारण करा

- सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये 15 मामले, 7 का निपटारा

दिया जाएगा। इतना ही नहीं जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि किसी भी शिकायत में अनावश्यक विलम्ब न हो, पीड़ित को त्वरित न्याय व राहत देना जिला प्रशासन का दायित्व है, जिसके लिए आप सभी यहां उपस्थित हुए हैं। शिकायतकताओं की समस्या का स्वयं संज्ञान लें और व्यक्तिगत रुचि लेकर उसका निस्तारण सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं जनशिकायत प्रणाली की समीक्षा करते हैं, इसलिए कार्य में लापरवाही बरतने की कोई गंजाइश नहीं है, अधिकारी पूरी निष्ठा से जनशिकायतों का निस्तारण करायें। तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 04, पुलिस का 01, विद्युत के 02, विकास विभाग का 01 तथा अन्य विभागों के 11 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 05 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में कुल 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 03, पुलिस के 04, विकास के 02, पूर्ति के 02, विद्युत का 01, नगर पंचायत के 02 तथा अन्य विभाग के 03 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 07 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में कुल 35 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 12, विकास के 03, पुलिस के 07, पूर्ति के 10 तथा अन्य विभागों के 03 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें पूर्ति विभाग के 09 तथा विद्युत विभाग 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं। तहसील पाली में कुल 08 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 06, पुलिस विभा का 01 तथा नगर पंचायत का 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 01 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस दौरान एसपी मो.मुश्ताक, सीडीओ शेषनाथ चैहान, सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, एसडीएम सदर मनीष कुमार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

समाधान दिवस में आयुक्त ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

जिला संवाददाता

बांदा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सोमवार को आयुक्त अजीत कुमार व पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस ने तहसील राजापुर में लोगों की समस्याएं सुनीं। यहां मिलीं शिकायतों में 5 शिकायतों का समाधान मौके पर ही कराया गया और शेष शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिए। इसके पश्चात आयुक्त ने बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति, सरधुवा पहाड़ी का औचक निरीक्षण किया। यहां खाद वितरण केन्द्र पर तला बंद मिला।

उन्होने सचिव के विरूद्ध शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर कार्यवाही के कड़े निर्देश दिए। सहकारी समिति पहाड़ी, उत्तरी एवं दक्षिणी के औचक निरीक्षण में 100 किसान लाइन में खड़े मिले। सर्वर बाधित होने के कारण खाद वितरण नही हो पा रहा था। इस पर उन्होने उप निबंधक एवं उपायुक्त को निर्देश दिए कि समस्या का तत्काल निराकरण कराकर किसानों को खाद आज ही उपलब्ध कराई जाए। आयुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाड़ी का औचक निरीक्षण किया और विद्युत आपूर्ति बाधित मिलने पर आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि शासन की मंशा जनता को त्वरित, पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना है। समाधान दिवस में 25 शिकायती आवेदन मिले, जिनमें राजस्व विभाग, पुलिस, विकास, विद्युत व अन्य विभागों से संबंधित मामले आए।

डीएम ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर किया जाए। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने पुलिस से संबंधित लोगों की समस्याएं सुनीं और इनका त्वरित निस्तारण करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। उन्होने यह भी निर्देश दिए कि फरियादियों की समस्याओं का समाधान मौके पर जाकर करें। संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी अमित शुक्ला, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि शासन के निदेर्शों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मन्शा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए ताकि उन्हें राहत प्राप्त हो।

जिलाधिकारी जसजीत कौर सोमवार को तहसील नजीबाबाद के भारत रत्न चैधरी चरण सिंह सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने जनसामान्य की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारीगण शिकायतों के निस्तारण के अहम कार्य को पूरी गम्भीरता और जिम्मेदारी के साथ लें और पूरे मानक के साथ निर्धारित अवधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्तमान और लंबित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आख्या के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश के नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं के फायदे से महरूम न रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सके। समाधान दिवस के मौके पर कुल 19 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिन में 02 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुनाल रस्तोगी, स्मृति मिश्रा, एसडीम नजीबाबाद सहित सभी विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

विवाहिता ने गृह क्लेश से तंग आकर पंखे से लटक कर दे दी जान, पुलिस जांच में जुटी

नगीना, बिजनौर। विवाहिता ने गृह क्लेश के चलते पंखे में लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाही शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम बासूवाला निवासी महेंद्र सिंह सैनी की पुत्री नेहा की शादी पांच वर्ष पूर्व नगीना थाना क्षेत्र के मौहल्ला कायस्थी सराय निवासी महेंद्र सिंह के पुत्र सूरज सैनी के साथ हुई थी। सूरज अपने पिता के ठेले पर समोसे बेचकर परिवार का पालन करता है। रविवार को नेहा की सांस व ननद, पति, देवर सभी मौहल्ले के लोगों के साथ मोहल्ले से निकलने वाले रामडोल के अखाड़े का जुलूस देखने गए हुए थे। जुलूस से देख कर जब सभी घर पर रात्रि 8.30 बजे पहुंचे तो उन्होंने नेहा के गले में दुपट्टे का फंदा व पंखे में मृत लटका देखा। परिवारजनों ने घटना की सूचना मौहल्ले के लोगों को दी और मृतका के गले से फंदा खोलकर आस-पड़ोस के सहयोग से नीचे उतार कर मृतक नेहा के परिजनों को घटी घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही मृतका की मां सन्तोष देवी अपने परिजनों व गांव के दर्जनों लोगों के साथ नगीना पहुंचे। घटना की सूचना मिलते ही नवागत थाना प्रभारी संजय कुमार तोमर व सीओ अन्जनी कुमार चतुवेर्दी घटना स्थल पर रात्रि में ही पहुंचे और मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजा। घटना की सूचना मिलते बिजनौर से फौरेंसिक फिंगर प्रिंट पुलिस टीम भी घटना स्थल पर पहुंची। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि नेहा का पति आए दिन दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करता था। मृतक की मां सन्तोष देवी ने नेहा के पति, सास, ससुर, देवर, ननद, समेत 7 लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर इंसाफ की गुहार लगाई है। घटना के संबन्ध में थाना प्रभारी संजय कुमार तोमर का कहना है कि मृतका के परिजनों की ओर से मिली तहरीर के आधार पर कार्रवाही की जा रही है।

डीएम- एसएसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की शिकायतें

जिला संवाददाता

टूंडला। सोमवार को तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने टूंडला क्षेत्र के विभिन्न भागों से आए फरियादियों की शिकायतों को सुना, समाधान दिवस में कुल 32शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें कुछ समस्याओं का समाधान त्वरित किया, जबकि कुछ समस्याओं का समाधान का निस्तारण करने का आश्वासन दिया, इन समस्याओं में अधिकतर मामले कानून व्यवस्था राजस्व, बिजली पात्रता की श्रेणी में आने के बाद भी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को न मिल पाना, फरियादियों को क्षेत्र में साफ-सफाई न होना या जल जमाव की स्थिति होना इत्यादि, जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सख्त शब्दों में निर्देशित किया है कि जन समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो कठोर कार्यवाही की जाएगी। जन समस्याओं को सभी अधिकारी प्राथमिकता के तौर पर लेने के साथ ही अपने यहां शासन की योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभांन्वित करना भी सुनिश्चित करें।एक फरियादी अंकुर बाबू गुप्ता ने शिकायत की कि काफी समय से उसका दिव्यांग पेंशन नहीं आ रही है, जिससे प्रार्थी के जीवन भरण में दिक्कतें आ रही हैं, जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी को त्वरित मामले की जांच करते हुए, उसकी समस्या का निवारण करने के आदेश दिए, इसी तरह मंजू देवी ने शिकायत की की खतौनी में उनका नाम गलत दर्ज हो गया है।

जिलाधिकारी ने मामले को त्वरित जांच कर प्रार्थी को न्याय दिलाने की बात कही, एक दिलचस्प शिकायत इस दौरान आई की न्यू इंदिरा नगर की रहने वाली सुधा देवी ने शिकायत की, कि वह टूंडला में लक्ष्मी चंद्र के मकान में किराए पर रहती हैं, उनका पड़ोसी हरिओम अपने छत पर गेहूं डालकर बंदरों को खिलाता है, जिससे बंदर प्राथीर्नी का घर खुला होने पर सामान उठा ले जाते हैं।

प्राथीर्नी के मना करने पर उनको लगातार धमकता है उसने एक बार मेरे पुत्र को बुरी तरह से पीटा भी जिलाधिकारी ने संबंधित थानाध्यक्ष को संपूर्ण मामले की जांच करने के आदेश दिए, इसी तरह एक युवा सनी सगर ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के संबंध में केनरा बैंक में आवेदन किया था लेकिन प्रार्थी को शाखा प्रबंधक निदेशक के यहां से कोई जवाब नहीं आया, प्रार्थी ने कहा कि अपने परिवार के पालन पोषण के लिए रोजगार खोलना चाहता है, परंतु अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिलाधिकारी ने बैंकर्स पर नाराजगी प्रकट करते हुए इस पर उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया की संपूर्ण मामले की जांच कर संपूर्ण स्थितियों से प्रार्थी को अवगत कराऐं, इस दौरान 32 शिकायतें आई और 4 का निस्तारण किया गया, इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम बदन राम, डीएफओ, उप जिलाधिकारी टूण्डला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के एम सिंह बीडीओ सहित सभी विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

एसडीएम से 15 लाख की रंगदारी मांगने का आरोपी पहुंचा सलाखो के पीछे

धामपुर, बिजनौर। पुलिस ने एसडीएम से रंगदारी मांगने व न देने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर उसे जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार एसडीएम धामपुर के सरकारी मोबाइल नंबर पर अज्ञात बदमाश ने धमकी भरे मैसेज और फोटो भेजकर 15 लाख रुपये रंगदारी की मांग की थी। आरोपी ने रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाही शुरू की। विवेचना के दौरान आरोपी धीरज रेड्डी पुत्र नन्दी गारा पेरेसवारा रेड्डी निवासी अयप्पा सोसायटी थाना माधापुर जनपद रंगारेड्डी (तेलंगाना) का नाम सामने आया। पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर उसे जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक देवेन्द्र यादव, हे0का0 अमित कुमार, विवेक तोमर (साइबर थाना), का0 अशोक कुमार शामिल रहे।

रिश्वत मांगने के आरोप में महिला थाना प्रभारी लाइन हाजिर

महोबा। महिला थाना प्रभारी प्रभा पांडेय का शराब ठेका संचालक से पैसे मांगने का एक ऑडियो जनपद में वायरल हो रहा है। जिसके संबंध में महोबा पुलिस ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 17 अगस्त 2025 को जनपद महोबा में महिला थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रभा पांडेय का एक ऑडियो संज्ञान में आया था, जिसमें उनके द्वारा व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए शराब संचालक से धनराशि की मांग किये जाने की बात प्रकाश में आई थी। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा तत्काल संज्ञान लिया गया एवं कार्यवाही करते हुए संबंधित महिला थाना प्रभारी प्रभा पांडेय को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया है। उक्त प्रकरण के संबंध में समस्त तथ्यों एवं परिस्थितियों की गहन जांच एवं अग्रिम विभागीय कार्यवाही प्रचलित है।

एसपी ने गूगल मीट के माध्यम से गोष्ठी कर दिये आवश्यक निर्देश



महोबा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा गूगल मीट के माध्यम से गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमें जनपदीय पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारी, समस्त थाना प्रभारी, प्रभारी एलआईयू एवं प्रभारी 112 सम्मिलित रहे। गोष्ठी के दौरान आगामी भाद्रपद अमावस्या पर जनपद चित्रकूट में बड़ी संख्या में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहते हुए हाइवे, प्रमुख चौराहों एवं इन्ट्री प्वाइंट्स पर आवश्यक पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित करने साथ ही श्रद्धालुओं से संवाद कर उनको सुरक्षित परिवेश का एहसास कराये जाने के निर्देश दिए तथा किसी भी घटना की सूचना पर तत्काल सक्रिय होते हुए मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही करने तथा पड़ोसी थाना क्षेत्रों से सहयोग लेने के निर्देश भी दिए गये। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इसी क्रम में बैंक/एटीएम/कैश वैन सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भी निर्देश जारी किए गए।

छात्र संघ चुनाव बहाली को लेकर सपा छात्र सभा ने किया प्रदर्शन

ललितपुर। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर समाजवादी छात्र सभा ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा ने कहा है कि पूरे उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विगत कई वर्षों से छात्र संघ के चुनाव बंद कर दिए गए हैं। अगर चुनावों को ऐसे ही स्थगित रखा गया तो पिछड़े, दलित, शोषित, वंचित, आदिवासी समाज से आने वाले छात्र-छात्राएं जो राजनीति में अपनी सेवा देना चाहते वो कैसे आगे बढ़ेंगे। क्योंकि छात्र जीवन ही राजनीतिक दृष्टि से राजनीति की प्रथम सीढ़ी है। छात्र अपनी प्रतिभा को समाज के सामने रख नहीं पाएंगे। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि छात्र संघ चुनाव बहाल नहीं हुए तो छात्र सभा आन्दोलन को बाध्य होगी। उन्होंने पिछड़े, दलित, वंचित छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए छात्र संघ चुनाव बहाल

कराने की मांग की है। इस दौरान राजकुमारी गौतम, अरशद, तुलसीराम अहिरवार, आकिब खान, संजय रजक, शुभी यादव, रिचा वर्मा, रुचि यादव, मोनिका, अंजलि, रवि खटीक, दीपक सेन, अमन खान, विशाल रजक, अमन झा, शहरोज खान, महिपाल, अभी जैन, शिवांश लिटौरिया, यागवेन्द्र फौजपुरा, अमन यादव, अमित कुशवाहा, अनस अहमद, रॉबिन यादव, अमित, सुनील पाल, पुष्पेंद्र यादव, भगवानदास पाल, गौरव यादव, मुलायमसिंह यादव, आमिर खान, अंकुश, कृष्णपाल, रवेंद्र कुशवाहा, यशपाल, विजय यादव, दीपेश, अभिषेक, राजाराम लोधी, रितिक, राजपाल, अंशिव, विशाल पटेल, ललित वर्मा, रविकांत, दीपचंद, अंशुल, विक्की, विनय रजक, कृष्ण कन्हैया, सौरव, आलोक योगी, रोहित रजक, राघवेंद्र, हरदयाल राजपूत, नीरज, निखिल, नरेंद्र आकाश, सुशील, प्रदीप, उमेश, कृष्णकांत, प्रदीप, शिवा, शुभम, अखिलेश सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जागरूकता शिविर में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की दी जानकारी

फिरोजाबाद। तहसील सदर सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पीएलवी प्रवीन कुमार शर्मा एवं प्रीती सोनी द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें आने वाले फरियादियों को आगामी 13 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत व उसमें कराए जाने वाले सुलह समझौते, मध्यस्थता आदि के विषय में जानकारी देते हुए उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाली निःशुल्क अधिवक्ता सेवाओं के साथ साथ अन्य विधिक सेवाओं के प्रति जागरूक किया। तथा सरकार द्वारा संचालित कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना बाल सेवा योजना, उज्ज्वला योजना विधवा पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना आदि के साथ साथ आवेदन किए जाने की प्रक्रिया के विषय में विस्तार से बताया।

पीएलवी प्रीती सोनी और प्रवीन कुमार शर्मा ने फरियादियों को बताया कि, आगामी 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में मारपीट, गाली-गलौज जमीन-जायदाद का बंटवारा, संपत्ति पर मालिकाना हक उत्तराधिकारी के वाद, तलाक को छोड़कर भरण-पोषण, गुजारा भत्ता अनुबंध कॉन्ट्रैक्ट से संबंधित विवाद किराया विवाद बिजली, पानी, गैस आदि के बिलों से संबंधित विवाद सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित मुआवजे के मामले, ऋण वसूली बैंक रिकवरी चेक बाउंस, वेतन, बोनस, नौकरी से निकालना आदि से सम्बन्धित मामले संबन्धित न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अतुल चौधरी से सम्पर्क कर आपसी सुलह समझौते के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत में समाप्त किया जा सकता है।

डीएम ने खाद वितरण केन्द्र का लिया जायजा

बांदा। जिलाधिकारी ने सोमवार को नहरी क्षेत्रीय सहकारी समिति लिमिटेड का औचक निरीक्षण किया। उन्होने इस सहकारी समिति में खाद वितरण में किसानों की शिकायत मिलने पर मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। उन्होने समिति में मौजूद किसानों से बात की और खाद की समस्या का निस्तारण करने के लिए जिला कृषि अधिकारी को मौके पर रहकर टोकन के जरिए खाद वितरण कराने के निर्देश दिए। उन्होने सहायक निबंधक सहकारिता व जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि किसानों को जरूरत के अनुसार समय से खाद उपलब्ध कराएं। इसके पश्चात उन्होने निमार्णाधीन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ग्राम रगौली का निरीक्षण किया। उन्होने कार्यदायी संस्था सीएनडीएस यूनिट 48 के अवर अभियंता को निर्देश दिए कि अपने पर्यवेक्षण में गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य को गति से पूरा कराएं। डीएम ने लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को निर्देश दिए कि इसकी तकनीकी जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी और खंड शिक्षाधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालय के निर्माण कार्यों का साप्ताहिक निरीक्षण कर रिपोर्ट दें। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी, बेसिक शिक्षाधिकारी, सीएनडीएस के अभियंता व खंड शिक्षाधिकारी मौजूद रहे।

अधिक खाद देने पर 2 निलंबित, 3 का लाइसेंस निरस्त

बांदा। जरूरत से अधिक किसानों को खाद देने पर जिला कृषि अधिकारी संजय कुमार ने एम-पैक्स मुरवल के केन्द्र प्रभारी, आंकिक व जितेन्द्र कुमार चैकीदार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

जिला कृषि अधिकारी की विज्ञप्ति में कहा गया है कि खाद की किसानों तक पर्याप्त उपलब्धता निजी उर्वरक विक्रेताओं और सहकारी समितियों में माध्यम से जिला प्रशासन लगातार करा रहा है। लेकिन कुछ विक्रेता उर्वरक बिक्री केन्द्रों के निदेर्शों का पालन नही कर रहे जिससे कृषि और सहकारिता विभाग ने उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की है। किसानों को उनकी जोत एवं फसल के अनुसार यूरिया और डीएपी की मात्रा दिए जाने के निर्देश विक्रेताओं को दिए गये हैं साथ ही यह भी निर्देश दिए गये हैं कि किसानों को उर्वरक उनकी खतौनी के अनुसार ही दी जाए जिससे सभी किसानों को जरूरत के अनुसार खाद मिल सके।

अनियमितता बरतने पर माही खाद भण्डार गौरी कला पैलानी, आशीष शिवहरे, सत्यम खाद बीज भण्डार, कमासिन तेज प्रताप एवं राम खाद एवं बीज भण्डार मुसीवां कमासिन ने एक ही किसान को 50, 45 और 44 बोरी यूरिया एक ही माह में दी है। जबकि इन किसानों की खतौनी जांच करने पर उनकी जमीन कम पाई गयी है। ऐसी स्थिति में विक्रेताओं का लाइसेंस निरस्त किया गया है। कृषि अधिकारी ने कहा है कि सहकारी व निजी क्षेत्र के विक्रेता यदि निर्धारित मात्रा से अधिक खाद किसी को बेंचते हैं तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

लोक गायिका अभिलाषा के गायन पर झूमे महोबावासी

ललितपुर। नगर परिषद महोबा में आयोजित कजली मेला महोत्सव कीरत सागर तट पर ललितपुर की बुंदेली लोक गायिका अभिलाषा वर्मा के लोग गायन के मधुर गूंज से दर्शक झूम उठे। 15 अगस्त और श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर देशभक्ति लोकगीत व लोकभजन प्रस्तुत कर अभिलाषा वर्मा ने सभी दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। बुंदेली माटी की महिमा अपार ईके गौरव की गाथा सुनावे संसार और सपन गांधी के सच कर दिखानें है, हमें धरती पर स्वर्ग ले आने है। अंत में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सुंदर भजन भये प्रकट परम सुखधाम जगत रखवाले। गाकर सभी दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नगर पालिका डा.सन्तोष चैरसिया, ईओ नगर परिषद अवधेश कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष राजमणि, क्षेत्रीय मुख्यालय प्रभारी कानपुर से अजय शुक्ला, लोकसभा सदस्य जिला पंचायत तेजस शिवहरे, सीडीओ, पर्यटन अधिकारी चित्रगुप्त नायक आदि मौजूद रहे। जिला विकास संरक्षण समिति व नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में आयोजित कजली महोत्सव में लोक गायिका अभिलाषा वर्मा को शॉल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया गया।

6 वर्षीय बच्ची को परिवारीजनों सुपुर्द किया

फिरोजाबाद। ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना बसई मौहम्मदपुर पुलिस टीम ने अपने परिजनों से बिछड़ी 06 वर्षीय बच्ची को उसके परिवारीजनों को खोजकर सकुशल सुपुर्द किया। आपरेशन मुस्कान अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना बसई मौहम्मदपुर पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा करीब 06 वर्षीय बच्ची के परिजनों को खोजने हेतु त्वरित कार्यवाही करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सूचना कर प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक पुलिस टीम गठित की गयी। जिनके द्वारा अथक प्रयासोपरान्त उक्त बच्ची की पहचान मोना उम्र- 06 वर्ष पुत्री पिन्टू निवासी चन्द्रवार गेट गली न0 2 मौहल्ला श्याम नगर थाना दक्षिण के रूप में हुई।

दो पक्षों में हुई मारपीट, केस दर्ज

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खड़ोवरा में बीते शनिवार रात को दो पक्षों में जोरदार विवाद हो गया। इस झगड़े में धारदार हथियारों से हमला करने और जान से मारने की धमकी दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। इस प्रकरण में खड़ोवरा निवासी रघुवीर शरण पुत्र रोशनलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रात करीब 8 बजे वह घर के पास दुकान पर बैठा था, तभी रामसेवक, रोशनलाल को बेवजह गालियां देने लगा। विरोध करने पर रामसेवक पुत्र निरपत, रविन्द्र पुत्र शरमन, शरमन पुत्र निरपत, राजेन्द्र पुत्र रामसेवक, राजवीर पुत्र रामसेवक व सिमिरिया निवासी दामाद विकास ने अपने एक अज्ञात व्यक्ति के साथ एकराय होकर आये और मारपीट करने लगा। शोरगु

मुनीर की गीदड़भभकी

पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर एक ऐसे देश की सेना का नेतृत्व कर रहे हैं जिसके बारे में कहा जाता है कि 'हर देश सेना रखता है लेकिन पाकिस्तान की आर्मी एक देश रखती है।' इस तरह मुनीर बिना किसी सैन्य तख्तापलट के पाकिस्तान के सर्वेसर्वा हैं और इस स्थिति का दुरुपयोग कर वे चाहें तो फील्डमॉर्शल बन जायें, प्रधानमंत्री बन जायें, राष्ट्रपति बन जायें, किसी को प्रधानमंत्री बना दें, प्रधानमंत्री को हटा दें या जिसे चाहे जेल में डाल दें। अपनी इसी स्थिति के कारण उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तानी सेना की पिटाई करवाकर भी फील्डमॉर्शल की पदवी झटक ली। लेकिन हारकर भी फील्डमॉर्शल बन जाना, ट्रंप के क्रिप्टो बिजनेस को पाक में आगे बढ़ाकर व्हाइट हाउस में लंच करना, महज परिस्थिति जन्य मौका है। लेकिन इससे पाकिस्तान इतना ताकतवर देश नहीं बन गया है कि वह भारत पर हमला कर दे और हरा भी दे। इसलिए मुनीर पाकिस्तान में और पाकिस्तानियों के मनोरंजन के लिए जितने भी 'बड़के मारना हो, मार लें' लेकिन अगर उन्होंने भारत पर मिसाइल हमला की सोची या रिलायंस की रिफाइनरी पर हमले के बारे में सोचा तो उसका पूरा

परमाणु हथियार धरा रह जायेगा और भारत की सेना मुनीर को रावलपिंडी में ही दफन कर देगी। मुनीर को यह नहीं भूलना चाहिए कि पाकिस्तान ने चोरी ओर चाइनीज मदद से जो परमाणु बम बनाये हैं, भारत के पास उससे ज्यादा हें और ज्यादा घातक भी हैं। यह भी पाकिस्तान का परमाणु बम हवा में या गोदाम में ही भारत नष्ट कर सकता है लेकिन अगर भारत ने बम मारा, तो पाकिस्तान अगली सुबह नहीं देख पायेगा। इसलिए मुनीर को और पाकिस्तानी नेताओं को जबान संभालकर बोलना चाहिए क्योंकि उनकी लफ्फाजियां और बड़के मारने की प्रवृत्ति पाकिस्तान के लिए संकट पैदा कर सकती है। मुनीर चाल-चलन से सेना प्रमुख कम और कट्टरपंथी मौलवी ज्यादा हैं। वह दो माह के अंतराल में दूसरी बार अमरीका के दौरे पर गये हैं। क्या अमरीकी राष्ट्रपति ने व्हाइट हाउस में राष्ट्राध्यक्ष के बजाय सेना के जनरल से द्विपक्षीय मुलाकात की परंपरा शुरू कर दी है? जनरल मुनीर को अमरीका की सरजमीं से परमाणु हमले की धमकी देने की अनुमति अमरीका ने क्यों दी? अमरीका तो भारत का मित्र और रणनीतिक साझेदार होने का पाखंड करता रहा है। बेशक टैरिफ के मुद्दे पर विवाद है, लेकिन अमरीका क्वाड जैसे संगठन में भी भारत का साथी देश है। इसके बावजूद अगर अमरीका ने भारत के दुश्मन देश के सेना प्रमुख को अपनी जमीन से परमाणु हमले की धमकी देने की अनुमति दी, तो यह मानकर चलना चाहिए कि अमरीका दोगला देश है और कभी भी भरोसा करने लायक नहीं है। मान लीजिए ट्रंप ऐसे नेता है जिनको कूटनीतिक समझ नहीं है, भारत से चिढ़ते हैं, भारत उनको नोबेल पुरस्कार की सिफारिश नहीं करता है लेकिन इसके बावजूद अमरीकी मीडिया, डीप स्टेट, विरोधी पार्टियां और कूटनीतिक जानकारों ने मुनीर के इस धृष्टता पर ट्रंप की निंदा नहीं की? जाहिर है अमरीका यह नहीं देखना चाहता है कि भारत आर्थिक और सैन्य महाशक्ति बने। इसलिए वह पाकिस्तान की मदद कर भारत के लिए चुनौती पेश कर रहा है। लेकिन इससे उसे कुछ हासिल नहीं होगा। यही नहीं मुनीर ने लगभग पूरी दुनिया को धमकाया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक परमाणु संपन्न देश है। यदि हम सोचते हैं कि हम हार रहे हैं, तो उससे पहले हम आधी दुनिया को नष्ट कर देंगे। इससे पहले मुनीर ने सीधे भारत को धमकी दी थी कि हम सिंधु पर बांध बनाने का इंतजार कर रहे हैं। यदि ऐसा किया गया, तो हम बांध पर 10 मिसाइलों से हमला करेंगे। हमारे पास बहुत मिसाइलें हैं। उन्होंने रिलायंस की रिफाइनरी की ओर भी संकेत किया। फिलहाल भारत ने मुनीर के इन शब्दों को 'गीदड़ भभकी' के तौर पर लिया और एक बार फिर साफ किया कि भारत परमाणु हमले की ब्लैकमेलिंग से नहीं डरता। यही उचित भी है क्योंकि एक हारे हुए और पाकिस्तान जैसे घटिया देश के सेना प्रमुख को ज्यादा महत्व देना भारत जैसे महान राष्ट्र के लिए उचित नहीं।

विचार

ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो हमी हैं, जो अपनी आंख पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। करेगा।

-स्वामी विवेकानन्द.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंत:करण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

सियासी विवादों से दूर रहते हैं राधाकृष्णन

शाहिद ए चौधरी

जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद अटकलों का बाजार गर्म था कि अगला उप-राष्ट्रपति कौन होगा और क्या उसका संबंध आरएसएस से होगा? आखिरकार इन बातों पर विराम लग गया है। बीजेपी ने वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उप-राष्ट्रपति का प्रत्याशी बनाया है, जिनका आरएसएस से पांच दशक से भी अधिक का संबंध है। राधाकृष्णन की जीत मात्र औपचारिता प्रतीत हो रही है, क्योंकि संसद में बीजेपी व एनडीए में उसके सहयोगी दलों के पास 427 सांसद हैं, जबकि जरूरत केवल 392 की है। शायद इसीलिए बीजेपी चाहती है कि बतौर उप-राष्ट्रपति राधाकृष्णन का चयन सर्व सम्मति से हो जाये यानी विपक्ष मुकाबले पर अपना कोई उम्मीदवार न उतारे। लेकिन इस समय जो देश में राजनीति चल रही है उसे देखते हुए लगता है कि प्रतीकात्मक चुनाव के लिए विपक्ष अपना प्रत्याशी मैदान में उतार सकता है। खबरें ऐसी भी हैं कि विपक्ष अपना विरोध जताते हुए इस चुनाव में हिस्सा ही न ले। वैसे औपचारिक रूप से विपक्ष ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

> जगदीप धनखड़ की तरह सीपी राधाकृष्णन भी राज्यपाल से उप-राष्ट्रपति की कुर्सी की ओर जाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन धनखड़ के विपरीत राधाकृष्णन ने राजनीतिक मुद्दों पर कोई पब्लिक प्रोफाइल नहीं बनायी है और वह अपने आपको विवादों से दूर रखना ही पसंद करते हैं।

चन्द्रपुरम पोन्नुसामी (सीपी) राधाकृष्णन का जन्म 20 अक्टूबर 1957 को त्रिउप्पुर, तमिलनाडु में सीके पोन्नुसामी (पिता) व के जानकी (माता) के घर में हुआ था। उनका संबंध कोंगु वेल्लालर गौंडर समुदाय से है, इसका अर्थ यह है कि अगर उनका चयन हो जाता है, जिसकी प्रबल संभावनाएं हैं, तो वह जगदीप धनकड़ (जाट) के बाद देश के दूसरे ओबीसी उप-राष्ट्रपति होंगे और तमिलनाडु से इस पद पर बैठने वाले तीसरे व्यक्ति होंगे। एस राधाकृष्णन व आर वेंकटरमण के बाद। अपनी जवानी में राधाकृष्णन टेबल टेनिस में कॉलेज चैंपियन थे और थूठुकुदी, तमिलनाडु के वीओ चिदंबरम कॉलेज से उनके पास बीबीए (बैचलर ऑफ बिजनस एडमिनिस्ट्रेशन) की डिग्री है। राधाकृष्णन जब 17 साल के थे तभी से वह आरएसएस और भारतीय जनसंघ (बाद में बीजेपी) से जुड़े हुए हैं। राधाकृष्णन का राजनीतिक कॅरियर लम्बा रहा है। वह 1974 में जनसंघ की तमिलनाडु इकाई की एग्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्य चुने गये? उन्होंने तमिलनाडु में बीजेपी व अन्ना द्रमुक के बीच चुनावी गठजोड़ कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की और इस समझौते की बदौलत तमिलनाडु में पहली बार बीजेपी के जो तीन प्रत्याशी चुनाव जीते उनमें से एक राधाकृष्णन स्वयं थे। तमिलनाडु बीजेपी के अध्यक्ष (12 मई 2003 से 22 सितम्बर 2006) रहे राधाकृष्णन ने कोयंबटुर लोकसभा सीट को 1998 में 150,000 से भी अधिक मतों से जीता, लेकिन 1999 में उनका जीत का अंतर घटकर 55,000 रह गया और इस सीट से वह 2014 व 2019 में चुनाव हार गये। तमिलनाडु बीजेपी का अध्यक्ष रहते हुए राधाकृष्णन ने 93 दिन की 19,000 किमी लम्बी रथ यात्रा निकाली, जिसमें उन्होंने भारतीय नदियों को जोड़ने, छुआछूत को खत्म करने और भारत में आतंकवाद के विरुद्ध अभियान चलाने की वकालत की।

सामयिक

बहरहाल, 12 फरवरी 2023 को राधाकृष्णन को झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया और टी सौंदर्यराजन के इस्तीफे के बाद उन्हें 19 मार्च 2024 को तेलंगाना के राज्यपाल और पोडुचेरी के लेफ्टिनेंट गवर्नर का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा गया। इसके बाद 27 जुलाई 2024 को राधाकृष्णन को महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया। अब 17 अगस्त 2025 को बीजेपी ने राधाकृष्णन को अपना उप-राष्ट्रपति प्रत्याशी बनाया है। बीजेपी का कहना है कि राधाकृष्णन का सर्वसम्मति से चयन कराने के लिए उसने पिछले सप्ताह विपक्षी दलों से बात की है और वार्ता जारी रहेगी। विपक्षी दल अगर राधाकृष्णन के नाम पर सहमत नहीं भी होते हैं, तो भी उनका उप-राष्ट्रपति बनना लगभग तय ही है, क्योंकि एनडीए के पास पर्याप्त संख्या बल है। अगर राधाकृष्णन के व्यक्तिगत जीवन की बात करें तो उन्होंने 25 नवम्बर 1985 को आर सुमाथि से शादी की और उनके दो बच्चे हैं। वह लायंस क्लब इंटरनेशनल के सदस्य हैं और उन्हें क्रिकेट व वॉलीबॉल खेलने के अतिरिक्त दौड़ना पसंद है, जबकि अपने कॉलेज के दिनों में वह टेबल टेनिस चैंपियन थे।

दरअसल, राधाकृष्णन को अपना उप-राष्ट्रपति प्रत्याशी बनाकर बीजेपी एक तीर से दो निशाने साधने का प्रयास कर रही है। एक, आरएसएस को उसकी पसंद का उप-राष्ट्रपति देकर बीजेपी आलाकमान ने अपने लिए पार्टी का अध्यक्ष पद आरक्षित कर लिया है। आरएसएस जेपी नड्डा के केंद्र में मंत्री बनाये जाने के बाद से ही इस बात पर बल दे रहा था कि उसकी पसंद के व्यक्ति को बीजेपी का अध्यक्ष बनाया जाये और इस सिलसिले में संजय जोशी का नाम बार बार आगे बढ़ाया जा रहा था। बीजेपी आलाकमान को यह स्वीकार नहीं था, इसलिए नड्डा ही अध्यक्ष बने हुए थे। इस गतिरोध को दूर करने के लिए रास्ता यह निकाला गया कि उप-राष्ट्रपति पद पर आरएसएस की पसंद के व्यक्ति को आसीन कर दिया जाये और बीजेपी अध्यक्ष पद को बीजेपी आलाकमान (नरेंद्र मोदी व अमित शाह) की पसंद पर छोड़ दिया जाये, जो किसी भी सूरत में यह नहीं चाहते कि पार्टी पर उनकी पकड़ ढीली पड़े। जगदीप धनकड़ से इस्तीफा कराने की यही प्रमुख वजह थी। धनकड़ भी इस बात को समझते थे, इसलिए आरएसएस का सदस्य न होते हुए भी वह इस संगठन की भूरि भूरि प्रशंसा करते रहते थे, इस उम्मीद में कि संघ की तरफ से उनका कोई विरोध न हो। लेकिन उनकी यह रणनीति कुछ काम न आयी और राजनीतिक बिसात पर उनकी कुर्बानी दे दी गयी। प्रधानमंत्री ने लाल किले से स्वतंत्रता दिवस पर जो आरएसएस की तारीफ की उसे इसी पृष्ठभूमि में समझना चाहिए कि बीजेपी आलाकमान व आरएसएस के बीच समझौता हो गया है, वर्ना इससे पहले नड्डा व अन्य नेता खुलकर कह रहे थे कि बीजेपी को संघ की जरूरत नहीं है।

दूसरा कारण यह है कि तमिलनाडु में अन्ना द्रमुक ने बीजेपी व एनडीए से अपने रिश्तों पर विराम लगा दिया है। बीजेपी को एक ऐसे प्रतीक की जरूरत थी जिसके सहारे वह तमिलनाडु सहित दक्षिण के अन्य राज्यों में अपनी तेजी से खिसकती जमीन को फिर से हासिल कर सके। ऐसे में प्रतीकों की राजनीति करने वाली बीजेपी के लिए राधाकृष्णन से बेहतर प्रतीक कौन हो सकता था, जिन्होंने तमिलनाडु में पहली बार बीजेपी का लोकसभा खाता खुलवाया और जो ओबीसी से ताल्लुक रखते हैं। ध्यान रहे कि दक्षिण की राजनीति ओबीसी के इर्दगिर्द ही घूमती है। बीजेपी उम्मीद कर रही है कि राधाकृष्णन की पदोन्नति के कारण वह तमिलनाडु में अपने लिए नई राहें खोल सकेगी, जहां अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं। राधाकृष्णन का संबंध प्रभावी गौंडर जाति से है, जो तमिलनाडु में ओबीसी समुदाय है। हालांकि धनकड़ की तरह राधाकृष्णन भी राज्यपाल से उप-राष्ट्रपति की कुर्सी की ओर जाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन धनकड़ के विपरीत राधाकृष्णन ने राजनीतिक मुद्दों पर कोई पब्लिक प्रोफाइल नहीं बनायी है और वह अपने आपको विवादों से दूर रखना ही पसंद करते हैं। बहरहाल, नामांकन भरने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। उप-राष्ट्रपति का चुनाव रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की निगरानी में होगा और संसदीय मामलों के मंत्री किरण रिजीजू पोलिंग एजेंट होंगे। अगर विपक्ष भी अपना उम्मीदवार मैदान में उतारता है, तो 9 सितम्बर को मतदान होगा।

सोशल मीडिया

मेरे दोस्त राष्ट्रपति पुतिन को उनके फोन कॉल के लिए और अलास्का में ट्रंप के साथ हालिया बैठक पर अपनी अन्तर्दृष्टि साझा करने के लिए धन्यवाद। पीएम मोदी.

मा. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को जन्म दिन की हार्दिक बधाई। भगवान श्रीविष्णु आपको स्वस्थ, सुदीर्घ एवं सुयश पूर्ण जीवन का आशीर्वाद प्रदान करें। प्रभु से यही प्रार्थना है। सीएम योगी.

जम्मू एवं कश्मीर के किश्तवाड़ व कठुआ में बादल फटने की आपदा के कारण आयी तबाही में कई लोगों की मौत एवं कईयों के लापता होने की खबर बहुत ही दुखद है। राहुल गांधी

पहाड़ी राज्यों का विकास पर्यावरण के अनुकूल हो

पर्यावरण

हिमाचल में एक टनल के कारण कई आसपास के कई घरों पर संकट है, एक स्कूल भी धंसने के कगार पर है। पहाड़ी राज्यों में सड़कें, टनल, पावर प्रोजेक्ट और विकास की तमाम अन्य योजनाओं के चलते पहाड़ों के दरकने की घटनाएं बढ़ रही हैं। भूस्खलन बढ़े हैं। अभी एक साल पहले की ही तो बात है जब उत्तराखंड के जोशीमठ में मकानों के दरकने की खबरें आ रही थीं। पहाड़ी राज्यों में मकानों के दरकने, भूस्खलन और अन्य खतरे बढ़ते जा रहे हैं। इसका कारण अनियोजित विकास है। इसलिए जरूरी है कि पहाड़ी राज्यों में घरों के निर्माण, विकास और जन सुविधाओं को विकसित करने के लिए ऑदर्श मॉडल विकसित करना जरूरी है जहां जनसुविधाओं के सृजन के साथ ही पहाड़ों को नुकसान भी न हो। जोशीमठ त्रासदी ने लोगों की आंखें खोल दी हैं।

जोशीमठ के लाइमलाइफ में आते ही पूरे उत्तराखंड से ऐसी ही डराने वाली सच्चाई उभरकर सामने आने लगी थी। मसूरी के लैंडोर बाजार की सड़क व इमारतों में भी दरारें पड़ गई हैं, जो लगातार चौड़ी होती जा रही हैं, साथ ही जमीन भी धंस रही है, जिससे लोगों व दुकानदारों पर गंभीर खतरा मंडराने लगा है। जोशीमठ से मात्र 40 किमी के फासले पर स्थित प्राचीन गांव हाट (जिला चमोली), जिसे शंकराचार्य की छोटी काशी भी कहते हैं, के निवासी भी दहशत में हैं कि 1000 वर्ष पुराना उनका गांव भी धंस जायेगा। सिर्फ उत्तराखंड ही नहीं इसी प्रकार की खबरें हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों से भी मिल रही हैं। सवाल यह है कि पहाड़ों में ऐसा क्यों हो रहा है? यकीनन जो कुछ हो रहा है वह त्रासदी है। लेकिन यह त्रासदी ग्लोबल वार्मिंग या क्लाइमेट चेंज की वजह से नहीं है (जिनसे स्थिति बद से बदतर अवश्य हुई होगी) बल्कि मानव निर्मित है। यह आपदा अचानक भी नहीं आयी है। इसकी भविष्यवाणी तो पिछले पांच दशक से मौजूद थी। सुप्रीम कोर्ट और केंद्र व राज्य सरकारों की अनेक कमेटियां जोशीमठ सहित अन्य पहाड़ी क्षेत्रों के धंसने को डॉक्यूमेंट कर चुकी हैं। उन्होंने अनियोजित शहरीकरण, बड़े हाइड्रोपॉवर प्रोजेक्ट और सड़कें चौड़ी करने के लिए पहाड़ों को काटने के विरुद्ध सावधान भी किया था। जहां जोशीमठ के निवासी अपनी परेशानियों के लिए एनटीपीसी प्रोजेक्ट को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, वहीं मरोरा के ग्रामीण 125 किमी लम्बे ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल प्रोजेक्ट को लेकर दुखी हैं। लेकिन बार बार उक्त कमेटियों की चेतावनियों को अनदेखा किया जाता रहा। नतीजा सबके सामने है।

विशेषज्ञों के अनुसार जोशीमठ में तो स्थिति यह हो गई है कि आधुनिक इंजीनियरिंग समाधानों के बावजूद इस ऐतिहासिक शहर के बड़े हिस्से को वीरान छोड़ना पड़ेगा और शेष भाग अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए संघर्ष करता रहेगा। इसलिए यह प्रश्न प्रासंगिक है कि यह स्थिति आयी क्यों और भविष्य के अन्य अनेक जोशीमठों को कैसे बचाया जाये? दरअसल, जोशीमठ तो केवल लक्षण है, रोग तो हिमालयन राज्यों में मैदानी विकास मॉडल की नकल करना है कि चौड़ी सड़कें हों, बहुमंजिला इमारतें हों और बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स हों। इसी मॉडल ने पहाड़ों की पर्यावरण सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर दिया है। गौरतलब है कि उत्तराखंड में पहले से ही 3,400 मेगावाट क्षमता के 39 बड़े व छोटे हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट्स मौजूद हैं और 2,400 मेगावाट क्षमता के 25 हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट्स निमार्णाधीन हैं। इसका अर्थ यह है कि कुछ वर्षों में ही इस राज्य में 6,000 मेगावाट क्षमता के 64 हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट्स हो जायेंगे। लेकिन यह तो तस्वीर का एक छोटा सा अंश है, क्योंकि 21,200 मेगावाट क्षमता के 180 हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट्स पाइप लाइन में भी हैं जिन्हें पर्यावरण मंत्रालय व राज्य एजेंसीज की मंजूरी मिल चुकी है। क्या पहाड़ 244 हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट्स का भार संभालने की स्थिति में हैं? नहीं। वैज्ञानिकों व सरकारी समितियों ने हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट्स को रद्द करने की सिफारिशें निरंतर की हैं, लेकिन किसी के कान पर जूं कहां रेंग रही है? 520 मेगावाट तपोवन विष्णुगढ़ हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट्स पिछले 17-वर्ष से निर्माणाधीन है, 2013 में पूरा होना था, बाढ़ से दो बार (2013 व 2021) क्षतिग्रस्त हो चुका है,। वास्तव में पहाड़ी राज्यों में विकास के वैकल्पिक मॉडल को अपनाना होगा, जिसका फोकस पर्यटन क्षेत्र की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हो। **वीओएल.**

कर्तव्य के प्रति समर्पण

अंतर्दृष्टि

मनुष्य अगर सही दिशा में और सतत् प्रयास करता है, तो उसे सफलता भी मिलती है। हमारे प्रयास तभी सफल होते हैं जब हम सही दिशा में, कर्तव्य परायणता के साथ शतत् प्रयास करते रहे। हमारे प्रयासों में हमेशा नियमितता होनी चाहिए। व्यायाम शाला में नित नये उत्साह के साथ जूझते रहने वाले पहलवान की मनःस्थिति और गतिविधि का यदि गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया जाये तो आत्मासाधना के विद्यार्थी को विदित हो सकता है कि उसे आखिर करना क्या पड़ेगा? पहलवान मात्र कसरत करके ही निश्चिंत नहीं हो जाता वरन पौष्टिक भोजन की, संयम की, ब्रह्मचर्य ही, मालिश की, उपयुक्त दिनचर्याकी, प्रसन्नता-निश्चिंतता की भी व्यवस्था करता है। यदि उन सब बातों की उपेक्षा की जाये और मात्र दण्ड बैठकों को ही जादू की छड़ी मान लिया जाये तो सफलता दूर की खीज ही बनी रहेगी। एकाकी कसरत से कुछ भला न हो सकेगा। उपासनात्मक विधि विधान की अपनी ही महत्ता है पर उतने भर से काम नहीं चलता। चिंतन और कर्तव्य की रीति नीति भी लक्ष्य के अनुरूप ही ढालनी पड़ेगी। गायक और वादक एक दिन में अपने विषय में पारंगत नहीं हो जाते, उन्हें स्वर की, नाद की साधना नित्य निरंतर करनी पड़ती है। रियास न किया जाये, तो गायक का स्वर छितराने लगता है और वादक ही अंगुलियां जकड़ मकड़ दिखाने लगती हैं। संगीत सम्मेलन तो यदा कदा ही होते हैं पर वहां तक पहुंचाने वाली स्वर साधना को नित्य ही अपनाये रहना पड़ता है। गीत सुनने वालों ने कितनी प्रशंसा की और कितनी धन राशि दी यह बात गौण रहती है। संगीत साधक आत्मतुष्टि की नित्य मिलने वाली प्रसन्न्ता को ही पर्याप्त मानता है और बाहर से कुछ भी न मिले तो भी वह एकान्त जंगल की किसी कुटिया में रहकर भी आजीवन बिना ऊबे संगीत साधना करता रह सकता है। आत्मसाधक की मनःस्थिति इतनी तो होनी ही चाहिए। नतर्क, अभिनेता, अपना अभ्यास जारी रखते हैं। शिल्पी और कलाकार जानते हैं कि उन्हें अपने प्रयोजन के लिए नित्य नियमित अभ्यास करना चाहिए। फौजी सैनिकों को अनिवार्य रूप से परेड़ करनी पड़ती है। अभ्यास टूट जाने पर न तो गोली का निशना ठीक बैठता है औरन मोर्चे पर लड़ने के लिए जिस कौशल की आवश्यकता पड़ती है वह हाथ रहता है। किसी विशेष प्रयोजन के लिए नियम संख तथा नियत अवधि की साधना से किसी पूजा प्रयोजन का संकल्प लेने वाला समाधान हो सकता है पर आत्म साधक को इतने भर से संतोष नहीं मिलता। वह जानता है कि प्यास बुझाने के लिए रोज कुएं से पानी खींचना पड़ता है और सफाई रखने के लिए रोज ही कमरे को बुहारना पड़ता है। मानवी सत्ता की स्थिति भी ऐसी ही है।

हॉकी की उपयोगिता

व्यंग्यलोक

चक दे... चक दे इंडिया.. लो जी हमारी हॉकी ने फिर ओलंपिक में कमाल कर दिया। उधर मेरे घर के सामने वाले मैदान में बच्चे क्रिकेट खेल रहे हैं। वे हर दिन क्रिकेट ही खेलते हैं। आस-पास के घरों के शीशे तोड़ देते हैं। उन्हें समझाते हैं कि कुछ और खेल खेला करें, लेकिन वे सिवा क्रिकेट के कोई और खेल खेलने को राजी नहीं होते। हमारे देश के लोगों को दीवानगी की हद तक क्रिकेट पसंद है। घर हो या ऑफिस, सब काम-धाम छोड़ कर क्रिकेट की चर्चा करते हैं। स्पोर्ट्स चैनल पर मैच के रिपीट टेलीकास्ट देखते हैं। बावजूद इसके उन्हें हॉकी से लगाव है। वे भले ही क्रिकेट खेलते हैं, लेकिन हॉकी से प्यार करते हैं क्योंकि प्यार में उपयोगिता को तरजीह देते हैं। अब उपयोगी को प्यार करने की संस्कृति पनप रही है। अधुनातन परिवारों में उपयोगी मां-बाप पाले जाते हैं, वर्ना लोग कुत्ते पाल लेते हैं। लिव इन रिलेशनशिप भी उपयोगिता आधारित व्यवस्था है। हॉकी बहुत उपयोगी है। लगभग हर घर में पायी जाती है। लकड़ी की, प्लास्टिक की और यहां तक कि लोहे की बनी हॉकी भी रहती है। हॉकी और बल्लम, असामाजिक तत्वों के उपयोगी हथियार माने गए हैं। कॉलेज के हॉस्टल में छात्र हॉकी दिखाकर जूनियर्स की रेगिंग लेते हैं। हॉकी के सहारे दो गुटों के बीच की लड़ाइयां निपटाई और जीती जाती हैं। मुझे हॉकी को देखकर टांगों की याद आ जाती है। हॉकी से बॉल पर धौल जमाई जाती है और टांग से पिछड़ी पर। दोनों जगह प्रयुक्त धौल के शब्दार्थ भिन्न है। एक को शॉट लगाना कहते हैं और दूसरे को लात जमाना। अड़तालीस साल पहले हम हॉकी के विश्व चैम्पियन थे। हॉकी के जादूगर थे, हॉकी खेलने में माहिर थे। अब टांग अड़ाने में निपुण हैं। असल में, टांगों को हॉकी समझने की चूक हुई है। जिसने टांग अड़ाई वही हॉकी प्लेयर हो लिया। सरकारी महकमे और राजनीति के क्षेत्र टांग अड़ाने के अखाड़े हैं। यहां टांग अड़ाने में पारंगत बहुतायत में पाए जाते हैं। यदि टांग अड़ाने की विश्व प्रतिस्पर्धा में भाग लेते तो हम आज भी विश्व चैम्पियन होते। बहरहाल, सामने के मैदान में खेल रहे बच्चों का क्रिकेट चरम पर पहुँच चुका था। मोहल्ले का ध्यानचंद अपने-आप को सचिन सिद्ध करने में लगा था। रन पीटे जा रहे थे, तभी एक बॉल सीधे मेरे सिर पर लगी। मैं गश खाकर गिर पड़ा। मुझे दिन में चीयरलीडर्स नजर आने लगीं। मैंने देखा, एक खूबसूरत चीयरलीडर क्रिकेट के विश्व कप में मीठा काढ़ा भरकर मुझे पिला रही है। काढ़े को जिस चम्मच से बार-बार घुमा रही थी वह बिल्कुल हॉकी के जैसी है। वह चीयरलीडर बाला मेरे ठीक बाजू में घुटने के बल बैठी थी। उसके खूबसूरत टखनों पर मेरा सिर था। उसने काढ़ा पिलाते हुए हॉकीनुमा चम्मच मेरे हाथ में पकड़ा दी। मैं यह देखकर चौंक गया कि चम्मच.. उंह हॉकी घुलकर बोनी हो चुकी है।

राकेश सोहम

आपकी बात

नियोजित विकास जरूरी

जाम, खराब सड़कें, प्रदूषण, अनियोजित विकास, अवैध निर्माण यह सब उत्तर भारत के शहरों के पहचान से बन गये हैं। जबकि नियोजित विकास के लिए यह जरूरी है शहरों का विकास नियमों-कानूनों के दायरे में हो ताकि आधुनिक जरूरतों के अनुसार स्मार्ट शहरों का विकास हो सके, शहर अवसरों के हब होते हैं। इसलिए आधुनिक शहर देश की जरूरत हैं। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं। इससे शहरों का स्वरूप बिगड़ता है।

राजेन्द्र कुमार वर्मा, लखनऊ.

भारत की आर्थिक प्रगति

चार ट्रिलियन डॉलर के शिखर पर देश की अर्थव्यवस्था का पहुंचना पूरे देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। चार ट्रिलियल के शिखर पर पहुंचने के बाद अब भारत उस लक्ष्य के भी बहुत निकट आ गया है, जब जीडीपी आकार के मामले में 4.4 ट्रिलियन डॉलर के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जापान और 4.3 ट्रिलियन डॉलर के साथ चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी को पीछे छोड़कर भारत आगे निकल जायेगा और पांच ट्रिलियन के लक्ष्य को अगले तीन साल में प्राप्त कर लेगा। जीडीपी किसी देश की ठोस उपलब्धि होती है जिससे नागरिकों के जीवन में आमूलचूल बदलाव आता है। इसलिए जीडीपी का बढ़ना इस बात की गारंटी है कि भविष्य में शिक्षा का स्तर भी सुधरेगा, उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा, सरकार कल्याणकारी कार्यक्रमों में और अधिक संसाधन लगा पायेगी, रोजगार के मौके बढ़ेंगे और आर्थिक विकास, बुनियादी संरचना के निर्माण, सेना के सशक्तिकरण जैसे तमाम कामों पर निवेश करने के लिए सरकार के पास अधिक पूंजी उपलब्ध होगी। प्रति व्यक्ति आय भी बढ़ेगा जो सीधे-सीधे लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा। हालांकि जीडीपी का यह स्तर प्रति व्यक्ति आय के लिहाज से अभी भी बहुत संतोषजनक नहीं है, लेकिन जैसे-जैसे जनसंख्या वृद्धि का दौर थमेगा, जीडीपी ग्रोथ बढ़ता जायेगा, तो भविष्य में प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा। जीडीपी के इस रफ्तार को देखते हुए कहा जा सकता है कि अगले वित्तीय वर्ष तक भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। आज हमारी अर्थव्यवस्था चौतरफा प्रगति कर रही है और दुनिया भर की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गयी है। लेकिन बढ़ती अर्थव्यवस्था के बीच यह ध्यान रखना जरूरी है कि इसका लाभ गरीबों को भी बराबर मिलना चाहिए।

आशुतोष कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्य तिथि पर पदाधिकारियों ने नमन किया

बहराइच। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई की सातवीं पुण्यतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे की अध्यक्षता में में सभी जिला पदाधिकारी के साथ उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके नमन किया ।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे ने कहा की पंडित अटल बिहारी वाजपेई राजनेता ही नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के पथप्रदर्शक व दूर द्रष्टा नेता थे ।पंडित अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल में देश का चहुमुखी विकास हुआ था। उन्होंने स्वर्ण चतुर्भुज सड़कों का निर्माण कराया था तथा प्रधानमंत्री आवास योजना उन्ही के द्वारा लागू किया गया था ।तथा उन्ही मार्गदर्शन में महामहिम राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने भारत देश को परमाणु शक्तिशाली देश बनाया था। तमाम देश विरोध व प्रतिबंधों को धता बता कर देश को परमाणु शक्तिशाली देश बनाया था। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह उमाशंकर तिवारी राहुल राय राघवेंद्र प्रताप सिंह नन्हेलाल लोधी मनीष आर्य मंदीप सिंह वालिया देवेंद्र कुमार मिश्रा पंकज केवट नितिन रूपानी सुनील श्रीवास्तव डॉक्टर आदि उपस्थित थे।

रामनगरी से उठेगा खेलों का परचम अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमकेंगे खिलाड़ी

अयोध्या। भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या अब आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान के साथ-साथ खेलों का नया केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार क्रीड़ा संकुल में आधुनिक सुविधाओं से युक्त क्रिकेट स्टेडियम, वीआईपी पैवेलियन स्टैंड, फुट ओवर ब्रिज, हैंडबॉल कोर्ट, सिटिंग स्टेप्स और ओवरहेड टैंक जैसे कार्य लगभग पूरे हो चुके हैं। स्टेडियम की फिनिशिंग का

- डॉ. भीमराव राष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में 48.54 करोड़ की परियोजना लगभग पूरी, अयोध्या में लिखा जायेगा खेलों का नया इतिहास
- स्टेडियम के पैवेलियन से लेकर फुट ओवर ब्रिज तक का काम पूरा

कार्य अंतिम चरण में है। इसके बाद खिलाड़ियों को ऐसी खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिनसे उनकी प्रतिभा और निखरेगी। खेल विभाग की यह परियोजना 2006 में शुरू हुई थी, लेकिन लंबे समय तक अधर में लटकी रही। 2023 में सीएनडीएस ने कार्य को गति दी और आज यह संकुल हस्तांतरण की प्रक्रिया में पहुंच चुका है। इसके पूर्ण होते ही अयोध्या के खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए किसी अन्य शहर पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा ।खिलाड़ी और खेल प्रेमी इस परियोजना को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उनका मानना है कि इस संकुल से अयोध्या खेल मानचित्र पर एक नई पहचान हासिल करेगा। यहां से निकले युवा खिलाड़ी अब सीधे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। योगी सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए खेल अवसंरचना, प्रशिक्षण केंद्र, प्रतियोगिताओं और योजनाओं का लगातार विस्तार कर रही है। अयोध्या का यह क्रीड़ा संकुल न केवल प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को निखारेगा, बल्कि उत्तर प्रदेश को खेल महाशक्ति बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। सीएनडीएस के परियोजना प्रबंधक देवव्रत पवार ने बताया कि पहले फुट ओवर ब्रिज और पैवेलियन न होने से खिलाड़ियों को भारी दिक्कत होती थी। अब ये कार्य पूरे हो चुके हैं और हस्तांतरण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है।

ने खिलाड़ियों के विकास और खेल अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। इसी क्रम में डॉ. भीमराव राष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल का निर्माण तेजी से पूर्णता की ओर है, जो आने वाले समय में रामनगरी के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का माध्यम बनेगा। अयोध्या में अब खेलों का नया इतिहास लिखा जाएगा। आने वाले समय में यह नगरी खेलों की धरती से भी जानी जाएगी ।करीब 4854.26 लाख रुपये की लागत से बन रहे इस

किसानों की जमीन छिनी तो होगा सड़क से संसद तक आंदोलन

अयोध्या। जनपद के सदर तहसील स्थित तिकोनिया पार्क में आज भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने जिला अध्यक्ष अरविंद यादव की अगुवाई में किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर एक विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया। धरने के दौरान किसानों ने अपने हक की आवाज बुलंद करते हुए रेलवे मंत्री को पाँच सूत्रीय ज्ञापन आयुक्त, अयोध्या मंडल के माध्यम से सौंपा। धरने की अध्यक्षता करते हुए अरविंद यादव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा -ह्वरेलवे परियोजना के नाम पर जयसिंहपुर बागबिजैसी और माझा बराहटा गांव के किसानों की जमीनें छीनी जा रही हैं। यह वही खेत हैं जहाँ पीढ़ियों से किसानों का पसीना बहा और अन्न उपजा। सरकार आज इन खेतों को छीन रही है, लेकिन किसानों को न सही मुआवजा मिल रहा है, न रहने का ठिकाना और न ही भविष्य की गारंटी। श्री अरविंद यादव ने धन्य को संबोधित करते हुए आगे कहा की - अगर किसानों की आवाज दबाई गई तो यह आंदोलन सड़क से संसद तक गूंजेगा। सरकार से किसान यूनियन की

मांग है कि किसानों को उनकी जमीन का बाजार भाव पर पूरा मुआवजा दिया जाए। प्रभावित परिवारों के कम से कम दो सदस्यों को रेलवे में नौकरी दी जाए। जिनके घर उजड़ रहे हैं, उन्हें रेलवे कॉलोनी में पक्का मकान दिया जाए। किसानों के साथ हो रहे अन्याय और शोषण की प्रक्रिया को तुरंत बंद किया जाए।धरने को संबोधित करते हुए किसान यूनियन की तरफ से चेतावनी देते हुए अरविंद यादव ने कहा की -यह लड़ाई सिर्फ जयसिंहपुर और माझा बराहटा की नहीं, बल्कि पूरे देश के अन्नदाताओं की आवाज है। ह्वअगर खेत सूने होंगे तो हिंदुस्तान की रसोई सूनी होगी ह्व ह्वअगर अन्नदाता रोएगा तो देश मुस्कुरा नहीं पाएगा ह्व और याद रखो ह्वकिसान का पसीना खेत में गिरेगा तो अन्न उपजेगा, लेकिन अगर किसान सड़क पर उतर गया तो सत्ता की जड़ें हिल जाएंगी। धरने में सैकड़ों किसानों और कार्यकताओं की उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव जगतपाल सिंह, मंडल महासचिव जिलाजीत वर्मा, महिला जिला अध्यक्षः सविता मौर्य, जिला महासचिव राम अभिलाख यादव, संगठन मंत्री सुष्मिता, महिला प्रतिनिधि मंजू, तारावती, मालती, श्यामकाली, राजकुमारी आदि उपस्थित रहे।

चूहे मार दवा लेकर डीएम के सामने पहुंची महिला, लगायी न्याय की गुहार

बाराबंकी। तहसील हैदरगढ़ में समाधान दिवस के दौरान 7 महीने से न्याय की गुहार लगा रही एक युवती चूहे मार दवा का पैकेट लेकर जिलाधिकारी शाशंक त्रिपाठी के सामने पहुंच गई। जिससे अफरा-तफरी का माहौल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील हैदरगढ़ में समाधान दिवस मे जिलाधिकारी फरियादियों की समस्याओ को सुन रहे थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद डीएम जब वापस लौटने लगे। तो वही ग्राम अलमापुर निवासी सत्यभामा सिंह पुत्री स्व. तेज बहादुर सिंह अचानक उनकी गाड़ी के पास जमीन पर बैठ गई। तथा जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई। युवती ने आरोप लगाते हुये बताया कि उनके घर के सामने बनी

करीब 40 साल पुरानी सरकारी नाली पर गांव के ही कुछ लोगों ने दबंगई और तहसील प्रशासन की मिलीभगत से कब्जा कर दीवार खड़ी कर दी है। पुलिस और तहसील प्रशासन से कई बार गुहार लगाई। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पिछले सात महीने से वह लगातार दफ्तरों के चक्कर काट रही है। जिलाधिकारी ने युवती की समस्याओ को सुन तत्काल अधिकारियों को शिकायत निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये।

सर्व वैश्य वैवाहिक परिचय सम्मेलन ने दिया एक अलग संदेशः आरती

अयोध्या। स्वतंत्रता दिवस के दिन रामघाट चैराहा समीप तुलसी भवन में आयोजित सर्व वैश्य वैवाहिक परिचय सम्मेलन की सफलता ने यह साबित कर दिया कि आने वाले समय मे सर्व वैश्य समाज की एकता-अखंडता और मजबूत होगी। जाति बंधन को पीछे छोड़कर सर्व वैश्य समाज के सभी युवक- युवतियों की शादी इस समाज के अंदर आने-वाली सभी स्वजातीय बिरादरी में एक दूसरे के साथ बड़े ही धूमधाम से आयोजित की जाएगी ।उक्त बाते रविवार को फैजाबाद शहर स्थित गणपति गेस्ट हाउस पर आयोजित सम्मान समारोह में समाजसेवी भागीरथ पचेरीवाला तथा कार्यक्रम में मुख्य संयोजक की भूमिका निभाने वाले अयोध्या जनपद के केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसो. के महामंत्री आनंद अग्रहरि तथा संपादक स्मारिका महेश जयसवाल को मोमेंटो भेट करने के बाद गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं जय बाबा अमरनाथ बफार्नी सेवा समिति की अध्यक्ष आरती जयसवाल ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने सर्व वैश्य वैवाहिक परिचय सम्मेलन में बनिया बिरादरीकृजैसे साहू, अग्रवाल, जायसवाल, सोनी,

- सफल आयोजन के लिए समाजसेवी भागीरथ पचेरीवाला, आनंद अग्रहरि व महेश जयसवाल को भेट किया स्मृति चिन्ह

कसौधन, चैरसिया, अंगियार, अग्रहरि आदि को एक मंच पर इकट्ठा करने के लिए समाजसेवी 80 वर्षीय भागीरथ पचेरीवाला की टीम में जुड़े सभी पदाधिकारियों की सराहना भी की ।कार्यक्रम मे श्री पचेरीवाला ने गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद आरती जयसवाल, दिनेश कुमार जायसवाल, बजरंग समिति के अध्यक्ष अशोक मोदनवाल, केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसो0 अयोध्या के महामंत्री आनंद अग्रहरि, साहू समाज के जिलाध्यक्ष इं0 कुल भूषण साहू, श्री श्री

शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव राम जानकी मंदिर फतेहगंज के अध्यक्ष नील कमल अग्रवाल, सोनी समाज के जिलाध्यक्ष प्रमोद सोनी, केसरवानी समाज के जिलाध्यक्ष ज्ञान केसरवानी, मोदनवाल समाज के जिला -ध्यक्ष अरविंद मोदनवाल, अग्रवाल समाज अयोध्या के कोषाध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल, चैरसिया समाज के जिलाध्यक्ष रमेश चैरसिया, संपादक स्मारिका-महेश जयसवाल, डॉ राम कुमार गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, कौशल समाज के महामंत्री सुनील कुमार, अरविंद कुमार कसौधन, राम सूरत चैरसिया, परवीन रस्तोगी को अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित किया।

निर्वाचन आयोग ने दो राजनीतिक दलों को भेजा कारण बताओ नोटिस

जिला संवाददाता

बाराबंकी। भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश के पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों पर बड़ी कार्यवाही करते हुये वर्ष 2019 से 2025 तक किसी भी चुनाव में भाग न

- 2 और 3 सितम्बर को पार्टी प्रतिनिधि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उपस्थित हो
- 2019 से 2025 तक एक भी चुनाव न लड़ने पर कार्रवाई

लेने वाले 121 पंजीकृत मान्यता प्राप्त दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

जिनमे जनपद से जुड़े दो दल अखिल भारतीय कल्याण पार्टी, मोहल्ला मिर्धान साउथ, पोस्ट दरियाबाद और राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी गांव व पोस्ट बेहटा, विकासखंड मसौली, थाना सफदरगंज को कारण बताओ नोटिस पंजीकृत पते पर रजिस्टर्ड डाक से भेजे गए हैं। तथा संबंधित दलों के अध्यक्ष/महासचिव को अपना प्रत्यावेदन, हलफनामा एवं आवश्यक अभिलेख 21 अगस्त 2025 तक लखनऊ स्थित कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश, चतुर्थ तल, विकासभवन, जनपथ मार्केट, लखनऊ में उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये है। तथा सुनवाई हेतु 2 और 3 सितम्बर को पार्टी प्रतिनिधि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के समक्ष उपस्थित हो। निर्धारित समयसीमा में कोई जवाब न मिलने पर माना जाएगा कि दल के पास कहने को कुछ नहीं है।

ऐसे में पार्टी को राजनीतिक दलों की सूची से हटाने की संस्तुति सहित प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को भेज दिया जाएगा।

3 शातिर लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे

बाराबंकी। थाना जैदपुर एंव स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम ने लूट को अंजाम देने वाले 3 शातिर लुटेरो को गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे अपर

- दिन में रेकी कर रात्रि मे करते थे लूट, कापर तार, मोबाइल, व नगदी बरामद

पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि बीती 14 अगस्त को वादी राज बहादुर पुत्र छोटेलाल निवासी मो0 छोटी बाजार, कस्बा व थाना जैदपुर ने निमार्णाधीन आटामील मीरा एण्ड रज्जू, इंटरप्राइज साई इण्टर कालेज के पास से 2 अदद जनरेटर के अल्टीनेटर से कापर तार, 1 अदद हैवेल्स तार का बण्डल, 1 अदद लावा कीपैड मोबाइल व नकदी को लूटे जाने को लेकर पुलिस को तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस की संयुक्त टीम ने घटना का खुलासा करते हुये अभियुक्त सुभाष चैहान पुत्र गंगाराम निवासी तिलपुरा मजरे नहामऊ थाना मसौली, रानू सिंह पुत्र रामशरन निवासी रसूलपुर थाना कोतवाली नगर, अनवर अली पुत्र अदालत निवासी धौरहरा उर्फ धरमपुर बढ़नी सिद्धार्थनगर, हाल पता अनवार कला थाना बीबीडी लखनऊ को मोहल्ला इस्लामनगर, जैदपुर से 2 अदद जनरेटर के अल्टीनेटर से लूटा हुआ 15.100 किग्रा कॉपर तार, एक अदद बण्डल हैवैल्स तार, मोबाइल, कुल 5 अदद मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 1 अदद मोटरसाइकिल यू0पी 41 बीक्यू 6857, 5 अदद रिंच/पाना, 1 अदद वायर कटर, 15,020 रुपए नगद बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ मे अभियुक्त ने बताया कि दिन मे विभिन्न स्थानो पर जाकर रेकी कर रात्रि मे चोरी व लूट की घटना को अंजाम देते थे। तथा चोरी के सामान को जनपद लखनऊ मे जाकर कबाड़ी अनवर अली को बेचते थे। वांछित अभियुक्त रौनक वर्मा पुत्र अनुराग वर्मा निवासी गदिया थाना कोतवाली नगर की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

उद्योगपति रोहित जैन बिजनेस टाइकून अवॉर्ड से सम्मानित

बांदा। क्षेत्र के युवा उद्योगपति रोहित जैन को बिजनेस टाइकून ऑफ द इयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवॉर्ड उन्हें समाज और बिजनेस जगत में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है। यह सम्मान बॉलीवुड के मशहूर

अभिनेता राहुल रॉय, आशिकी फेम के हाथों दिया गया, जिससे समारोह की गरिमा बढ़ गई। रोहित जैन न केवल एक सफल उद्यमी हैं, बल्कि एक पॉडकास्टर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी हैं।

वह रूपीज विथ रोहितह्व नाम से इंस्टाग्राम पेज चलाते हैं और ह्वरोहित जैन पॉडकास्टके माध्यम से बिजनेस, हेल्थ और समाज से जुड़े मुद्दों पर युवाओं को नई दिशा देते हैं। बिजनेस की दुनिया में रोहित ने नया इतिहास रचा है। उन्होंने बुंदेलखंड क्षेत्र का पहला ऑक्सीजन और नाइट्रोजन प्लांट स्थापित किया है, जो स्वास्थ्य सेवाओं और इंडस्ट्रियल सेक्टर दोनों के लिए एक बड़ा कदम है। इसके साथ-साथ उनका होटल व्यवसाय भी क्षेत्र में नई पहचान बना चुका है। रोहित जैन ने कहा यह अवॉर्ड सिर्फ मेरा नहीं है, बल्कि बुंदेलखंड की मिट्टी का सम्मान है।

मारपीट में तीन आरोपियों को भेजा जेल

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र में रविवार को देवई गाँव में हुये वर्ग संघर्ष की मारपीट का ताना-बाना सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सप्ताह भर से बुना जा रहा था। इस पर की गई अनर्गल और भड़काऊ पोस्ट को डिलीट कर क्षमा याचना मांग ली गई थी। इसके बावजूद कुछ लोगों ने क्षत्रिय समाज के कुछ युवाओं को भड़काया और हमले के लिए उत्साहित किया। जिन्होंने दुस्साहस दिखाते हुए न सिर्फ घर में घुसकर एक ब्राह्मण परिवार से जुड़े आधा दर्जन लोगों को पीटा और घायलों को अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस को भी रोक कर हमले का प्रयास किया। जिससे पुलिस की किरकिरी हुई। मामले में 10 अज्ञात सहित इतने ही लोगों के विरुद्ध पुलिस ने संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। 24 घंटे के अंदर आरोपियों की तलाश में लगी पुलिस को तीन आरोपी हत्थे चढ़े हैं। जिन्हे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। आरोप है कि पंचायत की राजनीति और ड्योढ़ी बाजार क्षेत्र में जातिगत वर्चस्व का दबदबा बताकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दिखाने के लिए सामने आयी। इस घटना की आग सप्ताह भर से सुलग रही थी। एक भड़काऊ पोस्ट पर नाराजगी दिखाते हुए बातचीत के जरिए कुछ लोगों ने न सिर्फ डिलीट करा दिया था ।बल्कि एक पक्ष से क्षमा याचना भी कर ली गई थी। इसके बावजूद एक समाज से जुड़े कुछ लोगों को स्थानीय कुछ लोगों ने प्रोत्साहित कर लड़ाने का काम किया। पुलिस सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए आरोपियों के साथ ऐसे लोगों की भी तलाश में जुटी है।

यह आपसी भाईचारे की दरार और आगे ना बढ़े इसके पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। सोमवार को पूछे जाने पर रौनाही थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह ने बताया कि घटना की बहुत बारीकी से छानबीन की जा रही है। इसके पीछे जो लोग हैं। वह भी बचेंगे नहीं ।बीते 24 घंटे के अंदर नामजद 10 आरोपियों में से तुषार सिंह, लल्लू सिंह और प्रज्वल सिंह तीन आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजने की तैयारी कर ली है। अन्य की तलाश कर गर्मी से की जा रही है।

समितियों पर यूरिया का संकट बरकरार

सोहावल-अयोध्या। साधन सहकारी समिति खिरौनी में यूरिया खाद का संकट खत्म नहीं हो पा रहा है। तीन दिन के अवकाश के बाद सहकारी समितियां पर जब यूरिया का वितरण सोमवार को शुरू हुआ तो खरीदारों की लम्बी लाइन लग गई।

उमश भरी गर्मी के बीच सैकड़ो किसान अपनी आधार व खतौनी लेकर लाइन में खड़े नजर आए। यह सिलसिला सुबह से शाम तक चला। कुछ जगह पुलिस बल का सहारा लेना पड़ा। तब समिति के कर्मचारी वितरण कर पाए।

विद्यार्थी एकादश ने मैच जीता आयुर्वेद एकादश ने दिल जीता : कमलेश श्रीवास्तव

अयोध्या। आयुर्वेद के चिकित्सक व क्रिकेट का ककहरा सीखने वाले विद्यार्थियों के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का होना ना केवल एक सराहनीय पहल है बल्कि चिकित्सकों द्वारा स्वस्थ समाज को मिलने वाला एक सार्थक स्वास्थ्य संदेश भी है। उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी अयोध्या महानगर अध्यक्ष श्री कमलेश श्रीवास्तव ने विश्व आयुर्वेद परिषद एकादश व विद्यार्थी एकादश के बीच होने वाले क्रिकेट मैच का डॉ भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मकबरा अयोध्या की पिच पर बैटिंग करते हुए शुभारंभ किया।

अपने उद्बोधन में उन्होंने सभी प्रशिक्षु विद्यार्थियों को देश के लिए खेलने की प्रेरणा एवं शुभकामनाएं दी तथा ऐसे प्रेरणादायक मैच को करने के लिए विश्व आयुर्वेद परिषद की भूरि भूरि प्रशंसा की। आयुर्वेद एकादश की टीम में कप्तान डा विवेक श्रीवास्तव उप कप्तान डा पंकज श्रीवास्तव डा संजीव सिंह डा राहुल कुमार गुप्ता डा एस के गुप्ता डा पंकज कुमार मिश्रा डा रत्नेश पांडेय डा मिथिलेश डा अशफाक आलराउंडर अनिमेष श्रीवास्तव व विकेटकीपर दीपांश तथा विद्यार्थी एकादश की टीम में कप्तान अर्क कोरी उपकप्तान आयुष गौड़ शिखर दूबे अनुज जायसवाल हर्ष कुनाल सैनी अंश बनौधा मोहित अजय अंशुमान यादव अभिनव यादव थे। टॉस आयुर्वेद एकादस ने जीता और विद्यार्थी एकादश को बैटिंग के लिए आर्मंत्रित किया विद्यार्थी एकादश ने पहले बैटिंग करते हुए 14 ओवर में ही अपने सभी 10 विकेट खोकर 84 रन बनाए जिसमें हर्ष ने 36 व मोहित ने 21 रनों का योगदान दिया। आयुर्वेद एकादश की तरफ से डा पंकज श्रीवास्तव ने 2 रन देकर हैट्रिक ली। अनिमेष श्रीवास्तव ने 6 रन पर 2 विकेट व 3 कैच लिये डा संजीव सिंह ने 18 रन पर 2 विकेट व 3 कैच लिए। डा एस के गुप्ता डा अशफाक व डा रत्नेश पांडेय ने 1 -1 विकेट लिए जिसके जवाब में उतरी आयुर्वेद एकादश की टीम ने 16 ओवर में डा पंकज कुमार मिश्रा के 19 रन डा संजीव सिंह के 27 रन के योगदान से 8 विकेट पर 58 रन बनाए ?। हर्ष अभिनव यादव व अनुज जायसवाल ने 2-2 विकेट तथा अंश बनौधा व अंशुमान यादव ने 1-1 विकेट लिए। विजेता टीम विद्यार्थी एकादश के सभी सदस्यों को गोल्ड मेडल तिरंगा झंडा एवं विजेता ट्रॉफी विश्व आयुर्वेद परिषद अयोध्या के मुख्य संरक्षक व प्रचार प्रमुख डॉ आनंद उपाध्याय धर्मेंद्र श्रीवास्तव डा समीक्षा अंशू श्रीवास्तव द्वारा प्रदान किया गया। उप विजेता टीम को सिल्वर मेडल व उप विजेता ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार श्री रामलला की मूर्ति के रूप में हर्ष को मिला। अपने बॉलिंग कैरियर के पदार्पण मैच में ही अपने पहले व एकमात्र ओवर में दो रन देकर हैट्रिक लेने तथा विद्यार्थी एकादश की टीम को समेटने में प्रमुख भूमिका निभाने वाले डा पंकज श्रीवास्तव को गोल्ड ?न बॉल देकर बेस्ट बालर अवार्ड से सम्मानित किया गया। मैच का रोचक तथ्य यह रहा कि चाचा और भतीजे की जोड़ी पंकज श्रीवास्तव एवं अनिमेष श्रीवास्तव ने विद्यार्थी एकादश की आधी टीम को पवेलियन भेज कर मैच को रोमांचक स्थिति में पहुंचा दिया ।साथ ही विद्यार्थी एकादश की टीम के सभी खिलाड़ी कैच आउट हुए यह भी एक रिकॉर्ड रहा।

डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न

जिला संवाददाता

बहराइच। तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच रामसिंह यादव, उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी के साथ ऐनिहतिन्सी की शमीमुन पत्नी मो. समीर, डिहवा शेर बहादुर सिंह की शबनम पत्नी रईस, नौगइयां की शहनाज पत्नी रफीकुद्दीन व पवना की रहीसुन पत्नी सगीर अहमद की गोदभराई की भी की।

डीएम श्री त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद भी की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाय। उन्होनें निर्देश दिये कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त आवेदन पत्रों का निर्धारित समय अवधि में गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराये। निस्तारण की कार्यवाही इस प्रकार की जाय कि फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट हो सके।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदा नन्द, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि अपर जिलाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में तहसील मिहींपुरवा मोतीपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 15 में 02, कैसरगंज में 95 में 05, पयागपुर में 09 में 03, नानपारा में 13 में 04, महसी में 08 में 01 तथा तहसील सदर में प्राप्त 08 प्रार्थना-पत्रों में से 01 का निस्तारण मौके पर किया गया।

सभी अधिकारी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण तरीके से करें निस्तारणः डीएम

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में तहसील हैदरगढ़ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जनपद में समस्त तहसीलों में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 358 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें मौके पर 74 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

तो वही हैदरगढ़ तहसील मे जिलाधिकारी समक्ष विभिन्न मामलों के 192 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुये। जिसमें से 47 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण करवाया गया। तथा शेष प्रार्थना पत्रों हेतु सम्बधितो को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये।

समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सभी समस्याओं का निस्तारण गंभीरता, पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किये जाने तथा भूमि संबंधी मामलों, राशन कार्ड, आवास, पेंशन, चकमार्ग, रास्ते तथा नाली जैसी समस्याओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, प्रशिक्षु आईएएस तेजस के0, उप जिलाधिकारी हैदरगढ़ राजेश कुमार विश्वकर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अवधेश कुमार यादव सहित जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

गौसेवक ने डीएम को दिया शिकायती पत्र, गौवंश चारा निविदा पर जताई आपत्ति

रायबरेली। जिले में गौवंश के भरण-पोषण के लिए जारी निविदा को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। शहर के सम्राट नगर निवासी गौसेवक राहुल त्रिवेदी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर टेंडर निरस्त करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। गौसेवक ने पत्र में बताया कि मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा हाल ही में निकाले गए टेंडर में केवल सूखी घास (हे-ग्रास) की आपूर्ति का प्रावधान किया गया है। जबकि शासन की गाइडलाइन के अनुसार हरे चारे की आपूर्ति अनिवार्य है। राहुल त्रिवेदी का कहना है कि केवल सूखी घास से गौवंश का सही पोषण संभव नहीं है। हरा चारा न मिलने पर गोवंश की सेहत पर बुरा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के विपरीत टेंडर प्रक्रिया चलाकर लापरवाही की गई है। गौसेवक ने मांग की है कि सूखी घास के लिए निकाले गए इस टेंडर को तत्काल निरस्त कर हरे चारे के लिए नई निविदा कराई जाए। साथ ही मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

लेनदेन में भिड़े दो पक्ष, तीन घायल

लालगंज रायबरेली। सामान खरीदने के बाद रुपए के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई और ईंट पत्थर चले जिसमें तीन लोगों को चोटे आई हैं। घोसियाना मोहल्ला निवासी मोहम्मद मोनू ने कस्बे के मेन रोड पर नाले के पास चाय की दुकान खोल रखी है। धन्नीपुर गांव निवासी आदर्श सिंह रविवार की रात लगभग 10 बजे मोनू की दुकान में कुछ सामान लेने गया था। रूपयो के लेन देन को लेकर दोनों के मध्य हुई कहासुनी मारपीट में बदल गयी। दोनों पक्षों से जमकर ईंटे भी चली। मारपीट में एक पक्ष से मोनू तो दूसरे पक्ष से आदर्श सिंह व आकाश सिंह को चोटे आई हैं। सड़क पर जमकर हंगामा होता रहा लेकिन पुलिस वहां से नदारत रही। एक पक्ष से मोनू की मां शहनाज पत्नी अनीश की शिकायत पर धन्नीपुर गांव निवासी आकाश सिंह व आदर्श सिंह समेत तीन चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है वहीं दूसरे पक्ष से आदर्श सिंह की शिकायत पर मोनू व रिजवान समेत तीन चार अज्ञात पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

बाइक सवार बदमाशों ने छात्रा के अपहरण का किया प्रयास

लालगंज रायबरेली। विद्यालय से घर जा रही छात्रा को बाइक सवारो द्वारा जबरन अपहरण करने के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। चकवापुर मजरे बेहटा कला गांव निवासी अरविंद सिंह का कहना है कि उसकी 14 वर्षीया पुत्री सेंट्रल एकेडमी स्कूल में कक्षा 9 की छात्रा है। सोमवार की सुबह लगभग 9 बजे वह स्कूल से घर आधार कार्ड लेने जा रही थी। तभी बाइक सवार दो लोगों ने उसे रोक लिया और जबरन बाइक में बैठाने लगे। छात्रा के शोर मचाने पर बाइक सवार मौके से भाग निकले। मामले का शिकायती पत्र पुलिस को दिया गया है। कोतवाल प्रमोद सिंह का कहना है कि दो पक्षों के मध्य आपसी विवाद हुआ था जिसकी सूचना पीआरवी पुलिस को दी गई थी। बाद में कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में छात्रा को बाइक में बैठाने के प्रयास की शिकायत की गई। मामले की जांच की जा रही है।

समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता: डीएम

महराजगंज रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील महराजगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में कुल 68 मामले आए जिसमें राजस्व विभाग से संबंधित 32 पुलिस विभाग से संबंधित 13 विकास विभाग से संबंधित चार और अन्य 19 मामले रहे जिसमें से 9 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि

समाधान दिवस में आये 68 मामले

शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आज सोमवार को आयोजित समाधान दिवस में प्रमुख बिंदु महराजगंज इन्हौना रोड पर स्थित तहसील मुख्यालय से मात्र एक किलोमीटर की दूरी पर निमार्णाधीन नैय्या नाला का मामला रहा। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने 10 दिन में चार पहिया वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से शुरू करने की बात कही गई है। इसके अलावा क्षेत्र में धड़ल्ले से संचालित किए जा रहे अवैध रूप से अस्पतालों और क्लिनिकों पर भी जांच कर कार्यवाही की बात कही गई है। ग्राम सभा ज्योना में सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर ट्यूबवेल लगाकर सार्वजनिक चकमार्ग को काटकर खेत में मिलने का प्रकरण गरमाया हुआ था, गांव के ही शिकायतकर्ता राम बहादुर पुत्र शिवराम ने आरोप लगाते हुए कहा कि, आरोपी छेदीलाल द्वारा चक मार्ग को काटकर अपने खेतों में मिला लिया गया है। न्यायालय द्वारा एक पक्षीय बेदखली की कार्यवाही भी की जा चुकी है, परंतु आज तक विपक्षी द्वारा उक्त भूमि को खाली नहीं किया गया है, जिसके कारण सार्वजनिक रास्ते से आवागमन पूर्णतया बाधित है।

रघुवीर इंस्टीट्यूट में चेयरमैन ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

लालगंज रायबरेली। लालगंज नगर के रघुवीर इंस्टीट्यूट में छात्रों और शिक्षकों ने उत्साह के साथ देशभक्ति का पर्व मनाया। कार्यक्रमों की शुरूआत ध्वजारोहण से हुई, जिसमें संस्था के चैयरमेन रमेश दीक्षित जी ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रसिद्ध समाजसेवी और प्रबंधक रमेश दीक्षित ने वाजपेई पुर इंटर कॉलेज में भी ध्वजारोहण किया और बच्चों को पुरस्कार वितरण किया।सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान रघुवीर इंस्टीट्यूट कॉलेज का प्रांगण देशभक्ति के गीतों, नारों से गूंज उठे। हर तरफ राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश देने वाला माहौल नजर आया। छात्र छात्राओं ने हाथों में छोटे-छोटे झंडे लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद के नारे लगाए। विभिन्न सांस्कृतिक और देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। संस्थान की डायरेक्टर मोनिका मिश्रा ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में जब हम बहुत हर्ष उल्लास से अपना राष्ट्रीय पर्व मना रहे हैं तो हमें याद आती है हमारे उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों की, जिन्होंने देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। डॉक्टर मोनिका मिश्रा ने कहा कि महात्मा गांधी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चन्द्र बोस, बाबा भीम राव अम्बेडकर सहित अन्य शहीदों के द्वारा स्वतंत्रता के लिए किए गए कार्यों और शहादत को हमें सदैव नमन करनाचाहिए। हमें हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि यह स्वतंत्रता हमें आसानी से नहीं मिली हमारे वीरों ने, वीर सपूतों ने, हमारे महापुरुषों ने अपना सर्वस्व बलिदान किया व अपने प्राण तक न्यौछावर किए हैं।

एसपी डॉ. अभिषेक महाजन की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी हुआ सम्पन्न

सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी सम्पन्न हुआ। पुलिस अधीक्षक ने अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण एवं शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गया ।पुलिस अधीक्षक ने 18. अगस्त को पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी किया गया। अपराध गोष्ठी की शुरूआत सैनिक सम्मलेन से हुआ। सर्वप्रथम पूर्व सैनिक सम्मलेन में उठे समस्याओं के समाधान के बारे में प्रतिसार निरीक्षक ने बताया तथा सम्मलेन में उपस्थित समस्त थानों से आये थानाध्यक्ष व कर्मचारीगण की समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आदेशित किया गया। तत्पश्चात महोदय द्वारा गणेश चतुर्थी/विनायक चतुर्थी के दृष्टिगत तथा जनपद में कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत कृत कार्यवाही की समीक्षा तथा शहर व ग्रामीण इलाकों में पैदल गश्त, आपरेशन त्रिनेत्र के तहत स्थापित सीसीटीवी कैमरो की क्रियाशीलता, डिजिटल वॉरियर बनाये जाने की कार्यवाही की समीक्षा, साइबर अपराध के रोकथाम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार, आपरेशन कन्विक्शन के तहत चिह्नित अभियोगों की समीक्षा, सम्पत्ति व महिला उत्पीड़न सम्बन्धित पंजीकृत अभियोगों में कृत कार्यवाही, गुमशुदा/लापता व बरामदगी हेतु शेष बच्चो की बरामदगी के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही तथा लम्बित मुकदमों में एकत्रित साक्ष्य एवं गुण-दोष के आधार पर विवेचनाओं का निस्तारण एवं अभियुक्तों के प्रति वैधानिक कार्यवाही गुण्डा अधिनियम, गैंगेस्टर अधिनियम के अन्तर्गत अभियान चलाकर निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने व गैगेस्टर अधिनियम के अन्तर्गत की गयी कार्यवाही तथा बीपीओ द्वारा अंकित कराये गये बीट सूचना इत्यादि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी अग्नि शमन, अभियोजन अधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक, निरीक्षक प्रज्ञान शाखा, निरीक्षक रेडियो शाखा, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, आशुलिपिक पुलिस अधीक्षक, वाचक पुलिस अधीक्षक, प्रभारी यू0पी0-112, समस्त शाखा प्रभारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

सपा जिला उपाध्यक्ष मो. इद्रीश राईनी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

बांसी सिद्धार्थनगर। जनपद के बांसी तहसील क्षेत्र के नरकटहा स्थित समाजवादी पार्टी नगर कार्यालय पर सोमवार को सपा जिला उपाध्यक्ष व पूर्व अध्यक्ष नपा मो इदरीश पटवारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में किसानो की खाद की समस्या, ध्वस्त कानून व्यवस्था, महिला उत्पीड़न, महंगाई सहित तमाम जन समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पर बीस अगस्त को होने वाले धरना प्रदर्शन की सफलता को लेकर रणनीति बनाया गया। इस अवसर पर मो इदरीश पटवारी ने कहा कि भाजपा की सरकार में आम आदमी काफी परेशान है। किसान खाद के लिए लाठी खा रहे हैं, कालाबाजारी जोरो पर हो रही है, मंहगाई आसमान पर है, गरीब और गरीब तथा अमीर और अमीर होता जा रहा है। अब समय आ गया है इस सरकार को उखाड़ फेंकने का। उन्होंने कार्यकताओं और पदाधिकारियों से कहा कि बीस अगस्त को होने वाले धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और आंदोलन को सफल बनाए। इस दौरान बसपा छोड़कर आए जगदीश गौतम, बीरसेन ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।इस बैठक में जिला सचिव सैयद कुतुब, नगर अध्यक्ष कपिल देव, सभासद बुद्धिराम प्रजापति, ध्रुवचंद्र, पूर्व सभासद जहूर राईनी, महताब इदरीश, कैफ खान, इरफान शेख, महताब आलम, मैनुद्दीन, ध्रुव राव, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

एसडीएम बांसी की अध्यक्षता मे मतगणना हेतु बीएलओ की बैठक संपन्न, 19 से होगा शुरू

बांसी सिद्धार्थनगर। आगामी चुनावों को देखते हुए बांसी ब्लाक क्षेत्र में बनाए गए बूथ स्तर अधिकारियों की बैठक बांसी ब्लाक परिसर में स्थित आजाद सभागार में संपन्न हुआ। उपजिलाधिकारी शशांक शेखर के नेतृत्व में चले बैठक में बूथ लेवल अधिकारियों को कार्य पद्धति व दायित्व के बारे में दिशा निर्देश दिया गया। 19 अगस्त से मतगणना प्रारंभ होकर 01 महीने चलेगा।20 सितंबर से बढ़ोतरी व नाम काटने की प्रक्रिया जारी होगा। इस दौरान सामग्री वितरित न होने की बात कही गई। शिक्षा मित्र, रोजगार सेवक व पंचायत मित्रों को लेकर बनाई गई बीएलओ टीम में शिक्षा विभाग के तरफ से ब्लाक गुणवत्ता समन्वयक पद पर रहकर स्वतंत्र कुमार द्वारा टीम का नेतृत्व किया जाएगा। कार्यक्रम में धनंजय मिश्रा, पल्टू राम, संजय कुमार सिंह, ऋषि कपूर, रेखा देवी, भागीरथी, सुभाष, रंजना चौधरी, रेखा रानी, विंदू देवी, मनोरमा द्विवेदी के अलावा एडीओ पंचायत अजय कुमार राय की विशेष उपस्थिति रही।इस विषय में एसडीएम शशांक शेखर राय ने बताया कि आगामी चुनावों को लेकर बीएलओ के साथ बैठक किया गया। इसके लिए दिशानिर्देश जारी कर दिया गया है।

बाल कान्हा व राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी ने सभी का मन मोहा

गोला, गोरखपुर। गोला क्षेत्र में लोगों के घरों समेत स्थानीय कोतवाली एवं मठ-मंदिरो में धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। कस्बें में जगह-जगह जन्माष्टमी पांडाल सजाकर कान्हा का प्राक्ट्य उत्सव मनाया गया। तो वही घर-घर नन्हे-मुन्नों को बाल-गोपाल, कान्हा व राधा के रूप में आकर्षक व मनमोहक झांकी सजाकर कान्हा का जन्म उत्सव मनाया गया। उपनगर गोला स्थित कोतवाली परिसर एवं थाने के मंदिर को रंगीन लाइटों से सजाकर धूमधाम से जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। तो वही भीखीगंज में रामरती भवन कसौधन निवास पर भव्य पांडाल सजाकर जन्माष्टमी पर कान्हा को 56 भोग प्रसाद चढाया गया और विधि विधान से पूजन-अर्चन कर आधी रात को कान्हा का जन्म उत्सव मनाया। कान्हा जन्म के बाद मोहल्ले की महिलाओं ने सोहर गाकर कान्हा के जन्म का स्वागत-अभिनंदन किया। तो वही कसौधन परिवार के विराट व ओम श्याम बाल कान्हा व नंदिनी, बैष्णवी व जान्हवी राधा की मनमोहक झांकी के रूप में सभी का मन मोह रहे थे। तो रामेष्ट श्याम, आनंद व आर्यन दाऊद भैया की झांकी में सजकर कान्हा जन्मोत्सव की शोभा बढा रहे थे। साथ ही उपनगर गोला समेत क्षेत्र में हर घर घर के लोगो द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया लोगो द्वारा अपने अपने घरो पर भगवान श्रीकृष्ण की झांकी सजाई गयी थी घर के छोटे-छोटे बच्चों ने राधा कृष्ण की वेशभूषा में सभी का मन मोहा लिया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने कृष्ण राधा सुदामा गोपी ग्वाल के रूप मे सजे थे। भगवान श्रीकृष्ण बन कर लीला की प्रस्तुति देख लोग भक्ति मे लीन हो गये और जय श्री कृष्ण राधा के जयकारे से घर का मंदिर गुजयमान हो उठा।

श्रद्धालुओं ने झांकियों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लिया लुत्फ

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। चांदा में शनिवार और रविवार को आयोजित दो दिवसीय श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव का सोमवार की सुबह लगभग 4 बजे भव्य समापन हुआ। दो दिनों तक पूरे कस्बे में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल छाया रहा। कस्बे के विभिन्न स्थलों पर करीब 25 विशाल पंडाल सजाए गए, जिनमें तकनीक से तैयार स्वचालित मूर्तियों वाली झांकियां आकर्षण का केंद्र बनीं। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का जीवंत चित्रण देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। उदयराज यादव और मनोराज यादव द्वारा प्रस्तुत गोवर्धन पर्वत लीला की झांकी खास आकर्षण रही। उमेश शर्मा ने माखन चोरी लीला का प्रदर्शन किया। नितिन सोनी ने श्रीकृष्ण जन्म का दृश्य सजाया, वहीं अंकित सेठ और शीतला प्रसाद शर्मा ने द्रौपदी चीरहरण की झांकी लगाई। दारा मोदनवाल ने श्री जगन्नाथ दर्शन का सुंदर चित्रण प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त पिंटू और मनु बरनवाल, विकास अग्रहरि, नन्हकू मोदनवाल, पुनीत मोदनवाल, सतीश निषाद, शुभम बरनवाल और शीतला प्रसाद गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालुओं ने विविध झांकियां स्थापित कीं। प्रत्येक पंडाल में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ती रही। पहले दिन शनिवार की रात 12:00 बजे झांकियों के पट भक्तों के लिए खोले गए। पूजन-अर्चन और आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। वहीं रविवार को रात्रि 09:00 बजे पूजन और आरती के उपरांत श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। दूसरे दिन भव्य भंडारे और महाप्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। झांकियों के साथ-साथ कस्बे के विभिन्न स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। भक्ति गीत, नृत्य और धार्मिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजकों ने बताया कि यह महोत्सव कई दशकों से लगातार आयोजित होता आ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में इसे और अधिक भव्य और आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

200 किसानों को मिली खाद, 200 बैरंग लौटे

गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। किसानों को यूरिया खाद के संकट से जूझना पड़ रहा है। जिले की सहकारी समितियों और सरकारी बिक्री केंद्रों पर खाद के लिए किसानों की भारी भीड़ उमड़ रही है। कई केंद्रों पर स्टॉक नदारद है, वहीं जहां खाद उपलब्ध है, वहां विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। सोमवार को इनायतपुर पीसीएफ गोदाम पर खाद मिलने की सूचना पर सैकड़ों किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। यहां चार सौ बोरी यूरिया आवंटित हुई थी, जिसे करीब 200 किसानों में बांटा गया। किल्लत के चलते कई किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा।

यहां हंगामे की आशंका पर पीसीएफ प्रभारी सुरेंद्र मिश्र ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे चैकी प्रभारी द्वारिकागंज द्विवेश त्रिवेदी व उपनिरीक्षक एनामुल हक ने पुलिस बल के साथ आक्रोशित किसानों को समझाकर लाइन लगवाकर वितरण कराया, लगभग दो सौ बाकी किसानों को टोकन वितरित किया गया है। रुकुनपुर निवासी किसान छोटेलाल ने बताया कि वह सात दिनों से खाद के लिए चक्कर काट रहा है लेकिन हर बार कहा जाता है कि स्टॉक खत्म हो गया। वहीं भटपुरा के ललित कुमार ने कहा कि दस दिन से प्रयास कर रहा हूं, मगर अभी तक खाद नहीं मिली। किसानों का आरोप है कि खाद की कालाबाजारी हो रही है और निजी दुकानों पर महंगे दामों पर बेचकर उन्हें खरीदने को मजबूर किया जा रहा है।इनायतपुर पीसीएफ प्रभारी सुरेंद्र मिश्र ने कहा कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर लक्ष्य के अनुरूप खाद का वितरण किया गया है। जल्द ही शेष किसानों को भी खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

घर-घर जन्मे कृष्ण कन्हैया

लखनऊ। जन्माष्टमी पर घरों समेत स्थानीय कोतवाली एवं मठ-मंदिरो में धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। कस्बें में जगह-जगह जन्माष्टमी पांडाल सजाकर कान्हा का प्राक्ट्य उत्सव मनाया गया। तो वही घर-घर नन्हे-मुन्नों को बाल-गोपाल, कान्हा व राधा के रूप में आकर्षक व मनमोहक झांकी सजाकर कान्हा का जन्म उत्सव मनाया गया। उपनगर गोला स्थित कोतवाली परिसर एवं थाने के मंदिर को रंगीन लाइटों से सजाकर धूमधाम से जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। तो वही भीखीगंज में रामरती भवन कसौधन निवास पर भव्य पांडाल सजाकर जन्माष्टमी पर कान्हा को 56 भोग प्रसाद चढाया गया और विधि विधान से पूजन-अर्चन कर आधी रात को कान्हा का जन्म उत्सव मनाया।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर- कपिलवस्तु पुलिस ने शुक्रवार को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सिबली उर्फ साहेब जान बिहार के पश्चिमी चम्पारण जिले के मटियरिया थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई हुई। क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान की निगरानी में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने आरोपी को पकड़ा। आरोपी ने कपिलवस्तु क्षेत्र की एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया था। घटना के बाद से वह फरार था। पुलिस को शुक्रवार को पुख्ता सूचना मिली। टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने कहा कि जनपद में मासूमों के खिलाफ अपराध करने वालों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

समाधान दिवस में जिलाधिकारी का दिखा सख्त रुख

21 में से 2 मामलों का मौके पर निस्तारण

सिद्धार्थनगर- इटवा तहसील में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने अधिकारियों को जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन और उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल समेत जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने पिछले समाधान दिवस की शिकायतों की समीक्षा की। लंबित मामलों के लिए जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके पर जांच के निर्देश दिए। भूमि विवादों को प्राथमिकता से निपटाने को कहा। इस बार कुल 37 शिकायतें मिलीं। इनमें 18 राजस्व विभाग, 5 पुलिस विभाग, 4 विकास विभाग, 1 कृषि विभाग और 9 अन्य विभागों से जुड़ी थीं। राजस्व विभाग के 5 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। बाकी मामलों को तीन दिन में निपटाने के आदेश दिए गए। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि प्रकरण लंबित पाए जाने पर संबंधित अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई होगी।

बांसी/सिद्धार्थनगर- तहसील सभागार में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एसडीएम शशांक शेखर राय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान कुल 21 शिकायती मामले सामने आए। अधिकारियों ने दो मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया। बाकी मामलों के निस्तारण के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है। टीम को जल्द से जल्द मामलों के समाधान के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम में तहसीलदार पीयूष श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी और खंड विकास अधिकारी कृतिका अवस्थी मौजूद रहे। इसके अलावा तीनों ब्लाकों के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे।

कानूनगो और लेखपालों को भूमि संपत्ति और विवाद रजिस्टर अपडेट रखने के निर्देश दिए। हर मामले की जांच मौके पर जाकर करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता और विपक्षी, दोनों की मौजूदगी में निष्पक्ष जांच की जाए। आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों को भी गंभीरता से लेकर समाधान करने के निर्देश दिए।

बीएनएस/ पास्को एक्ट से सम्बंधित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बांसी सिद्धार्थनगर।खेसरहा थानाध्यक्ष अनूप मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने नाबलिक लड़की को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में वांछित 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय भेजा गया। डा0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 18. अगस्त को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 108/2025 धारा 69 बीएनएस व 5/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को थानाक्षेत्र लक्ष्मीगंज तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

काशी रुद्रास ने गोरखपुर लायंस को हराया

खेल संवाददाता

लखनऊ । लखनऊ के इकाना स्टेडियम में सोमवार को खेले गए यूपी टी20 लीग 2025 के दूसरे मुकाबले में काशी रुद्रास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोरखपुर लायंस को 50 रनों से मात दी। यह मैच दोपहर 3 बजे शुरू हुआ और दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट का पूरा मजा मिला। काशी रुद्रास की ओर से बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में संतुलित प्रदर्शन देखने को मिला, वहीं गोरखपुर लायंस अपनी बल्लेबाजी में लय नहीं पकड़ सके। टॉस जीतकर काशी रुद्रास ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उनकी शुरूआत थोड़ी धीमी रही, लेकिन कप्तान करन शर्मा ने आते ही रनों की गति तेज कर दी।

उन्होंने मात्र 19 गेंदों में 39 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और 2 छक्के शामिल थे। इसके बाद टीम के लिए सबसे बड़ा योगदान रहा शिवम मावी का। मावी ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से स्टेडियम में बैठे दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उन्होंने सिर्फ 21 गेंदों पर 54 रन ठोके, जिसमें 6 लंबे छक्के शामिल थे। उनकी पारी ने मैच का रुख काशी रुद्रास की ओर मोड़ दिया।मध्यक्रम में शिवा सिंह ने भी तेज और नाबाद 34 रन बनाए। यशोवर्धन सिंह और उपेंद्र यादव ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। निर्धारित 20 ओवरों में काशी रुद्रास की टीम ने 8

विकेट खोकर 176 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोरखपुर लायंस की टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। शुरूआती विकेट जल्दी गिर गए और टीम दबाव में आ गई। हालांकि बीच में प्रिंस यादव ने शानदार बल्लेबाजी कर 29 गेंदों में 49 रन बनाए। उनकी पारी में 4 चौके और 4 छक्के शामिल रहे, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पूरा सहयोग नहीं मिला। कप्तान अक्षदीप नाथ ने भी 34 रन की पारी खेली, लेकिन बाकी बल्लेबाज असफल रहे और पूरी टीम 19.1 ओवर में सिर्फ 126 रन पर सिमट गई। गेंदबाजी में काशी रुद्रास के खिलाड़ी पूरी तरह छा गए।

एशिया कप के लिए क्या होगा भारत का स्क्वॉड

मुंबई। एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट इस साल 9 सितंबर से खेला जाएगा। 17 सदस्यीय टीम अनाउंस करने की आखिरी तारीख 19 अगस्त है। पाकिस्तान ने अपनी टीम की घोषणा भी कर दी है। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि भारतीय टीम में किन 17 प्लेयर्स को मौका मिलेगा? बल्लेबाजों में क्या शुभमन, यशस्वी रहेंगे? सूर्यकुमार यादव टी-20 टीम के कप्तान हैं, ऐसे में उनकी जगह तो तय है। अब टीम को बल्लेबाजों की पोजिशन के लिए 4 से 6 और खिलाड़ियों को चुनना है। इन पोजिशन के लिए अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड, रिंकू सिंह, रियान पराग और श्रेयस अय्यर दावेदार हैं। शुभमन, यशस्वी और श्रेयस को इंग्लैंड के खिलाफ पिछली टी-20 सीरीज में चुना नहीं गया था, लेकिन तीनों ही प्लेयर्स ने कढछ में अपना दमदार फॉर्म दिखा दिया। हालांकि, इनमें से 1 या 2 को ही टीम में जगह मिलते नजर आ रही है। अभिषेक और तिलक टी-20 बैटर्स रैंकिंग के टॉप-2 स्थान पर हैं और उनकी जगह भी तय है। टीम पराग या रिंकू में से भी किसी एक को ही मौका देगी। यानी सूर्या को मिलाकर 4 और बल्लेबाजों को स्क्वॉड में जगह मिल सकती है।

आकाश दीप, कप्तान किशन दलीप ट्रॉफी से बाहर, ईश्वरन करेंगे पूर्व क्षेत्र की अगुवाई

कोलकाता। भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप और विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन चोट से उबरने के कारण उत्तर क्षेत्र के खिलाफ होने वाले दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच में पूर्व क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नहीं कर पायेंगे। किशन टीम के कप्तान भी थे। भारतीय घरेलू सत्र का पहला टूर्नामेंट दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मैदानों में खेला जाएगा। इंग्लैंड के हालिया दौरे पर पांच में से तीन टेस्ट मैच खेलने वाले आकाश दीप कमर की चोट से अभी तक पूरी तरह ठीक नहीं हो पाए हैं। 28 वर्षीय इस गेंदबाज की जगह बिहार के मुख्तार हुसैन को पूर्व क्षेत्र की टीम में शामिल किया गया है।

इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम टेस्ट में 10 विकेट सहित श्रृंखला में 13 विकेट लेने वाले बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश ने क्षेत्रीय चयन समिति को बताया है कि चिकित्सीय सलाह के अनुसार वह इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। उनके वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अक्टूबर से शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए फिट होने की उम्मीद है। इस बीच किशन भी हाथ की चोट से पूरी तरह से नहीं उबर पाये हैं। किशन के एक करीबी सूत्र ने कहा किशन के ई-बाइक से गिरने के बाद उनके हाथ में कुछ टांके लगे हैं और वह फिलहाल बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन (चोट से

उबरना) में हैं। सूत्र के अनुसार यह गंभीर नहीं है, लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाले दो चार दिवसीय मैचों के लिए वह भारत ए टीम में चयन लिए फिट हो जाएंगे। उनकी अनुपस्थिति में बंगाल के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को पूर्वी क्षेत्र का कप्तान बनाया गया है जबकि असम के ऑलराउंडर रियान पराग उनके उप-कप्तान होंगे। ईश्वरन इंग्लैंड के पांच टेस्ट मैचों के भारत दौरे का हिस्सा थे लेकिन उन्हें पदार्पण का मौका नहीं मिला। किशन की जगह ओडिशा के आशीर्वाद स्वाइन को टीम में शामिल किया गया है। झारखंड के कुमार कुशाग्र के पहले पसंद के विकेटकीपर होने की संभावना है। दलीप ट्रॉफी से अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एक बार फिर वापसी करेंगे।

संक्षेप

कृति, अय्यर और मुठे का शतरंज मास्टर्स में जीत का सिलसिला जारी

मुंबई। कृति पटेल, अरविंद अय्यर और ध्रुव मुठे ने अखिल भारतीय शतरंज मास्टर्स मुंबई फिडे क्लासिकल टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अपनी-अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। कृति ने काले मोहरों से खेलते हुए अन्वय पाटिल को मात दी, जबकि अय्यर ने मेडियंश पुजारी को हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। मुठे ने मुरली आर को हराया। तीसरे दौर में जीत दर्ज करने वाले ये तीनों खिलाड़ी अंक तालिका संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं।

खेलो इंडिया में 400 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे

श्रीनगर। पहले खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्टस फेस्टिवल (के आईडब्ल्यूएसएफ) का आयोजन यहां 21 से 23 अगस्त तक डल झील पर किया जायेगा जिसमें 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 400 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें नौकायन, कयाकिंग और केनोइंग की स्पर्धायें होंगी। गुलमर्ग में खेलो इंडिया शीत खेलों के पांच बार सफल आयोजन के बाद खेल मंत्रालय की घाटी में खेल गतिविधियों को बढावा देने की पहल में यह अगला कदम है। इन खेलों का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण और जम्मू कश्मीर खेल परिषद मिलकर कर रहे हैं। केनोइंग और कयाकिंग के धुरंधर और ओलंपिक जज रह चुके बिल्किस मीर ने कहा, यह हमारे देश में वॉटर स्पोर्टस के एक नये युग की शुरूआत है। सभी खिलाड़ियों की ओर से मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेलमंत्री मनसुख मांडविया के साथ पूरी खेलो इंडिया टीम को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने वॉटर स्पोर्टस को वह पहचान दी जिसका वह हकदार है। पहले खेलों में तीन नुमाइशी स्पर्धायें वॉटर स्कीइंग, ड्रैगन बोटरेस और शिकारा स्प्रिंट भी होंगी।

अल्काराज और राडुकानू का सामना नंबर एक जोड़ी से

न्यूयॉर्क। यानिक सिनर को अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल में खेलने के लिए नया जोड़ीदार मिल गया है जबकि एम्मा राडुकानू और कार्लोस अल्काराज़ की जोड़ी पहले दौर में नंबर एक वरीयता प्राप्त टीम का सामना करेगी। अमेरिकी ओपन मिश्रित युगल टूर्नामेंट मंगलवार से शुरू होगा जिसमें 16 टीम भाग लेंगी। इसके लिए ड्रॉ रविवार को डाले गए। टूर्नामेंट की विजेता टीम को 10 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर अब 10 बार की महिला युगल प्रमुख चैंपियन कैटरीना सिनियाकोवा के साथ जोड़ी बनाएंगे।

ओडिशा, मणिपुर और झारखंड क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

जालंधर। ओडिशा, मणिपुर और झारखंड की टीमों ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन ए में सोमवार को क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। मध्य प्रदेश ने तमिलनाडु के साथ 3-3 से ड्रॉ खेला और पूल चरण में बेहतर गोल अंतर के कारण अंतिम आठ में प्रवेश कर लिया। ओडिशा, मणिपुर, झारखंड और मध्य प्रदेश के अलावा पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और ओडिशा की टीमें भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही। ओडिशा ने आंध्र

प्रदेश को 10-0 जबकि मणिपुर ने दादरा एवं नागर हवेली और दमन एवं दीव को पूल सी मैच में 5-1 से हराया। पूल बी में झारखंड ने महाराष्ट्र को 5-3 से हराया। क्वार्टर फाइनल मैच बुधवार को खेले जायेंगे।

एशिया कप में पाकिस्तान की जगह ले सकता है बांग्लादेश

नयी दिल्ली। पाकिस्तान अगर 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में होने वाले पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में भाग नहीं लेता है तो उसकी जगह बांग्लादेश को शामिल किया जा सकता है। हॉकी इंडिया के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारत सरकार पहले ही कह चुकी है कि वह एशिया कप के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा उपलब्ध कराएगी, लेकिन पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए यात्रा करने से इनकार कर दिया है। आयोजकों ने आठ टीमों के टूर्नामेंट में पाकिस्तान की जगह भरने के लिए बांग्लादेश से संपर्क किया है, लेकिन हॉकी इंडिया ने कहा कि अगले 48 घंटों में वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। हॉकी इंडिया के अधिकारी ने कहा भारत सरकार पहले ही कह चुकी है कि वह पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा देने को तैयार है, लेकिन अगर वे भारत नहीं आना चाहते तो यह हमारी समस्या नहीं है। अगर पाकिस्तान नहीं आता है तो बांग्लादेश को पहले ही भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा चुका है, लेकिन हमें पुष्टि के लिए दो दिन और इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा न तो पाकिस्तान और ना ही बांग्लादेश ने अभी तक हमें इसकी पुष्टि की है। लेकिन बांग्लादेश पाकिस्तान की जगह ले सकता है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के साथ सैन्य टकराव के बाद एशिया कप में पाकिस्तान की भागीदारी अनिश्चित हो गई थी। एशिया कप 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है। मेजबान भारत के अलावा, एशिया कप में भाग लेने वाली अन्य टीमें चीन, जापान, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, ओमान और चीनी ताइपे हैं।

लद्दाख मैराथन 11 से 14 सितंबर तक होगा आयोजन

नयी दिल्ली। लद्दाख मैराथन के 12वें सत्र का आयोजन 11 से 14 सितंबर तक होगा, जिसमें 30 देशों के 6,000 से अधिक धावक भाग लेंगे। इस मैराथन में छह वर्गों के दौड़ में पांच किमी की कम्युनिटी रन से लेकर दो अल्ट्रा-मैराथन शामिल हैं। आयोजकों ने बताया कि दुनिया की सबसे ऊंची एआईएमएस (एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेसेस) प्रमाणित मैराथन में दो कठिन अल्ट्रा-मैराथन में 72 किमी की खार्दुंग ला चैलेंज और बेहद कठिन माने जाने वाले 122 किमी की सिल्क रूट अल्ट्रा शामिल है। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक यह रेस लेह और उसके आसपास होगी, जहां प्रतिभागी सिंधु नदी के किनारे खार्दुंग ला और नुब्रा के ऊंचे दों से होते हुए और हिमालय के कुछ सबसे शानदार नजारों के बीच दौड़ेंगे। इस आयोजन में मैराथन (42.195 किमी), हाफ मैराथन (21 किमी), 11.2 किमी की दौड़, और रन लद्दाख फॉर फन की पांच किमी की दौड़ भी शामिल हैं। सिल्क रूट अल्ट्रा 11 सितंबर को शुरू होगी, जिसमें धावक 10,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित क्यागर गांव से 122 किमी का रास्ता तय करते हुए 17,618 फीट की ऊंचाई पर खार्दुंग ला दें को पार करके लेह बाजार पहुंचेंगे।

एशिया कप : गिल की पहेली को सुलझाना बड़ी चुनौती

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की राष्ट्रीय चयन समिति संयुक्त अरब अमीरात में अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए मंगलवार को जब 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी तो उसके सामने एक मजबूत टी20 ढांचे में शुभमन गिल जैसे शानदार बल्लेबाज को फिट करना सबसे बड़ी चुनौती होगी। इंग्लैंड दौरे ने अपनी कप्तानी और बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाले गिल के लिए नौ से 28 सितंबर तक होने वाले महाद्वीपीय टूर्नामेंट में खेलने वाली टीम में जगह बनाना मुश्किल नजर आ रहा है। अजीत अगरकर और उनके सहयोगियों के लिए यह सबसे बड़ी पहेली होगी, लेकिन भारतीय क्रिकेट इस समय टी-20 प्रतिभाओं का कारखाना है, जिसमें कम से कम 30 खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में आने के लिए तैयार हैं और एक स्थान के लिए तीन से चार विकल्प उपलब्ध हैं। बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष तीन स्थानों के लिए समान योग्यता रखने वाले छह क्रिकेटर उपलब्ध हैं।

अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने पिछले सत्र में राष्ट्रीय टीम की तरफ से शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन गिल, यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन (आईपीएल सर्वाधिक रन बनाने के लिए ऑरेंज कैप विजेता) को भी उनसे कम करके नहीं आंका जा सकता। गेंदबाजी में कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई के बीच एक स्थान के लिए संघर्ष है। इन सबमें सबसे चतुर खिलाड़ी युजवेंद्र चहल को लंबे समय से नज़रअंदाज़ किया जा रहा है। लेकिन चयनकर्ता केवल 15 खिलाड़ियों का ही चयन कर सकते हैं और टी-20 टीम के निर्णय लेने वाले पदों पर बैठे लोगों का दृष्टिकोण दिलचस्प है। टीम प्रबंधन के एक महत्वपूर्ण सदस्य का मानना है कि पिछले सत्र में नियमित रूप से अंतिम एकादश में शामिल रहे किसी भी खिलाड़ी को किसी बड़े स्टार को जगह देने के लिए टीम से बाहर करना सही नहीं होगा। दूसरी विचारधारा यह है कि भारतीय क्रिकेट सभी प्रारूपों में खेलने वाले एक कप्तान के साथ सही दिशा में आगे बढ़ता है जो उसका सबसे बड़ा मार्केटिंग ब्रांड भी बन जाता है। इस मामले में गिल सभी हितधारकों के लिए एक स्पष्ट विकल्प हैं। सूर्यकुमार यादव के कुशल नेतृत्व में भारतीय टी20 टीम का रिकॉर्ड 85 प्रतिशत का है और उसने अपने पिछले 20 मैचों में से 17 में जीत हासिल की है। इनमें से किसी भी मैच में गिल और जायसवाल शामिल नहीं थे। पिछले एक साल में टेस्ट प्रतिबद्धताओं में व्यस्त होने से पहले गिल और जायसवाल टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे थे और उन्होंने आईपीएल में भी अच्छा प्रदर्शन किया। गिल दरअसल सूर्य कुमार के साथ उप कप्तान थे लेकिन उन्हें टेस्ट मैचों के कारण टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से हटना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल को उप कप्तान बनाया गया था। चयनकर्ता अगर गिल को 15 खिलाड़ियों में चुनते हैं तो उन्हें फिर अंतिम एकादश में भी रखना होगा, जिसका मतलब है कि संजू, अभिषेक या तिलक में से किसी एक को अपने बल्लेबाजी स्थान से समझौता करना होगा। शुभमन को टीम में शामिल करने का मतलब रिंकू सिंह को बाहर करना भी हो सकता है। इस बड़े हिटर ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के दौर में कोलकाता नाइट राइडर्स या भारत के लिए कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया है। अगर तेज गेंदबाजी विभाग की बात करें तो हार्दिक पंड्या एक बेहतरीन फ्रंटलाइन तेज गेंदबाज हैं और जसप्रीत बुमराह तथा अर्शदीप सिंह का टीम में होना स्वाभाविक है, ऐसे में रिजर्व तेज गेंदबाज के स्थान के लिए तीन विकल्प हैं। इस स्थान के लिए हर्षित राणा पसंदीदा दिख रहे हैं क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज दोनों को लाल गेंद का विशेषज्ञ माना जा रहा है। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला दो अक्टूबर से शुरू होगी इसलिए समझा जा रहा है कि अपेक्षाकृत कमजोर मेहमान टीम के खिलाफ बुमराह की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि प्रसिद्ध और सिराज तरोताजा और खेलने के लिए तैयार होंगे। स्पिन विभाग में अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव पहली तीन पसंद हैं। गौतम गंभीर ऑलराउंडर को प्राथमिकता देते हैं और ऐसे में वॉशिंगटन सुंदर को टीम में जगह मिल सकती है। नितीश कुमार रेड्डी और ऋषभ पंत अभी चोटों से उबर नहीं पाए हैं। ऐसे में शिवम दुबे का टीम में चयन निश्चित है। दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए जितेश शर्मा और ध्रुव जुरेल के बीच मुकाबला है।

वास्को डा गामा पर सैंटोस की 0-6 की शिकस्त

एजेंसी

साओ पाउलो। ब्राजील की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग में वास्को डा गामा के खिलाफ अपनी टीम सैंटोस की 0-6 की करारी शिकस्त के बाद दिग्गज खिलाड़ी नेमार अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके और मैदान से बाहर निकलते समय उनकी आंखे नम दिखी। सैंटोस ने इस हार के बाद अपने कोच क्लेबर जेवियर के साथ भी करार खत्म कर दिया। जेवियर इस साल अप्रैल में टीम के कोच नियुक्त हुए थे। सैंटोस की टीम इस करारी शिकस्त के बाद 20 टीमों की लीग में 15वें स्थान पर है। टीम पर रेलीगेशन (निचली लीग में खिसकना) का खतरा है। सैंटोस के रेलीगेशन स्थान पर काबिज टीम से सिर्फ दो अंक अधिक है। इस मैच में वास्को के फिलिप कोटिन्हो ने दो गोल किए। मैच के बाद सैंटोस के टीम के सदस्य ने मैदान पर नेमार को सांत्वना दी। तैंतीस साल के नेमार बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन जैसी शीर्ष यूरोपीय क्लब के प्रतिनिधित्व के बाद सउद्दी अरब में खेला था। सउद्दी अरब में सफलता नहीं मिलने के बाद नेमार अपने बचपन के क्लब में लौट आए थे। उन्होंने जून में इस क्लब के साथ अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर किए जिससे वह साल के अंत तक सैंटोस के साथ ही रहेंगे। ब्राजील की घरेलू लीग की सफल टीमें में शामिल सैंटोस का महान खिलाड़ी पेले ने लंबे समय तक प्रतिनिधित्व किया था। वहीं दूसरी ओर

चैंपियंस लीग की चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लीग। के अपने शुरुआती मैच में नैनटेस पर।-0 की जीत दर्ज करके फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में खिताब बचाने का अपना अभियान शुरू किया। पीएसजी की टीम इस मैच में लय में नहीं दिखी। मैच का एकमात्र गोल पुर्तगाल के मिडफील्डर विटिना ने 67वें मिनट में किया। उन्होंने लगभग 20 मीटर दूर से गेंद ली और डिफेंडर चिदोजी अवाजिएम को छकाकर गोल किया। कोच लुइस एनरिक की टीम के लिए यह गोल काफी साबित हुआ, जो एक बार फिर गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा के बिना खेल रही थी। एक अन्य मैच अनुभवी स्ट्राइकर ओलिवियर गिरौड को लीग। में वापसी करने पर गोल करने में केवल 11 मिनट लगे, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि उनकी नई टीम लिली ने ब्रेस्ट के साथ 3-3 से ड्रॉ खेला।

इंडियन सुपर लीग के मौजूदा चैंपियन मोहन बागान ने अपना फैसला बरकरार रखते हुए सोमवार को अपने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय शिविर के लिए भेजने से साफ इनकार कर दिया और कहा कि फीफा विंडो के बाहर यह अनिवार्य नहीं है। भारतीय टीम ने अगले महीने होने वाले सीएएफए नेशंस कप से पहले 15 अगस्त को बेंगलुरु में अपना अभ्यास शिविर शुरू किया, लेकिन मोहन बागान के सात खिलाड़ियों सहित 13 खिलाड़ी शिविर में शामिल नहीं हुए। मोहन बागान ने डूरंड कप का हवाला देकर पहले अपने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय शिविर के लिए रिलीज करने से इनकार कर दिया था। उसकी टीम डूरंड कप के क्वार्टर फाइनल में ईस्ट बंगाल से हार गई लेकिन क्लब ने इसके बाद ही अपना पुराना रवैया बरकरार रखा। बागान ने अब 16 सितंबर को साल्ट लेक स्टेडियम में तुर्कमेनिस्तान के अहल एफसी के खिलाफ होने वाले एएफसी चैंपियंस लीग टू के अपने पहले मैच का हवाला दिया है। क्लब ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) पर खिलाड़ियों की परवाह नहीं करने का आरोप लगाया। बागान के एक अधिकारी ने कप्तान सुभाशिष बोस का मामला उठाया, जो इस वर्ष मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के एशियाई कप क्वालीफायर के दौरान चोटिल होने के बाद से ही खेल से बाहर हैं। अधिकारी ने कहा, हर बार जब वे हमारे खिलाड़ियों को लेते हैं।

संक्षेप

सैमसंग ने भारत में लॉन्च किया गैलेक्सी टैब एक्टिव5

नई दिल्ली। सैमसंग ने आज देश में गैलेक्सी टैब एक्टिव5 एंटरप्राइज एडिशन के लॉन्च की घोषणा की। यह एक मजबूत, एंटरप्राइज-रेडी टैबलेट है, जो बेहद व्यस्त माहौल में काम करने वाले व्यवसायों और पेशेवरों को सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। फरवरी 2024 में एक्सकवर7 रग्ड स्मार्टफोन के सफल लॉन्च के बाद, भारत में गैलेक्सी टैब एक्टिव5 एंटरप्राइज एडिशन अपनी बेहतर प्रदर्शन क्षमता के साथ रक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा, लॉजिस्टिक्स, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा, रिटेल और सेवा जैसे कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करेगा। गैलेक्सी टैब एक्टिव5 एंटरप्राइज एडिशन में 120एचजेड की रिफ्रेश रेट के साथ 8.0-इंच (20.32 सेमी) का हाई-रेजोल्यूशन डिस्प्ले है। यह ऑक्टा-कोर प्रोसेसर से चलता है, जो सहज मल्टीटास्किंग और उच्च-तीव्रता वाले वर्कलोड के लिए उपयुक्त है। यह टैबलेट 6जीबी/128जीबी और 8जीबी/256जीबी की वैरिएबल मेमोरी विकल्पों के साथ उपलब्ध है। डिस्प्ले को शानदार आउटडोर विजिबिलिटी के लिए अनुकूलित किया गया है, जो भारत की विविध जलवायु परिस्थितियों के लिए एक महत्वपूर्ण लाभ है। सैमसंग में, हम भारत में अपनी यात्रा को देश की आकांक्षाओं के साथ जोड़कर देखते हैं। हम भारतीय कर्मचारियों को आज की जरूरतों और भविष्य के अवसरों के लिए सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

फैशन एक्सपीरिएंस की बुकिंग 21 से

नई दिल्ली। अनन्या पांडे एक अनोखे और एक्सक्लूसिव फैशन और ग्लो-अप एक्सपीरिएंस अनन्या की स्टाइल एडिट की मेजबानी करने जा रही हैं, जो केवल एयरबीएनबी पर उपलब्ध होगा। फैशन एक्सपीरिएंस की बुकिंग 21 अगस्त सुबह 11 बजे से खुलेगी। फैशन के शौकीनों, ग्लैम के दीवानों और अनन्या के सबसे बड़े प्रशंसकों को उनकी सिग्नेचर स्टाइल की दुनिया के पीछे की खास झलक देने के लिए तैयार यह एक्सपीरिएंस, अधिकतम चार गेस्ट के लिए उपलब्ध होगा। इस अवसर पर मेहमानों को अनन्या के ड्रीम क्लोसेट और वैनिटी स्पेस के नए अंदाज में कदम रखने का मौका मिलेगा, जिसे दिल्ली के एक शानदार एयरबीएनबीहोम में साकार किया गया है। उनके वॉक-इन वार्डरोब से लेकर वैनिटी जोन तक, पूरे स्पेस को एक प्लेफुल फैशन प्लेग्राउंड में बदल दिया जाएगा। अनन्या के साथ उनकी एक्सपर्ट ए-टीम भी मौजूद होगी, जो मेहमानों को अल्टीमेट ग्लो-अप का अनुभव देगी।

यामाहा की हाइब्रिड स्कूटर रेंज पेश

चेन्नई। इंडिया यामाहा मोटर प्राइवेट लिमिटेड ने आज अपने 125cc Fi Hybrid स्कूटर रेंज के लिए एक रोमांचक अपडेट की घोषणा की। Fascino 125 Fi Hybrid अब आधुनिक स्मार्ट फीचर्स और आकर्षक रंगों के साथ लांच किये गए, जो राइडर्स को बेहतर कनेक्टिविटी, स्टाइलिश और डायनैमिक राइडिंग का अनुभव प्रदान करेंगे।

ड्राइव द नेशन अभियान लॉन्च

नई दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने उत्तर भारत के केंद्रीय एवं राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशेष अभियान ड्राइव द नेशन की शुरूआत की है। यह ऑफर अगस्त माह के दौरान विशेष रूप से टोयोटा अर्बन क्रूजर हायराइडर पर लागू होगा। नए लॉन्च हुए हायराइडर 2025 मॉडल में आकर्षक फीचर्स शामिल हैं जैसे आठ-तरफा पावर-एडजस्टेबल ड्राइवर सीट, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स और इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक जो इसके उच्च संस्करणों में उपलब्ध है।

बैंक ऑफ इंडिया ने किया शिविर का आयोजन

लखनऊ। बैंक ऑफ इंडिया ने लखनऊ में एमएसएमई ऋण संवर्धन एवं वित्तीय समावेशन एवं रीकेवाईसी संतृप्ति के लिए शिविर का आयोजन किया। बैंक के मुख्य महाप्रबंधक अभिजीत बोस की उपस्थिति में एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए आंचलिक कार्यालय लखनऊ में उद्यमी विकास महोत्सव मनाया गया जिसमें बैंक के सम्मानित ग्राहकों ने भाग लिया। मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि हमारा बैंक पूरे भारत में एमएसएमई के साथ-साथ बैंकिंग के अन्य क्षेत्रों में ऋण प्रदान करने के लिए विशेष अभियान चला रहा है।

सेंसेक्स में 676 अंकों की उछाल

मुंबई। दिवाली तक जीएसटी कर स्लैब में बड़े सुधार किए जाने की घोषणा से वाहन एवं टिकाऊउपभोक्ता कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी रही। सेंसेक्स 676 अंक और निफ्टी 246 अंक चढ़कर बंद हुआ। शेयर बाजार में लिवाली के जोर से निवेशकों की संपत्ति 6.17 लाख करोड़ रुपये बढ़ी। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 676.09 अंक यानी 0.84 प्रतिशत बढ़कर 81,273.75 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 1,168.11 अंक चढ़कर 81,765.77 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों सूचकांक निफ्टी भी 245.65 अंक यानी एक प्रतिशत चढ़कर 24,876.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 390.7 अंक की बढ़त के साथ 25,022 तक पहुंच गया था। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी की तरफ से भारत की साख को बढ़ाए जाने से भी निवेशक धारणा को बल मिला। इसके अलावा बजाज फाइनेंस में पांच प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट में 3.71 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व में 3.7 प्रतिशत की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर और ट्रेंट के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि, आईटीसी का शेयर 1.26 प्रतिशत के नुकसान में रहा। इटर्नल, टेक महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी गिरावट का रुख रहा। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव आने से घरेलू बाजार की धारणा बेहतर हुई। इसके अलावा अमेरिका-रूस की शिखर बैठक से कोई नया वैश्विक तनाव न पैदा होना भी बाजार के लिए मददगार साबित हुआ। वाहन खंड ने प्रस्तावित जीएसटी सुधारों से सर्वाधिक लाभान्वित होने वाले क्षेत्र के तौर पर सबसे ज्यादा तेजी दर्ज की। वाहन खंड का सूचकांक 4.26 प्रतिशत तक उछल गया। हुंदै मोटर इंडिया का शेयर 8.45 प्रतिशत चढ़ा जबकि अशोक लेलैंड में 8.12 प्रतिशत, टीवीएस मोटर में 6.58 प्रतिशत और हीरो मोटोकॉर्प में 5.9 प्रतिशत की तेजी देखी गई। केंद्र ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह के समक्ष पांच प्रतिशत एवं 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय जीएसटी संरचना के साथ कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर का भी प्रस्ताव रखा है। सूत्रों के मुताबिक, इस प्रस्ताव पर मंत्रिसमूह की 20 और 21 अगस्त को राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली दो दिवसीय बैठक में चर्चा की जाएगी। छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 1.39 प्रतिशत तक चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप एक प्रतिशत तेज रहा।

रुपया 23 पैसे की बढ़त के साथ 87.36 प्रति डॉलर पर

नयी दिल्ली। मजबूत घरेलू शेयर बाजार के समर्थन से रुपया सोमवार को 23 पैसे की बढ़त के साथ 87.36 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 15 अगस्त को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में सुझाए गए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से भारतीय रुपया सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहा है। उन्होंने साथ ही कहा कि हालांकि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार शुल्क के मुद्दे पर अनिश्चितता के कारण बाजार भागीदारों के सतर्क रहने के आसार हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.46 पर खुला। कारोबार के दौरान 87.48 प्रति डॉलर के निचले स्तर और 87.33 प्रति डॉलर के उच्चस्तर को छूते हुए 87.36 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 23 पैसे की बढ़त है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.59 पर बंद हुआ था। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मुद्रा एवं शेयर बाजार बंद थे। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 97.98 पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 676.09 अंक की बढ़त के साथ 81,273.75 अंक पर और निफ्टी 245.65 अंक चढ़कर 24,876.95 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.70 प्रतिशत चढ़कर 66.31 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक बृहस्पतिवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1,926.76 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि केंद्र ने जीएसटी सुधारों का मसौदा राज्यों के बीच वितरित किया है और दिवाली से पहले प्रस्ताव को लागू करने के लिए उनसे सहयोग मांगा है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में सुधार से गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों के साथ-साथ छोटे और बड़े व्यवसायों को भी लाभ होगा। प्रस्तावित दो स्लैब वाली व्यवस्था को यदि जीएसटी परिषद की मंजूरी मिल जाती है, तो यह माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में मौजूदा चार स्लैब की जगह ले लेगी।

प्रस्तावित बदलाव के बाद 18 प्रतिशत कर स्लैब का जीएसटी राजस्व में प्रमुख योगदान बना रहेगा

नयी दिल्ली। केंद्र के दो-स्तरीय जीएसटी ढांचे और 40 प्रतिशत की विशेष कर दर के प्रस्ताव को यदि लागू किया जाता है, तो 18 प्रतिशत कर स्लैब जीएसटी राजस्व में प्रमुख योगदान देने वाला बना रहेगा।

वर्तमान में, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में चार स्लैब... पांच प्रतिशत, 12, 18 और 28 प्रतिशत... हैं। खाद्य और आवश्यक वस्तुओं पर या तो छूट है या उन पर पांच प्रतिशत कर लगता है, जबकि विलासिता और समाज के नजरिये से अहितकर वस्तुओं पर 28 प्रतिशत की उच्चतम दर लागू होती है। पांच प्रतिशत स्लैब कुल जीएसटी राजस्व में लगभग सात प्रतिशत का योगदान देता है, जबकि 18 प्रतिशत स्लैब का योगदान 65 प्रतिशत है। 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब जीएसटी संग्रह में क्रमशः लगभग पांच प्रतिशत और 11 प्रतिशत का योगदान करते हैं। केंद्र ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह के समक्ष पांच और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय जीएसटी संरचना के साथ-साथ कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव में मौजूदा 12 और 28 प्रतिशत कर स्लैब को समाप्त करने का प्रावधान है। केंद्र के प्रस्ताव के अनुसार, 18 प्रतिशत स्लैब का जीएसटी राजस्व में सबसे बड़ा हिस्सा बना रहेगा।

जीएसटी में केंद्र, राज्य समान हितधारक

नयी दिल्ली। केंद्र के प्रस्तावित दो स्लैब वाले जीएसटी से राजस्व पर पड़ने वाले असर को लेकर चिंताओं के बीच सरकारी सूत्रों ने स्पष्ट किया कि केंद्र राज्यों के साथ राजस्व बंटवारे में समान भागीदार है।

उन्होंने यह भी कहा कि अगली पीढ़ी का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) मध्यम वर्ग का समर्थन करता है और खपत बढ़ने के कारण इससे समय के साथ राजस्व बढ़ने की उम्मीद है। इस समय जीएसटी ढांचे के तहत राजस्व केंद्र और राज्यों के बीच समान रूप से साझा किया जाता है। इसके अतिरिक्त, वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार विभाज्य कर पूल में केंद्र के हिस्से का 41 प्रतिशत राज्यों को आवंटित किया जाता है। एक

सरकारी सूत्र ने कहा कि जीएसटी में क्या संग्रह हो रहा है और क्या संग्रह होगा, इस पर केंद्र की समान चिंताएं हैं। जीएसटी परिषद का सदस्य होने के नाते केंद्र और राज्य, दोनों समान भागीदार हैं। ऐसी स्थिति में क्या यह उम्मीद करना उचित है कि भारत सरकार राज्यों को क्षतिपूर्ति करेगी? इस समय जीएसटी एक चार स्तरीय संरचना है, जिसमें कर की दरें पांच प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत हैं। खाद्य और आवश्यक वस्तुओं पर या तो शून्य या पांच प्रतिशत की दर से कर लगाया जाता है, और विलासिता तथा अहितकर वस्तुओं पर 28 प्रतिशत की दर से कर लगाया जाता है। कुल जीएसटी राजस्व में पांच प्रतिशत स्लैब की सात प्रतिशत हिस्सेदारी है। दूसरी ओर 12 प्रतिशत स्लैब की पांच प्रतिशत, 18 प्रतिशत स्लैब की 65 प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब की 11 प्रतिशत हिस्सेदारी है। केंद्र ने जीएसटी दर युक्तिकरण पर मंत्रियों के समूह को पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो स्तरीय दर संरचना और लगभग 5-7 वस्तुओं के लिए 40 प्रतिशत की दर का प्रस्ताव दिया है।

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना का पोर्टल जारी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएमवीबीआरवाई) का पोर्टल सोमवार को पेश कर दिया। इस योजना का उद्देश्य अगस्त, 2025 से जुलाई, 2027 के दौरान देश में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करना है।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख एल मांडविया ने पीएमवीबीआरवाई का पोर्टल पेश करते हुए कहा कि करीब एक लाख करोड़ रुपये की इस केंद्रीय योजना का लाभ नियोक्ता और पहली बार नौकरी करने वाले लोग दोनों ही उठा सकते हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक जुलाई, 2025 को रोजगार से जुड़ी इस प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी थी। इसके लिए एक लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं और इसका मकसद एक अगस्त, 2025 से लेकर 31 जुलाई, 2027 तक 3.5 करोड़ रोजगार अवसरों के सृजन को प्रोत्साहन देना है। मांडविया ने कहा कि नियोक्ता और पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारी इस पोर्टल पर पंजीकरण या उमंग ऐप पर अपना यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) डालकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। यह योजना दो हिस्सों में विभाजित है। इसका भाग-ए पहली बार श्रमबल का हिस्सा बनने वाले कर्मचारियों के लिए है।

मेक इन इंडिया के तहत बनायें जरूरत की सभी चीजें

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने सोमवार को आगाह करते हुए कहा कि मेक इन इंडिया को भारत की जरूरतों के अनुसार सब कुछ बनाने में नहीं बदलना चाहिए क्योंकि इससे देश में निवेश और उत्पादकता प्रभावित होगी।

सुब्बाराव ने यह भी कहा कि अमेरिका के भारतीय निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क से सबसे महत्वपूर्ण विदेशी बाजार अमेरिका में भारतीय वस्तुओं की लागत बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर मेक इन इंडिया को भारत की जरूरतों के अनुसार सब कुछ बनाने में बदला जाता है, तो हम चीन से निवेश आकर्षित करने का मौका गंवा देंगे। सुब्बाराव ने कहा कि शुल्क हमें याद दिलाते हैं कि खुलापन सतत विकास का मार्ग है न कि अलग-थलग होकर रहना। मेक इन इंडिया की सफलता प्रतिस्पर्धा पर निर्भर करती है, संरक्षणवाद पर नहीं। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में आत्मनिर्भर भारत, एक आकांक्षा की बात दोहरायी थी। इसका अर्थ रक्षा और ऊर्जा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में रणनीतिक आत्मनिर्भरता होना चाहिए, न कि पूर्ण आत्मनिर्भरता। मेक इन इंडिया की परिकल्पना देश को एक निर्यात-आधारित विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए की गई थी। इसका मतलब था कि भारत में निर्माण, न केवल देश के लिए, बल्कि दुनिया के लिए है। दंडात्मक अमेरिकी शुल्क हमारे सबसे महत्वपूर्ण विदेशी बाजार में भारतीय वस्तुओं की लागत बढ़ाकर इस महत्वाकांक्षा को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी चीन प्लस-1 रणनीति में चीन के विकल्प के रूप में देखने वाले निवेशक ऐसे भारत में निवेश करने से हिचकिचाएंगे, जिस पर एशिया में सबसे अधिक शुल्क लगे हैं।

बदलाव के अगले 100-दिन के एजेंडे पर काम जारी: गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि उनका मंत्रालय देश की आर्थिक वृद्धि को और तेज करने के लिए बदलाव के अगले 100-दिवसीय एजेंडा पर काम कर रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार कारोबार सुगमता और जीवन सुगमता को बढ़ावा देने के लिए कदम उठा रही है। उन्होंने एक कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये संबोधित करते हुए कहा कि आज सुबह मेरी एक बैठक हुई, जिसमें हम बदलाव के अगले 100 दिन के एजेंडा पर चर्चा कर रहे थे, और हमने सामूहिक रूप से संकल्प लिया है कि अगले 100 दिन में हम 15 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए आह्वान का पालन करेंगे। प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से अपने भाषण में भारत को तेज गति से आगे ले जाने और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान किया था। गोयल ने आगे कहा कि सरकार देश के कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने के लिए प्रक्रियाओं में सुधार पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि हम अपने नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाना चाहते हैं, जहां हम सभी नियामकीय बोझ को हटाकर, अनुपालन को कम करके, उद्योग जगत को निडर होकर निवेश करने के लिए कारोबार सुगमता पर ध्यान दे रहे हैं। हम दुनिया के विभिन्न हिस्सों के साथ लाभकारी गठबंधन बना रहे हैं। भारत ने संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया, मॉरीशस, चार देशों के समूह ईएफटीए और ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं।

वॉशर-ड्रायर कॉम्बो की मांग में लगातार वृद्धि

नई दिल्ली। सैमसंग ने पूरे सीजन वॉशर-ड्रायर कॉम्बो की मांग में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की है। इस रुझान के पीछे स्मार्ट, जगह बचाने वाले और बहुउपयोगी लॉन्ड्री उपकरणों के प्रति उपभोक्ताओं की बढ़ती दिलचस्पी है। सैमसंग के हालिया उपभोक्ता अध्ययन में पता चला कि वॉशर-ड्रायर की मांग मौसम की परवाह किए बिना बढ़ रही है। प्रदूषण और धूल-मिट्टी के कारण कपड़ों पर जमने वाले कीटाणुओं से बचाव, कपड़े बाहर सुखाने की मेहनत से छुटकारा और ड्रायर की समान रूप से फैली गर्मी से दुर्गंध व बैक्टीरिया से मुक्त साफ कपड़े—ये सभी वजहें उपभोक्ताओं की पसंद को प्रभावित कर रही हैं। अनिश्चित मानसून, शहरी इलाकों में बढ़ती नमी और कपड़े सुखाने की जगह में कमी ने पारंपरिक लॉन्ड्री तरीकों को चुनौतीपूर्ण बना दिया है। खासकर युवा परिवार और मिलेनियल होमओनर्स अब ऐसे समाधान चाहते हैं जो तेजी से सुखाने, बड़ी क्षमता और कम मेहनत की सुविधा दें।

पेज एक का शेष

भारत-चीन

परस्पर सम्मान, परस्पर संवेदनशीलता और परस्पर हित - से निर्देशित होना होगा। विभिन्नताएं विवाद का कारण नहीं बननी चाहिए, और प्रतिस्पर्धा टकराव में नहीं बदलनी चाहिए। चीनी विदेश मंत्री मुख्य रूप से सीमा मुद्दे को लेकर विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) की अगली दौर की वार्ता के लिए भारत की यात्रा पर आए हैं। वांग और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल सीमा वार्ता के लिए नामित विशेष प्रतिनिधि हैं।

पुतिन ने मोदी

के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है और इस संबंध में सभी प्रयासों का समर्थन करता है। मैं आने वाले दिनों में हमारे निरंतर आदान-प्रदान के लिए तत्पर हूं।

अब 24

फॉरेंसिक विज्ञान का बेहतर उपयोग है। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में केवल चार फॉरेंसिक लैब थीं, जिनकी स्थिति भी ठीक नहीं थी। वही वर्तमान में अब तक 12 नई लैब्स तैयार की जा चुकी हैं और छह अन्य निमार्णाधीन हैं। वहीं 75 जनपदों में फॉरेंसिक साक्ष्य को एकत्र करने के लिए मोबाइल फॉरेंसिक यूनिट्स उपलब्ध करवाई जा रही है। प्रदेश में साइबर अपराधों से निपटने के लिए सभी 75 जनपदों में साइबर थाने की स्थापना की गई है, और 1587 थानों में साइबर हेल्प डेस्क भी स्थापित किए गए हैं। यहां मास्टर ट्रेनर के जरिये मामलों का निस्तारण किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2017 के बाद से हर अपराध में फॉरेंसिक साक्ष्य को अनिवार्य कर दिया गया है। जुलाई 2024 से सभी 7 वर्ष से ऊपर के अपराधों में फॉरेंसिक साक्ष्य प्राप्त करना अनिवार्य है। वहीं साइबर अपराधों के लिए यूपी पुलिस ने एक मजबूत कदम उठाये हैं। सीएम ने कहा कि साइबर अपराध को रोकने के लिए साइबर मुख्यालय की स्थापना की दिशा में कदम आगे बढ़ाया गया है। महाकुंभ के आयोजन में भी टेक्नोलॉजी का बेहतरीन उपयोग किया गया था, जिसकी सफलता ने इसे एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि अब यूपी पुलिस अपनी कार्यशैली में सुधार कर चुकी है और किसी भी अपराधी को कानून से बचने का कोई मौका नहीं मिलता है। यह केवल पुलिस बल की कड़ी मेहनत और स्मार्ट तकनीकी उपायों का परिणाम है। सीएम ने पुलिस बल को आधुनिक प्रौद्योगिकियों के साथ अपने आप को अपडेट करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि वे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और तकनीकी रूप से सक्षम समाज बना सकें। सरकार का यह प्रयास है कि देश की सबसे बड़ी यूपी पुलिस की ताकत को आधुनिक बनाने है, जो लगातार जारी रहेगा। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश पुलिस को आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना होगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां हमें गर्व से याद कर सकें। उन्होंने कहा कि सेमिनार वर्तमान की चुनौतियों से निपटने के लिए समाज को तैयार करेगा और भविष्य में यूपी पुलिस को और भी बेहतर बनाएगा। इस अवसर पर डीजीपी राजीव कृष्ण, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव आईटी एंड इलेक्ट्रानिक अनुराग यादव, एडिशनल सेक्रेटरी आईटी भारत सरकार अभिषेक सिंह, एडीजी टेक्निकल नवीन अरोड़ा, उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फारेंसिक साइंसेज के निदेशक जीके गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

हृदय रोग से

थी। ऐसे में सलोनी हार्ट सेंटर प्रदेश की एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व शुभारंभ किए गए इस सेंटर में अब तक 300 से अधिक बच्चों की हार्ट सर्जरी सफलतापूर्वक हो चुकी है। हार्ट सेंटर का पहला चरण पूर्णतः क्रियाशील है, जबकि दूसरे चरण का कार्य तेजी से प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने सलोनी हार्ट फाउंडेशन की संचालक दंपति मिली सेठ एवं हिमांशु सेठ के प्रयासों की सराहना की, साथ ही एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सलोनी हार्ट सेंटर प्रदेश के हजारों परिवारों के जीवन में नई उम्मीद का संचार कर रहा है। यह पहल 2023 के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का प्रत्यक्ष सुफल है और बच्चों के जीवन की रक्षा में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि उत्तर प्रदेश ने पूर्व में इंसेफेलाइटिस जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है और अब बच्चों के हृदय रोगों के उपचार में भी ठोस प्रगति हो रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एसबीआई फाउंडेशन का यह सहयोग सलोनी हार्ट सेंटर को और अधिक क्षमता सम्पन्न बनाएगा और आने वाले समय में बच्चों के जीवन की रक्षा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। इस अवसर पर एसजीपीजीआई के निदेशक डॉ. आर.के. धीमन ने मुख्यमंत्री को हार्ट सेंटर की स्थापना से लेकर अब तक की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी भी दी।

एसआईआर के

और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में, विपक्षी दलों के सदस्यों ने वोट चोर, गद्दी छोड़ और वोट चोरी बंद करो के नारे लगाए। प्रदर्शन कर रहे सदस्यों ने वोट चोरी बंद करो लिखा एक बड़ा बैनर हाथों में पकड़ा हुआ था और पोस्टर लिए हुए थे जिस पर एसआईआर बंद करो लिखा था। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, राजद, समाजवादी पार्टी और वामपंथी दलों के नेता संसद के मकर द्वार के ठीक बाहर पोस्टर और बैनर लिए देखे गए। समाजवादी पार्टी के कुछ सदस्यों ने अपने नेता अखिलेश यादव द्वारा निर्वाचन आयोग को दिए गए हलफनामे की प्रतियां भी दिखायीं, जिसमें उन्होंने आयोग पर पिछड़े समुदायों के मतदाताओं के नाम हटाने का आरोप लगाया है। खरगे ने विपक्ष के प्रदर्शन का एक वीडियो एक्स पर साझा करते हुए लिखा, भारत निर्वाचन आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्य से विमुख होकर राजनीतिक दलों के वास्तविक प्रश्नों से बच नहीं सकता। मतदान का अधिकार भारत के संविधान द्वारा हमें दिया गया सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है। इंडिया गठबंधन लोकतंत्र का गला घोंटने के किसी भी प्रयास का विरोध करेगा। खरगे ने बाद में राज्यसभा में एसआईआर का मुद्दा उठाने का प्रयास किया लेकिन उन्हें आसन से इसकी अनुमति नहीं मिली। उन्होंने बाद में एक पोस्ट में कहा, वोट देने का अधिकार हमें संविधान ने दिया है और इसे छीनने का अधिकार किसी को नहीं है। निर्वाचन आयोग हमें डरा-धमका रहा है, लेकिन हम उनकी धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। हम लोकतंत्र के लिए लड़ते रहेंगे। इस बीच अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए मौर्य, पाल, बघेल और राठौड़ समुदायों सहित कई पिछड़े समूहों के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, सच्चाई यह है कि उनके वोट काटे जा रहे हैं। सपा ने पहले भी यह मुद्दा उठाया था, लेकिन यह समझना जरूरी है कि ऐसा जानबूझकर पिछड़े वर्गों के वोट काटने के लिए किया जा रहा है, जबकि यह दिखाया जा रहा है कि ये वोट कहीं और जा रहे हैं। यादव ने दावा किया कि उनकी पार्टी ने उन निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान कर ली है जहां वे मामूली अंतर से हारे थे और जहां मतदाताओं के नाम हटाए जाने की भूमिका थी।

यूपी : सड़क

वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और उसका बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी अनिल पांडेय ने बताया कि यह दुर्घटना अलीनगर थानाक्षेत्र के मानस नगर के पास कल रात करीब 12.50 बजे हुई, जब नसीरपट्टन गांव निवासी श्यामधर (35) अपने भाई रामसुधार यादव (45) को एक मोटरसाइकिल पर बैठाकर रेलवे स्टेशन ले जा रहे थे। गलत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप ट्रक के चालक ने कथित तौर पर वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया जिससे वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और इससे दोनों भाई सड़क किनारे एक नाले में गिर गए। स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें बाहर निकाला लेकिन श्यामधर की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि वहीं रामसुधार के पैर में फ्रैक्चर हो गया और उन्हें वाराणसी के काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया।

उत्तराखंड

विपक्ष दोनों के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। ऐसे में सैकड़ों विधायक, अधिकारी, कर्मचारी और सुरक्षा बलों की मौजूदगी में प्राकृतिक परिस्थितियां सत्र को प्रभावित कर सकती हैं। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने कहा कि गैरसैंण सत्र के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विधानसभा को डिजिटल सुविधाओं से लैस किया गया है और आईआईटी रुड़की की मदद से ध्वनि व्यवस्था में सुधार किया गया है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या ने कहा कि सरकार ने गैरसैंण में सत्र कराने का निर्णय लिया है तो उसे किसी भी हालत में बदला नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारी बारिश और आपदा का हवाला देकर भराड़ीसैंण से सत्र हटाना स्वीकार नहीं होगा। प्रदेश आपदा से त्रस्त है और हम प्रभावित जनता की आवाज सदन में जरूर उठाएंगे।

भारी बारिश से

बारिश के कारण दृश्यता कम होने से वाहनों की गति धीमी पड़ गई। आईएमडी ने अपने ताजा बुलेटिन में मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिलों में अगले दो दिनों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे समाप्त हुए 24 घंटे की अवधि में उ

सभी को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अमरजीत सिंह खैरा (अध्यक्ष)
सतेन्दर पाल सिंह (सचिव)
इन्द्रजीत सिंह गिल (कोषाध्यक्ष)
खजुरिया गौरीफन्टा एवं दुधवा लखीमपुर बस आपरेटर्स एसोशिएशन पलिया कलाँ (खीरी)

क्षेत्र एवं जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव
तहसील अधिवक्ता संघ
निघासन-खीरी।

त्रिभुवन लाल यादव
समस्त कार्यकारिणी सदस्य

सभी जनपद एवं क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉक्टर संदीप कुमार
एच आर मेमोरियल हॉस्पिटल स्टेशन रोड उचौलियां खीरी

सभी को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
पलिया बस आपरेटर्स एसोशिएशन पलिया कलां (खीरी)
अमरजीत सिंह खैरा (अध्यक्ष)
सतेन्दर पाल सिंह (सचिव)
इन्द्रजीत सिंह गिल (कोषाध्यक्ष)



सभी जनपद एवं क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिता देवी
ग्राम प्रधान
सुधीर कुमार
ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत मझरा, विकास खंड नकहा, जिला लखीमपुर खीरी

सभी जनपद एवं क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कुंती सिंह
ग्राम प्रधान
हरिवंश लाल
ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत चाउपुर, विकास खंड नकहा, जिला लखीमपुर खीरी

सभी जनपद एवं क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मंजू
ग्राम प्रधान
सुधीर कुमार
ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत सरसवा, विकास खंड नकहा, जिला लखीमपुर खीरी

सभी जनपद एवं क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार
ग्राम प्रधान
आशुतोष कुमार
ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत खानीपुर, विकास खंड नकहा, जिला लखीमपुर खीरी

सभी जनपद एवं क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉक्टर एम पी सिंह
संचालक

स्वतंत्रता दिवस-2025 पर
शिक्षकों-अभिभावकों एवं
छात्र-छात्राओं को
हार्दिक शुभकामनाएं
डी.एल. भार्गव (प्रधानाचार्य)
राजेश भारतीय (प्रबंधक)
बलदेव वैदिक विद्यालय इंटर कॉलेज
पलिया कलां (खीरी)

स्वच्छ मोहम्मदी। क्लीन मोहम्मदी। — स्वस्थ मोहम्मदी। ग्रीन मोहम्मदी।

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के पावन पर्व पर
नगर पालिका परिषद, मोहम्मदी खीरी

अपने नगरवासियों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए अपेक्षा करती है कि-

1. कूड़े को निर्धारित स्थल पर ही डालें, नाला / नालियों / खुले स्थान पर / सड़कों पर कूड़ा न डालें।
2. सूखे एवं गीले कूड़े को अलग-अलग करके नगर पालिका कर्मचारी को दें / वाहन में डालें ।
3. सार्वजनिक सड़कों / स्थलों / नालों / नालियों पर अतिक्रमण / प्रक्षेपण न करें।
4. बकाया करों का भुगतान समय से करें ।
5. मानचित्र की स्वीकृति कराने के उपरान्त भवन का निर्माण करायें ।
6. जल बहुमूल्य है, इसका दुरूपयोग न करें, टोटी को खुला न छोडें ।
7. वृक्षारोपण कर वातावरण को शुद्ध बनायें रखने में सहयोग करें।
8. जन्म-मृत्यु का पंजीयन समय से अवश्य करायें।
9. संक्रामक रोगों के बचाव हेतु छतों/गमलों/कूलर आदि में पानी जमा न होने दें, नियमित सफाई रखें।
10. सी.एम. युवा योजना का लाभ उठाएं।

यह नगर आपका है, इसको स्वच्छ रखने में पूरा सहयोग दें-

जे.पी. मौर्य
अधिशासी अधिकारी

समस्त सभासद एवं कर्मचारी गण

संदीप मेहरोत्रा 'कन्हैया'
अध्यक्ष

कार्यालय नगरपालिका परिषद हाटा, कुशीनगर

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों एवं नगरवासियों
को नगर पालिका परिषद हाटा की तरफ से
हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं
न रहे गंदगी, न खुले में शौच, स्वच्छ होगा भारत, स्वस्थ होगें सब लोंग
"मेरा नगर साफ हो, इसमें हम सब का हाथ हो" मिलकर स्वच्छ नगर, स्वस्थ भारत बनाने में सहयोग करें-

1. नगर के समस्त दुकानदार भाईयों, ठेला, फेरी विक्रेता एवं सभी हाटा में निवास कर रहे सम्मानित जनता से अनुरोध है कि नगर को स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत नगर में कूड़ेदान एवं नगर पालिका की गाड़ी का प्रयोग करें।
2. सभी प्रकार के प्लास्टिक, थर्माकोल के बैग, गिलास, प्लेट, थाली आदि प्रतिबन्धित कर दिये गये है, इसका विक्रय व उपयोग वर्जित है।
3. बिना नक्शा स्वीकृत कराये भवन निर्माण न कराये तथा किसी भी दशा में सड़क की पटरी/ नाली/ सड़क अथवा अन्य सार्वजनिक स्थल पर अतिक्रमण न करे। यह संज्ञेय अपराध है।
4. नगर के सभी बुजुर्गो, भाईयों, माताओं एवं बहनों से अनुरोध है कि शौचालय का प्रयोग करें।
5. नगर पालिका के डोर टू डोर कूड़ा संग्रह कार्यक्रम में पूरा सहयोग करें।

रामानन्द सिंह
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद हाटा

श्रीमती मीनू सिंह
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद हाटा

वैभव मिश्र
अपर जिलाधिकारी
(वि./रा. कुशीनगर)

महेन्द्र सिंह तंवर
जिलाधिकारी
कुशीनगर

समस्त सभासदगण

पत्रांक: मेमो/न.पा.प.हाटा/2025-26 दिनांक 11.08.2025

कार्यालय नगर पालिका परिषद पडरौना, जनपद-कुशीनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस एवं

रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

डा. राजेश वर्मा

सीएचसी अधीक्षक

सफीपुर, उन्नाव

स्वतंत्रता दिवस एवं

रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

आजाद हुसैन

समाजसेवी

गंजमुरादाबाद, उन्नाव